लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

फाल्गुन कृष्ण पक्ष, सप्तमी विक्रम संवत 2080

# अमृत विचार

वर्ष -2, अंक -207, पृष्ठ-16+4, मूल्यः- 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

अयोध्या, रविवार, 3 मार्च 2024




इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, हाथ से मिले हाथ तो आसां हो लड़ाई व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

आज का मौसम

25.0° अधिकतम तापमान | 15.0° न्यूनतम तापमान

आसमान में बादल, बारिश की संभावना, ठंडी हवा

सूर्योदय 06 : 30
सूर्यास्त 18 : 11



दिल्ली मेरे लिए दूसरा घर : आकांशा रंजन...... 13




## एक नजर

### अवैध बालू खनन में ट्रैक्टर-ट्राली सीज

**ललिया, बलरामपुर, अमृत विचार :** खनन निरीक्षक व ललिया पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा अवैध बालू खनन में लिप्त ट्रैक्टर ट्राली बरामद कर विधिक कार्रवाई करते हुए वाहन को सीज किया गया है। खनन निरीक्षक ईश्वरचंद्र ने बताया कि मुखबिर के सूचना पर ललिया पुलिस को साथ लेकर लैबुडवा गांव के पास स्थित पहाड़ी नाले में शुक्रवार भोर छापेमारी की गयी थी जिसमें एक टैक्ट्रर पर झांगे में बालू भरा जा रहा था। टीम को देखकर मजदूर भाग निकले। टैक्ट्रर के साथ मिले अजय वर्मा निवासी लैबुडवा वाहन से सम्बंधित से कोई वैध कागजात नही दिखा सके। इस सम्बन्ध में ललिया थाना निरीक्षक मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि पकड़ी गयी झांगा में बालू भरा टैक्ट्रर को थाने पर लाकर सीज किया गया है।

### शैक्षिक भ्रमण में छात्रों को दी गयी जानकारी

**बलरामपुर, अमृत विचार :** कृषक राष्ट्रीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरदौरी श्रीदत्तगंज के बच्चों का शैक्षिक भ्रमण दल भारत नेपाल सीमा पर स्थित सोहेलवा जंगल की खूबसूरत वादियों में पहुंचा और जंगल के सीमावर्ती क्षेत्र की गतिविधियों के बारे में जानकारी हासिल की। शैक्षिक भ्रमण दल में शामिल बच्चों ने अंतर्राष्ट्रीय सीमा पार कर नेपाल के कोयलाबास का भी भ्रमण किया। सोहेलवा वन्यजीव अभयारण्य की सुरम्य वादियों के बीच स्थित भगवानपुर जलाशय का भी बच्चों ने भ्रमण किया। प्रवासी पक्षियों के बारे में जानकारी हासिल की। जंगल से सटे भगवानपुर जलाशय के निर्माण के उद्देश्य के बारे में भी बच्चे को जानकारी दी गई। शैक्षिक भ्रमण दल का नेतृत्व विद्यालय के प्रधानाचार्य विकास चंद्र सिंह ने किया।

# अन्नपूर्णा भवनों से जेनरिक दवाएं भी मिलेंगी, बनेंगे जरूरी प्रमाण पत्र

## 79,000 उचित दर दुकानों पर ई-पॉस मशीनों से खाद्यान्न वितरण की शुरुआत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** अब अन्नपूर्णा भवनों से जेनरिक दवाएं भी मिलेंगी। लोगों को जरूरी प्रमाण पत्र उपलब्ध कराये जाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को लोकभवन में खाद्य रसद विभाग और ग्राम्य विकास विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में 1,100 अन्नपूर्णा भवनों का लोकार्पण किया, साथ ही, 79,000 उचित दर दुकानों पर ई-वेइंग स्केल लिंक्ड ई-पॉस मशीनों के माध्यम से खाद्यान्न वितरण की शुरुआत की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि बिना भेदभाव सुशासन का मॉडल ही रामराज है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी कार्यों में अधिकाधिक टेक्नोलॉजी के उपयोग से आम लोगों की जिंदगी में तेजी से बदलाव आया है। जीवन के हर क्षेत्र में सुधार से न केवल पारदर्शिता बढ़ी है बल्कि भ्रष्टाचार भी समाप्ति की ओर है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनप्रतिनिधियों के सतत प्रयास से हर गरीब को खाद्यान उपलब्ध कराने में हम सफल हुए हैं। 2014 से पहले जरूरतमंदों को राशन नहीं मिल पाता था। उनके नाम पर राशन कार्ड तो होता था, मगर राशन कोई और ही डकार जाता था।

**कोटेदार के बदलने पर भी राशन की दुकानें नहीं बदलेंगी:** मुख्यमंत्री ने लोकार्पित हुए 1100 अन्नपूर्णा भवनों के बारे में बताते हुए कहा कि अब राशन कोटे के लिए अन्नपूर्णा भवन स्थाई भवन हो गए हैं। अब कोटेदार के बदलने पर भी राशन की दुकानें नहीं बदलेंगी। राशन के साथ ही अन्नपूर्णा भवनों से घर की अन्य आवश्यक वस्तुओं की भी पूर्ति की जाएगी। यहीं पर कॉमन सर्विस सेंटर भी होगा, जहां से जन्म, मृत्यु, आय, जाति प्रमाणपत्र जैसी सुविधाएं भी मिलेंगी। आज 11 सौ दुकानें से इसकी शुरुआत हो रही है, शीघ्र ही प्रदेश के 80 हजार राशन कोटे की दुकानों के लिए ये व्यवस्था हो जाएगी।



लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में उचित दर विक्रेता को अन्नपूर्णा भवन की प्रतीकात्मक चाबी सौंपते मुख्यमंत्री योगी व अन्य। अमृत विचार

▶▶ **1,100 अन्नपूर्णा भवनों का मुख्यमंत्री ने किया लोकार्पण**

### सीएम ने सौंपी अन्नपूर्णा भवन की प्रतीकात्मक चाबी

मुख्यमंत्री ने प्रदेश के 10 उचित दर विक्रेताओं को अन्नपूर्णा भवन की प्रतीकात्मक चाबी सौंपी। इसमें लखनऊ से जगलाल, रायबरेली के अशोक कुमार और धीरेन्द्र विक्रम, बाराबंकी की रेखा देवी और पुष्पा देवी, उन्नाव के लोकई प्रसाद और मालती देवी, हरदोई से अंजनी कुमार और जितेन्द्र, सीतापुर मोहम्मद नियाज खान को अन्नपूर्णा भवन की प्रतीकात्मक चाबी सौंपी गई। लाभार्थियों को राशन किट भी उपलब्ध कराया।

### टेक्नोलॉजी के जरिए दूर होगी पैमाइश की समस्या

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार बहुत शीघ्र कुछ और बहुत बड़े कदम उठाने जा रही है। हर राशन कार्ड के आधार सीडिंग का कार्य चल रहा है। हर व्यक्ति की फैमिली आईडी तैयार हो रही है, जिससे एक जगह बैठे-बैठे तय हो जाएगा कि किसे कौन सी सुविधा मिली है या कौन सी सुविधा देनी है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि बहुत जल्द प्रदेश की जनता को अपने राजस्व के कागजातों को देखने के लिए तहसील के चक्कर नहीं लगाने होंगे। एक जगह से ही उन्हें अपने सभी दस्तावेज प्राप्त हो जाएंगे। इस सुविधा को आगे वरासत की प्रक्रिया के साथ भी जोड़ा जाएगा, यही नहीं पैमाइश की समस्या को भी टेक्नोलॉजी के माध्यम से हमेशा के लिए खत्म कर दिया जाएगा।

## दो उच्च अधिकारियों में अधिकारों को लेकर छिड़ी जंग

**लखनऊ, अमृत विचार:** स्वास्थ्य भवन में चिकित्सा संवर्ग के महानिदेशक प्रशिक्षण और आईएएस संवर्ग के निदेशक प्रशासन में अधिकारों को लेकर छिड़ी जंग चर्चा का विषय बन गई है। महानिदेशक प्रशिक्षण ने स्वयं के अनुमोदन के बाद ही कार्य होने के निर्देश दिये हैं, वहीं निदेशक प्रशासन ( राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान उप्र.) ने दिसम्बर 2001 के शासनादेश का हवाला देते हुए कहा कि उन्हें सभी अधिकार प्राप्त हैं। महानिदेशक के पत्र से विभागीय कार्य प्रभावित हो रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग में महानिदेशक प्रशिक्षण डॉ.नरेन्द्र अग्रवाल और निदेशक प्रशासन डॉ.राजा गणपति मे अधिकार क्षेत्र को लेकर टकराव शुरू हो गया है। महानिदेशक प्रशिक्षण ने गत 22 फरवरी को 14 सितंबर 2021 के शासनादेश का हवाला देते हुए निदेशक प्रशासन को पत्र लिखा है, जिसमें उन्हें निर्देशित किया है कि विभाग के कार्य उनके अनुमोदन के बाद संचालित किए जाय। जवाब में 23 फरवरी को निदेशक प्रशासन डॉ.राजा गणपति ने स्पष्ट किया कि उन्हें 10 दिसम्बर 2021 को जारी शासनादेश के अनुसार उनके आदेश का अनुपालन उनकी बाध्यता नहीं है। मालूम हो कि महानिदेशक प्रशिक्षण स्वास्थ्य विभाग में स्वास्थ्य महानिदेशक और महानिदेशक परिवार कल्याण के बाद तीसरा महत्वपूर्ण पद है। महानिदेशक प्रशिक्षण के पास विभाग में पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों के प्रशिक्षण के साथ ही चिकित्सकों के विभिन्न विषयों को लेकर प्रशिक्षण आदि की जिम्मेदारी रहती है।

## सार-संक्षेप

### छात्रों के विकास को शिक्षक-अभिभावक बैठक आवश्यक



एमएलके महाविद्यालय में आयोजित बैठक में शामिल शिक्षक, अभिभावक व छात्र।

**बलरामपुर, अमृत विचार :** एमएलके महाविद्यालय प्राचार्य प्रो जेपी पांडे के निर्देशन में जूलॉजी की स्नातक यूजी व स्नातकोत्तर पीजी कक्षाओं के लिए अभिभावक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। जूलॉजी विभाग के प्रमुख प्रो. अशोक कुमार के मार्गदर्शन में यह पहल की गई थी, ताकि छात्रों के संकाय व माता-पिता व अभिभावकों के बीच बेहतर संचार और समझ को बढ़ावा दिया जा सके। पीटीएम ने माता पिता के लिए अपने बच्चे की शैक्षणिक प्रगति, प्रदर्शन और समग्र कल्याण के बारे में संकाय के साथ सार्थक चर्चा में संलग्न होने के लिए एक मंच के रूप में कार्य किया। इसने दोनों पक्षों को मूल्यवान प्रतिक्रिया और अंतर्दृष्टि का आदान प्रदान करने का अवसर प्रदान किया, जो छात्रों के समग्र विकास के लिए आवश्यक हैं। बैठक के दौरान, जूलॉजी विभाग के संकाय सदस्य डॉ. आकांक्षा त्रिपाठी, डॉ. आरबी त्रिपाठी, डॉ. अल्पना परमार व आशा केसी ने माता पिता द्वारा उठाई गई विभिन्न चिंताओं को संबोधित किया और पाठ्यक्रम, शिक्षण पद्धति व मूल्यांकन मानदंडों में विस्तृत जानकारी प्रदान की। इसके अलावा, पीटीएम ने जूलॉजी के छात्रों के लिए उपलब्ध पाठ्येतर गतिविधियों, अनुसंधान के अवसरों और कैरियर की संभावनाओं पर चर्चा की। पीटीएम के दौरान सकारात्मक और रचनात्मक बातचीत ने छात्रों की शैक्षणिक सफलता और व्यक्तिगत विकास के प्रति संकाय और माता-पिता दोनों की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। इस तरह के सहयोगी प्रयास सीखने व विकास के लिए अनुकूल सहायक और पोषण वातावरण बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### राष्ट्रहित में मतदान कर राष्ट्र को मजबूत बनाएं : कैलाशनाथ

**महराजगंज तराई, बलरामपुर, अमृत विचार :** भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा शिवपुरा मथुरा की ओर से युवा मोर्चा चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला रहे। उन्होंने युवाओं से लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान करने के लिए अपील करके नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प दिलाया। विधायक ने कहा कि युवा ही देश की तरक्की में अपना अहम योगदान देते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा गरीब पिछड़े दलितो के हितों को ध्यान में रखकर काम करती है। पीएम मोदी के नेतृत्व में देश विकसित देश से विकासशील के पथ पर है। लोकेश प्रताप सिंह मोनू ने कहा कि युवा ही देश आगे बढ़ाने में अहम योगदान देंगे। राष्ट्रहित में मतदान करके भाजपा व राष्ट्र को मजबूत बनाएं। केंद्र की सरकार ने गरीबों पिछड़ों को उनका पहचान दिया है। सभी युवा चौपाल कार्यक्रम से संकल्प लेकर जाएं की राष्ट्र की मजबूती के लिए मतदान जरूर करेंगे। इस मौके पर भाजपा मथुरा मंडल अध्यक्ष विपुल मिश्रा, मंडल महामंत्री प्रवेश कुमार मिश्रा, जनार्दन मिश्रा, भारत शुक्ला, डीपी राना सहित तमाम युवा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 22 स्थानों पर लगाई जाएगी पेटिका

बलरामपुर

**अमृत विचार:** आजादी के 100 वर्ष तक भारत को पूर्ण रूप से विकसित करने के लिए आमजन का सहयोग व सुझाव जरूरी है। विकसित भारत मुहिम को पूरा करने और सभी का सुझाव लेने के लिए भारतीय जनता पार्टी की तरफ से विकसित भारत संकल्प पत्र पेटिका लांच की गयी है। सभी का सुझाव लेकर इस पत्र पेटिका को सीधा प्रधानमंत्री के पास भेजा जाएगा। यह अभियान आठ मार्च तक चलाया जाएगा। यह बातें भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय अटल भवन में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने कही। उन्होंने बताया कि जिले के 22 स्थानों पर विकसित भारत संकल्प पत्र पेटिका लगाई जाएगी। इसके अलावा नमो ऐप पर कोई भी व्यक्ति सीधा अपना सुझाव भेज सकता है। सदर विधायक पल्टूराम व तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में देश और प्रदेश तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर है। जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी व भाजपा अवध क्षेत्र के सह संयोजक विनय कुमार मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अर्थव्यवस्था तेजी से सुधर रही है। इस अवसर पर जिपं अध्यक्ष प्रतिनिधि श्याम मनोहर तिवारी, नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष अनूप गुप्ता, अजय सिंह पिंकू, वरूण सिंह मोनू, बृजेंद्र तिवारी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ललिता तिवारी, राम करन मिश्र, अवधेश, राम प्रताप सिंह आदि थे।



प्रेसवार्ता में शामिल भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह, सदर विधायक पल्टूराम, तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ल व अन्य। अमृत विचार

## बच्चों को दें संस्कारों की शिक्षा : सांसद

**मगहर, संतकबीरनगर :** शनिवार को अमर शहीद राम प्रताप सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित वार्षिकोत्सव समारोह में बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय सांसद ई. प्रवीण निषाद ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बच्चों को गुणवत्तापरक व संस्कारित शिक्षा देने की पहल होनी चाहिये। जिससे शिक्षा को ग्रहण करने के बाद बच्चे समाज में अपनी एक अलग पहचान स्थापित कर सकें।शिक्षा नौकरी पाने की सोच के साथ ही समाज की दिशा और दशा को बदलने के लिए अवश्य होना चाहिये। उन्होंने नगर वासियों को आश्वस्त किया कि शीघ्र ही मगहर स्टेशन पर मेल एक्सप्रेस के ठहराव सहित अन्य सुविधाओं से स्टेशन लैस होगा। पूर्व चेयरमैन अश्विनी गुप्ता ने कहा कि नगर के विकास के लिए सूती मिल को चालू किया जाना आवश्यक है।जिससे क्षेत्र के लोगों को रोजगार मिल सके।

# समाधान दिवस में 167 मामलों में से 13 निस्तारित

संतकबीरनगर

**अमृत विचार :** माह के प्रथम शनिवार को जिले की तीनों तहसील मुख्यालयों पर सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस दौरान कुल 167 फरियादियों ने अधिकारियों के समक्ष अपनी समस्याएं प्रस्तुत किया। जिनमें से महज 13 मामलों का ही मौके पर नव निस्तारण कराया जा सका। शेष मामलों के निस्तारण के लिए अधिकारियों की टीमें गठित कर दी गई हैं। जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर ने धनघटा तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण के लिए राजस्व विभाग सहित अन्य सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जनसामान्य की शिकायतों को एक-एक कर सुनते हुए जिलाधिकारी ने शिकायतों से सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को मौके पर बुला कर तत्काल निस्तारित करने अथवा भूमि विवाद व अन्य किसी विवाद की स्थिति में शिकायतकर्ता सहित सभी पक्षों की उपस्थिति में मौके का स्थलीय निरीक्षण कर निस्तारण के निर्देश दिये। धनघटा तहसील में 54 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। 2 का निस्तारण कर शेष को सम्बंधित अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए जिलाधिकारी ने एक सप्ताह के अन्दर गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिये। तहसील खलीलाबाद में कुल 55 प्रार्थना पत्र आए। जिन्हें सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को हस्थातंरित करते हुए निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण कराए जाने का निर्देश दिया।

# सांसद ने किया अन्नपूर्णा भवन का लोकार्पण

संतकबीरनगर

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को लोकभवन सभागार लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रदेश में नवनिर्मित 1100 अन्नपूर्णा भवनों (मॉडल उचित दर दुकानों) का वर्चुअल तरीके से लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने 79 हजार उचित दर दूकानों पर ई-वेइंग स्केल लिंक्ड ई-पॉस मशीनों के माध्यम से खाद्यान्न वितरण का शुभारम्भ भी किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी ने प्रदेश के विभिन्न जनपदों से 10 उचित दर विक्रेताओं को अन्नपूर्णा भवन की प्रतीकात्मक चाबी भी सौंपी।

इसी क्रम में सांसद प्रवीण निषाद ने जनपद के खलीलाबाद विकास खण्ड अन्तर्गत ग्राम पंचायत बरईपार पैठान में आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर सांसद ने ई-वेइंग स्केल लिंक्ड ई-पॉस मशीन के माध्यम से खाद्यान्न वितरण का शुभारम्भ कराया। कार्यक्रम के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लोक भवन लखनऊ से अन्नपूर्णा भवनों के लोकार्पण/ई-वेइंग स्केल लिंक्ड ई-पॉस मशीन के माध्यम से खाद्यान्न वितरण का शुभारम्भ कार्यक्रम को जन प्रतिनिधियों सहित अधिकारियों, कर्मचारियों और ग्रामीणों ने एलईडी वीडियो वैन के माध्यम से सजीव प्रसारण देखा और सुना।



# कार्यालय नगर निगम अयोध्या

पत्रांक 1100/न0नि0अयो0/2023 दिनांक 01.03.2024

**अल्पकालीन सामान्य निविदा सूचना**

| | |
|---|---|
| निविदा खरीदने की तिथि | दिनांक 06.03.2024 को प्रातः 10:30 बजे से अपरान्ह 04:00 बजे तक |
| निविदा बॉक्स में डालने की तिथि | दिनांक 07.03.2024 को प्रातः 11:00 बजे से अपरान्ह 02:00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि | दिनांक 07.03.2024 को अपरान्ह 02.30 बजे |

| क्रमांक | कार्य का नाम | स्वीकृत आगणन धनराशि जी0एस0टी0 सहित | स्वीकृत निविदा धनराशि जी0एस0टी0 सहित | जमानती धनराशि | निविदा मूल्य जी0एस0टी0 सहित | कार्य समाप्त करने की अवधि | मद का नाम | सक्षम स्तर से स्वीकृति तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | निषादराज वार्ड में मैहर माता मंदिर के पीछे सार्वजनिक शौचालय एवं दुर्गा माता मंदिर के पीछे सार्वजनिक शौचालय की मरम्मत का कार्य | 325491.27 | 275840.06 | 27600.00 | 413.00 | 30 दिन | एस0बी0एम0 / स्थानीय अपस्थापना निधि | 15.02.2024 |
| 2 | महात्मा गांधी वार्ड में जालपा नाला से हनुमान मन्दिर तक ह्यूम पाइप डालने का कार्य। | 770098.97 | 652626.25 | 65300.00 | 944.00 | 30 दिन | स्थानीय अवस्थापना / निगम निधि | 26.02.2024 |
| 3 | झारखण्डी वार्ड में रामपथ से शिव मन्दिर से होते हुए श्री वृजेन्द्र बहादुर सिंह एवं राकेश गौड के मकान के समीप छतिग्रस्त नाली एवं पुलिया की मरम्मत को कार्य। | 254974.00 | 216079.00 | 21700.00 | 354.00 | 30 दिन | स्थानीय अवस्थापना / निगम निधि | 26.02.2024 |
| 4 | लक्ष्मी सागर वार्ड के मोहल्ला मे पं0 कृष्ण कान्त के मकान से पवन मेडिकल स्टोर के निकट तक नाली मरम्मत एवं सी0सी0 द्वारा सड़क सुधार कार्य। | 382409.00 | 324075.66 | 32500.00 | 472.00 | 30 दिन | नगर निगम निधि | 06.02.2024 |
| 5 | आचार्य नरेन्द्र वार्ड में बाल्दा मे सार्वजनिक शौचालय की मरम्मत कार्य। | 343304.36 | 290935.90 | 29100.00 | 413.00 | 30 दिन | नगर निगम निधि | 24.02.2024 |
| 6 | ई-आटो चार्जिंग (देवकाली अण्डरपास के समीप) गाटा संख्या 607, 608 मे समतलीकरण हेतु मिट्टी भराई का कार्य। | 180894.00 | 153300.00 | 15400.00 | 236.00 | 30 दिन | स्थानीय अवस्थापना निधि | 24.02.2024 |
| 7 | आचार्य नरेन्द्रदेव वार्ड में कुजा मलिन बस्ती में सार्वजनिक शौचालय मरम्मत का कार्य। | 298859.27 | 253270.57 | 25400.00 | 354.00 | 30 दिन | स्थानीय अवस्थापना निधि | 22.02.2024 |
| 8 | विक्रमादित्य वार्ड में गोकुल पैलेस रामपथ से बब्लू सरदार के मकान तक एवं मिक्कू सिंह के मकान से गजल टेलर्स के मकान तक नाली का निर्माण कार्य। | 558849.00 | 473600.50 | 47400.00 | 708.00 | 30 दिन | स्थानीय अवस्थापना निधि | 24.02.2024 |
| 9 | अशफाक उल्ला खा वार्ड के अलगडा मोहल्ले में राजेन्द्र यादव के मकान से मिश्रा जी के मकान तक सिविल लाइन में ऋषि के घर के सामने नाली का निर्माण तथा बसंत हाता सिविल फार्मेसी मेडिकल पुलिस लाइन में विनोद सिंह रोडवेज कालोनी में विनय सिह के घर के पास क्रॉसिंग निर्माण कार्य। | 319648.00 | 270887.80 | 27100.00 | 413.00 | 30 दिन | स्थानीय अवस्थापना / निगम निधि | 24.02.2024 |
| 10 | सुनाषचन्द्र बोस वार्ड के मोहल्ला लाजपत नगर में अविनाश अवस्थी के मकान से शकर जी के मन्दिर तक नाली व डॉ राजेश, किसान गील स्टोर के पास क्रासिंग का निर्माण कार्य। | 162484.00 | 137698.00 | 13800.00 | 236.00 | 30 दिन | नगर निगम निधि | 22.02.2024 |
| 11 | राममनोहर लोहिया वार्ड के मोहल्ला शोलापुरी में अभिषेख श्रीवास्तव के मकान से एस0एस0बी0 इण्टरकालेज के गेट के आगे तक नाला निर्माण कार्य। | 957501.66 | 811442.09 | 81200.00 | 1180.00 | 30 दिन | स्थानीय अवस्थापना / निगम निधि | 11.12.2023 |
| 12 | राममनोहर लोहिया वार्ड के मोहल्ला शोलापुरी में बब्लू के मकान से रामपथ तक नाला निर्माण कार्य। | 996005.06 | 844072.09 | 84500.00 | 1180.00 | 30 दिन | स्थानीय अवस्थापना / निगम निधि | 11.12.2023 |
| 13 | मगल पाण्डेय वार्ड के चोक बाजार में कोतवाली के पीछे पेशावधर एव चौम्बर व नाली निर्माण कार्य। | 140643.00 | 119189.20 | 12000.00 | 177.00 | 30 दिन | स्थानीय अवस्थापना / निगम निधि | 17.02.2024 |
| 14 | शहीद अब्दुल हमीद वार्ड के कश्मीरी मोहल्ला में विजय शकर श्रीवास्तव के मकान से मस्जिद तक सी0सी0 सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 981286.99 | 831599.15 | 83200.00 | 1180.00 | 30 दिन | स्थानीय अवस्थापना / निगम निधि | 26.02.2024 |
| 15 | अश्वनीपुरम वार्ड के माहल्ला सरस्वतीपुरम में आकाश श्रीवास्तव के मकान से ज्ञानमति श्रीवास्तव के मकान तक एवं बेल के पेड़ तक इण्टरलाकिग रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 939825.33 | 796462.15 | 79700.00 | 1121.00 | 30 दिन | स्थानीय अवस्थापना / निगम निधि | 26.02.2024 |
| 16 | महात्मा गाधी वार्ड में गुरुकुल स्कूल से उदया चौराहा तक ह्यूम पाइप डालने का कार्य। | 789141.22 | 668763.75 | 66900.00 | 944.00 | 30 दिन | स्थानीय अवस्थापना / निगम निधि | 26.02.2024 |
| 17 | शहीद अब्दुल हमीद वार्ड के मोहल्ला राठहवेली में श्री रजा मंजिल के मकान से आश्रय हीन कालोनी तक सी0सी0 सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 935069.64 | 792431.90 | 79300.00 | 1121.00 | 30 दिन | स्थानीय अवस्थापना / निगम निधि | 26.02.2024 |
| 18 | कबीरनगर वार्ड के मोहल्ला ओमपुरम कालोनी में नीता देवी के मकान से अकित के मकान तक इण्टरलाकिग रोड व नाली निर्माण कार्य। | 376047.00 | 318683.66 | 31900.00 | 472.00 | 30 दिन | स्थानीय अवस्थापना निधि | 19.09.2023 |
| 19 | कबीरनगर वार्ड के मोहल्ला अंजनीपुरम में श्री हरिशंकर सिंह के मकान से श्री रामतेज के मकान तक नाली निर्माण कार्य। | 297675.00 | 252264.40 | 25300.00 | 354.00 | 30 दिन | स्थानीय अवस्थापना निधि | 19.09.2023 |

**नोट :- सामान्य निविदा सम्बन्धी नियम व शर्त पूर्ववत् रहेगी। किसी भी कार्य दिवस में विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।**

(राजवीर सिंह)
मुख्य अभियन्ता




इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, हाथ से मिले हाथ तो आसां हो लड़ाई व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

फाल्गुन कृष्ण पक्ष, सप्तमी विक्रम संवत 2080

# अमृत विचार

वर्ष -2, अंक -207, पृष्ठ -16+4, मूल्य: -6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार



आज का मौसम | 25.0° अधिकतम तापमान | 15.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में बादल, बारिश की संभावना, ठंडी हवा | सूर्योदय 06 : 30 सूर्यास्त 18 : 11

अयोध्या, रविवार, 3 मार्च 2024

दिल्ली मेरे लिए दूसरा घर : आकांशा रंजन......13







## दिल्ली में 14 को महापंचायत 400 किसान संघ लेंगे भाग

नई दिल्ली, एजेंसी

- अब ट्रैक्टर-टॉली से नहीं, ट्रेनों व बसों से दिल्ली जाएंगे किसान

संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने शनिवार को कहा कि फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) सहित अन्य मांगों को लेकर केंद्र सरकार पर दबाव बनाने के लिए 14 मार्च को दिल्ली में 'किसान महापंचायत' में 400 से अधिक किसान संघ भाग लेंगे। वहीं, किसान नेता बलदेव सिंह सिरसा ने कहा कि किसान अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन जारी रखेंगे। एसकेएम में शामिल 37 किसान संघों ने शनिवार को एक बैठक की। भारती किसान यूनियन (लखोवाल) के महासचिव हरिंदर सिंह लखोवाल ने भी 14 मार्च को राष्ट्रीय राजधानी में महापंचायत की बात कही जिसमें देश भर से 400 से अधिक किसान संघ हिस्सा लेंगे।

लखोवाल ने बताया कि किसान प्रतिनिधि ट्रैक्टर ट्रॉली से नहीं, बल्कि बसों और रेलगाड़ियों से दिल्ली जाएंगे। उन्होंने कहा कि एमएसपी पर कानूनी गारंटी और 2020-21 के आंदोलन के दौरान किसानों के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी रद करने सहित अपनी विभिन्न मांगों को लेकर केंद्र के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं।

## देश में होंगे प्रलोभनमुक्त निष्पक्ष चुनाव : निर्वाचन आयोग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



प्रेसवार्ता में सीईसी राजीव कुमार और ईसी अरुण गोयल।

- पक्षपात करने वाले अधिकारियों के खिलाफ होगी कड़ी कार्रवाई
- मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा जल्द घोषित होंगे चुनाव कार्यक्रम

**अमृत विचार** : मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने कहा कि देश में प्रलोभनमुक्त निष्पक्ष चुनाव कराए जाएंगे। पक्षपात करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि जल्द ही चुनाव कार्यक्रम घोषित किए जाएंगे। मुख्य निर्वाचन आयुक्त शनिवार को विधानभवन के तिलक हाल में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि चुनाव के दौरान उत्तर प्रदेश समेत पूरे देश में किसी भी स्तर पर गड़बड़ी की शिकायत मिली तो संबंधित डीएम व एसपी पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। पक्षपात करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि सभी राजनीतिक दलों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने व राजनीतिक दलों की ओर से दर्ज की गई शिकायत पर तुरंत कार्रवाई करने के लिए कहा गया है।

उन्होंने कहा कि फर्जी खबरों से निपटने के लिए जिला स्तर पर एक सोशल मीडिया प्रकोष्ठ बनाया जाएगा। सोशल मीडिया पर लोगों को अपने बात रखने की पूरी स्वतंत्रता होगी, लेकिन फर्जी खबर पर आईटी एक्ट व आईपीसी की धाराओं के तहत सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए निर्वाचन अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि सभी अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा गया। स्वतंत्र, निष्पक्ष, भयमुक्त, पारदर्शी व सहभागितापूर्ण चुनाव कराना आयोग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी अधिकारी इसके प्रति सजग व तत्पर रहें। प्रेस कान्फ्रेंस में चुनाव आयुक्त (ईसी) अरुण गोयल, मुख्य चुनाव अधिकारी नवदीप रिणवा भी मौजूद रहे।

### अंतर्राष्ट्रीय-अंतर्राज्यीय सीमा पर सतर्कता बरतें

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि प्रदेश की सात अंतर्राष्ट्रीय व 30 अंतर्राज्यीय सीमा पर सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि धनबल व अन्य प्रलोभनों को रोकने के लिए पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए गए हैं। एयरपोर्ट व चार्टर प्लेन की सघन तलाशी की जाएगी। बैंकों में शाम के वक्त नकदी के जमा होने पर भी सतर्क नजर रखी जाएगी। प्रत्याशी डिजिटल ट्रांजेक्शन कर सकेंगे। इसके साथ ही, प्रत्याशी सभी चुनाव खर्च चेक के जरिए करेंगे। उन्हें बैंकों से 200 चेक उपलब्ध कराए जाएंगे।

## एक नजर

### सत्येन्द्र जैन के खिलाफ होगी सीबीआई जांच

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल (एलजी) वीके सक्सेना ने धन शोधन मामले के आरोपी सुकेश चन्द्रशेखर द्वारा दायर जबरन वसूली की शिकायत पर पूर्व मंत्री सत्येन्द्र जैन के खिलाफ सीबीआई से जांच कराने की मंजूरी दे दी है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। जैन पर चन्द्रशेखर से 'संरक्षण देने के बदले में शुल्क' के रूप में 10 करोड़ रुपये वसूलने का आरोप है। राज निवास के अधिकारियों ने कहा कि इस मामले में तिहाड़ जेल के एक पूर्व महानिदेशक भी आरोपी थे। केजरीवाल सरकार में पूर्व गृह मंत्री जैन को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मई 2022 में धन शोधन के मामले में गिरफ्तार किया था।

### जयंत, गौतम गंभीर नहीं लड़ेंगे लोकसभा चुनाव

**नई दिल्ली।** पूर्व मंत्री और हजारीबाग से भाजपा के सांसद जयंत सिन्हा ने पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा से प्रत्यक्ष चुनावी कर्तव्यों से उन्हें मुक्त करने का अनुरोध किया है। इसी के साथ वे आगामी लोकसभा चुनाव नहीं लड़ने वालों में शामिल हो गए हैं। वहीं, पूर्वी दिल्ली सीट से भाजपा सांसद गौतम गंभीर ने भी लोकसभा चुनाव न लड़ने का फैसला लिया है। उन्होंने भी पार्टी अध्यक्ष से राजनीतिक कर्तव्यों से मुक्त करने का अनुरोध किया है। सांसद जयंत सिन्हा ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि वह आर्थिक और शासन संबंधी मुद्दों पर पार्टी के साथ काम करना जारी रखेंगे। सिन्हा ने कहा कि वह अपना पूरा ध्यान भारत तथा पूरी दुनिया में जलवायु परिवर्तन की समस्या से निपटने पर केन्द्रित करना चाहते हैं। नड्डा को संबोधित एक्स पोस्ट में सांसद गौतम गंभीर का कहना है कि वह क्रिकेट प्रतिबद्धताओं पर ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं।

### भाजपा ने जारी की 195 लोकसभा उम्मीदवारों की पहली सूची, यूपी से 51 नामों की घोषणा

# प्रधानमंत्री मोदी वाराणसी, राजनाथ लखनऊ और अमित शाह गांधी नगर से लड़ेंगे चुनाव

नई दिल्ली, एजेंसी



उम्मीदवारों की पहली सूची की घोषणा के दौरान भाजपा नेता बैजयंत जय पांडा, विनोद तावड़े और अनिल बलूनी।

- 28 महिला प्रत्याशी, 34 केंद्रीय मंत्रियों के नामों का भी एलान

भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए 195 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। इनमें 51 नाम यूपी से हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी से, गृहमंत्री अमित शाह गांधीनगर से तो लखनऊ से रक्षामंत्री राजनाथ सिंह फिर किस्मत आजमाएंगे। 16 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों में से 195 सीटों पर निर्णय हुआ। 34 केंद्रीय और राज्यमंत्री इस सूची में हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला का भी नाम है। दो पूर्व मुख्यमंत्री का भी नाम शामिल है। इस सूची में 28 महिलाएं हैं। अनुसूचित जाति के 27 और अनुसूचित जनजाति 18 और पिछड़ा वर्ग के 57 उम्मीदवार हैं।

भाजपा महासचिव विनोद तावड़े, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत जय पांडा और मीडिया प्रभारी अनिल बलूनी ने यहां पार्टी मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। सूची के मुताबिक, केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर केरल के तिरुवनंतपुरम से, सर्बानंद सोनोवाल असम की डिब्रूगढ़ सीट से, केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू अरुणाचल पूर्व से, भूपेंद्र यादव राजस्थान के अलवर से, ज्योतिरादित्य सिंधिया मध्य प्रदेश के गुना से, संजीव बालियान मुजफ्फरनगर और स्मृति ईरानी अमेठी से चुनाव लड़ेंगी। हेमामालिनी को एक बार फिर मथुरा से उम्मीदवार बनाया गया है।

भाजपा ने जिन अन्य केंद्रीय मंत्रियों की उम्मीदवारी की घोषणा की है, उनमें पुरुषोत्तम रुपाला (राजकोट), मनसुख मांडविया (पोरबंदर), देवुसिंह चौहान (खेड़ा), अर्जुन राम मेघवाल (बीकानेर), गजेंद्र सिंह शेखावत (जोधपुर) कैलाश चौधरी (बाड़मेर), जितेंद्र सिंह (उधमपुर), अन्नपूर्णा देवी (कोडरमा), अर्जुन मुंडा (खूंटी), वी मुरलीधरन (अट्टिंगल), वीरेंद्र खटीक (टीकमगढ़), फग्गन सिंह कुलस्ते (मंडला), जी किशन रेड्डी (सिकंदराबाद), लल्लू सिंह (अयोध्या), अजय मिश्रा 'टेनी' (खीरी), कीर्तिवर्धन सिंह (गोंडा), भानु प्रताप वर्मा (जालौन), साध्वी निरंजन ज्योति (फतेहपुर), पंकज चौधरी (महाराजगंज), निसिथ प्रामाणिक (कूचबिहार), शांतनु ठाकुर (बनगांव) और सुभाष सरकार (बांकुड़ा) के नाम शामिल हैं। इस सूची में दो पूर्व मंत्रियों के भी नाम हैं।

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान विदिशा से उम्मीवार होंगे, जबकि भोपाल से मौजूदा सांसद साध्वी प्रज्ञा ठाकुर की जगह पार्टी ने आलोक शर्मा को वहां से उम्मीदवार बनाया है। पार्टी ने नई दिल्ली से केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी की जगह पूर्व केंद्रीय मंत्री सुषमा स्वराज की बेटी बांसुरी स्वराज, दक्षिणी दिल्ली से रमेश बिधूड़ी की जगह रामवीर सिंह बिधूडी, चांदनी चौक से पूर्व केंद्रीय मंत्री हर्षवर्धन की जगह प्रवीण खंडेलवाल, पश्चिमी दिल्ली से प्रवेश वर्मा की जगह कमलजीत सेहरावत को उम्मीदवार बनाया है। भाजपा की दिल्ली इकाई के पूर्व अध्यक्ष मनोज तिवारी एक बार उत्तर पूर्व दिल्ली से चुनाव लड़ेंगे।

### ज्यादातर पुराने चेहरों पर जताया भरोसा

भाजपा की 195 उम्मीदवारों की इस सूची में 34 केंद्रीय मंत्री शामिल हैं। इसमें से कई लोग दोबारा या तीसरी बार चुनाव लड़ेंगे। कहा जाता है कि दिल्ली का रास्ता उत्तर प्रदेश से होकर जाता है। जाहिर है, उत्तर प्रदेश की सीटों को लेकर काफी संजीदगी बरती गई होगी। हालांकि पहली सूची में प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों में 51 सीटों पर ही नाम की घोषणा की गई। इसमें अमेठी, आगरा, मथुरा जैसी सीटों पर वर्तमान सांसदों को ही जगह दी गई है। अमेठी से स्मृति ईरानी और मथुरा से हेमा मालिनी तीसरी बार चुनाव लड़ेंगी तो आगरा से एसपी सिंह बघेल भाजपा से दोबारा चुनाव लड़ेंगे।


नरेंद्र मोदी | राजनाथ सिंह | अमित शाह | स्मृति ईरानी | हेमा मालिनी
कीर्तिवर्धन सिंह | लल्लू सिंह | रितेश पांडेय | उपेन्द्र रावत | राजेश वर्मा

### मैराथन बैठक में नामों पर हुआ था मंथन

पिछले दिनों भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक हुई थी, जिसमें पार्टी उम्मीदवारों के नामों पर मैराथन मंथन किया गया था। प्रधानमंत्री मोदी भी इस बैठक में शरीक हुए थे। इससे पहले, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, शाह, संगठन महासचिव बीएल संतोष ने विभिन्न राज्यों के नेताओं के साथ अलग-अलग बैठकें कर उम्मीदवारों के नामों पर विमर्श किया था। अभी तक लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा नहीं हुई है, लेकिन पार्टी ने इससे पहले ही उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी। पिछले विधानसभा चुनावों में भी भाजपा ने यही रणनीति अपनाई थी और बहुत हद तक यह कारगर भी रही थी।

## आरओ/एआरओ की प्रा. परीक्षा भी निरस्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- एसटीएफ करेगी पेपर लीक की जांच, छह माह में दोबारा परीक्षा
- इसके पहले उप्र पुलिस की सिपाही भर्ती परीक्षा हो चुकी है निरस्त

**अमृत विचार** : पेपर लीक होने के चलते उप्र सिपाही भर्ती परीक्षा के बाद अब आरओ/एआरओ (समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी, प्रारंभिक परीक्षा-2023) भर्ती परीक्षा भी निरस्त कर दी गई है। छह महीने में दोबारा परीक्षा कराने के निर्देश दिए गए हैं। पेपर लीक के इस पूरे मामले की जांच एसटीएफ को सौंपी गई है।

11 फरवरी, 2024 को उप्र के 58 जिलों में यह परीक्षा हुई थी। इस परीक्षा में करीब सात लाख अभ्यर्थी शामिल हुए थे। अभ्यर्थियों का आरोप था कि परीक्षा से पहले ही पेपर लीक हो गया। इस परीक्षा को फिर से कराने की मांग को लेकर अभ्यर्थी कई दिनों से आंदोलित थे। उप्र में कई जगहों पर, खासकर प्रयागराज में लोकसेवा आयोग के दफ्तर के सामने पिछले कई दिनों से अभ्यर्थी प्रदर्शन कर रहे थे। इसके बाद राज्य सरकार ने परीक्षा रद करने का फैसला लिया है

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा उप्र लोक सेवा आयोग द्वारा 11 फरवरी 2024 को आयोजित आरओ/एआरओ की परीक्षा की शनिवार को समीक्षा की गई। इस परीक्षा में कथित रूप से प्रश्न पत्र के कतिपय प्रश्नों के सोशल मीडिया पर वायरल होने के शिकायतें प्राप्त हुई थीं। इसके संबंध में शासन द्वारा परीक्षा को प्रभावित करने से संबंधित तथ्यों के साक्ष्य लोगों से मांगे गए थे। शासन को उपलब्ध कराए गये साक्ष्यों तथा आयोग द्वारा उपलब्ध रिपोर्ट के परिप्रेक्ष्य में मुख्यमंत्री ने दोनों सत्रों की परीक्षाओं को निरस्त करने का निर्देश दिया।

ज्ञात हो कि, परीक्षा के लिए 10,76,004 अभ्यर्थियों ने आवेदन किए थे। सात लाख परीक्षार्थी शामिल हुए। प्रारंभिक परीक्षा के दौरान पेपर लीक हो जाने की सूचना इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो गई थी।

### नजीर बनेगी दोषियों की सजा : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पेपर लीक के दोषियों को कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि परीक्षा की शुचिता से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी दशा में बख्शा नहीं जाएगा। ऐसी सजा दिलाएंगे, जो नजीर बनेगी।

## झारखंड में स्पेन की महिला से गैंगरेप, 3 लोग गिरफ्तार

दुमका, एजेंसी

- दुमका जिले में एक अस्थायी टेंट में रात्रि विश्राम के दौरान दिया वारदात को अंजाम

झारखंड के दुमका जिले में स्पेन की एक महिला से सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि इस घटना के संबंध में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है और बाकी आरोपियों की तलाश की जा रही है। घटना की जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित किया गया है।

यह घटना राजधानी रांची से करीब 300 किलोमीटर दूर हंसडीहा थाना क्षेत्र के कुरुमाहाट में शुक्रवार रात तब हुई, जब स्पेन का एक पर्यटक जोड़ा एक अस्थायी टेंट में रात्रि विश्राम कर रहा था। यह युगल दुपहिया वाहन से बांग्लादेश से दुमका पहुंचा और वह बिहार से होते हुए नेपाल जाना चाहता था। दुमका के पुलिस अधीक्षक पीतांबर सिंह खेरवार ने बताया कि शुक्रवार रात करीब 11 बजे हंसडीहा पुलिस गश्ती दल को सड़क किनारे दो लोग मिले। गश्ती दल ने यह भांप लिया कि उनके साथ कुछ हुआ है। चूंकि वे स्पेनिश भाषा बोल रहे थे तो पुलिस समझ नहीं पाई कि वे क्या कह रहे हैं। पुलिसकर्मी उन्हें यह मानकर एक स्थानीय अस्पताल लेकर गए कि उन्हें कुछ इलाज की जरूरत है। उन्होंने कहा कि स्पेनिश युगल ने डॉक्टरों को यौन शोषण की घटना के बारे में बताया। पुलिस अधिकारी ने कहा कि हमने पीड़िता से बात की। इसके बार हमने कुछ लोगों को हिरासत में लिया और पूछताछ के दौरान उन्होंने अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है। आरोपियों ने कुछ और नाम भी लिए। हमने एक दल गठित किया है और अन्य आरोपियों को पकड़ने के लिए दबिश दी जा रही है। दुमका के सिविल सर्जन बच्चा प्रसाद सिंह ने बताया कि करीब 28 साल की महिला और उसके 64 वर्षीय पति का इलाज दुमका के फुलो झानो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में किया जा रहा था।

### भाजपा की दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग

इस बीच झारखंड भाजपा के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने पुलिस पर ढिलाई का आरोप लगाते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि जब विदेशियों के साथ ऐसी घटनाएं होंगी, तो कौन झारखंड आना चाहेगा? यहां कानून-व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। पुलिस के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए

## भ्रामक वीडियो पोस्ट करने पर खरगे-जयराम को नोटिस

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और महासचिव जयराम रमेश को कानूनी नोटिस भेजा है। गडकरी का कहना है कि दोनों ने उनके बारे में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर गुमराह करने और मानहानि करने वाली खबरें साझा की हैं। कांग्रेस ने अपने एक्स हैंडल पर एक वीडियो शेयर करते हुए लिखा था कि मोदी सरकार के मंत्री नितिन गडकरी का कहना है कि आज किसान को फसल का दाम नहीं मिल रहा है। गडकरी के वकील बालेंदु शेखर ने कहा कि खरगे और रमेश ने गडकरी के इंटरव्यू के एक टुकड़े को जान-बूझकर पोस्ट किया। क्लिप को बगैर संदर्भ और शब्दों के मायने के शेयर किया गया।

## अनंत अंबानी की शादी के लिए बदला एयरपोर्ट का दर्जा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा कि केंद्र सरकार कानून ताक़ पर रखकर पूंजीपतियों को सुविधा देती है और इसका ताजा उदाहरण उद्योगपति मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी का विवाह अवसर है जब सरकार ने जामनगर हवाई अड्डे को अंतर्राष्ट्रीय स्तर प्रदान कर दिया। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शनिवार को कहा कि पूंजीपति मित्रों को मदद करने की बात आती है तो मोदी कुछ भी करने को तैयार हो जाते हैं। अरबपति मुकेश अंबानी के बेटे के विवाह के लिए जामनगर हवाई अड्डे को 10 दिन के लिए अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा घोषित कर दिया है।

## छुट्टी पर आए सिपाही की भूमि विवाद में हत्या

संवाददाता, (सैफई) इटावा

- आरोपी ताऊ और उसके नाती को पुलिस ने गिरफ्तार किया

**अमृत विचार** : सैफई थाना क्षेत्र के गांव गोबेपुरा में शुक्रवार की रात को छुट्टी पर घर आए सिपाही की फावड़ा व चाकू मार कर हत्या कर दी गई। सिपाही मथुरा जिले में तैनात था। हत्या से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। वारदात की जानकारी मिलने पर पुलिस के आलाअधिकारी मौके पर पहुंचे और पड़ताल की। मृतक के भाई ने अपने ताऊ व उसके नाती पर हत्या का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने दोनों को हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने हत्या के पीछे जमीन को लेकर रंजिश बताई है।

क्षेत्र के गांव गोबेपुरा लरखौर गांव निवासी अनिल कुमार यादव (38) पुलिस में सिपाही के पद पर तैनात था। इस समय तैनाती मथुरा जिले में सीओ के चालक के पद पर थी। वह 2006 में पुलिस में भर्ती हुआ था। शुक्रवार की शाम वह आलू खुदवाने के लिए छुट्टी लेकर घर आया था। शाम को खाना खाने के बाद खेत पर लगे ट्यूबवेल पर सोने चला गया। शनिवार की सुबह गांव का प्रमोद खेत पर गया तो कमरा खुला हुआ था और अनिल का खून से सना शव पड़ा था। प्रमोद ने जानकारी अनिल के परिवार के लोगों को दी। परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस को जानकारी दी। एसएसपी संजय वर्मा, एसपी ग्रामीण सत्यपाल सिंह के अलावा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। सिपाही के शरीर पर कई वार किए गए थे। एसएसपी ने बताया कि सिपाही अनिल कुमार का अपने ताऊ से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। शुक्रवार की शाम भी दोनों में विवाद हुआ था। इसी के चलते उसकी हत्या कर दी गई। मृतक के भाई नीरज कुमार ने अपने ताऊ दर्शन सिंह उनके पुत्र ओमपाल व नाती अभिषेक के खिलाफ थाने में तहरीर दी है।

### प्रदेश का पहला एसटीपी | कनाडा और फ्रांस से मंगाई जा रहीं अत्याधुनिक मशीनें बदबू तक बाहर नहीं निकलने देंगी

# अब अल्ट्रा वायलेट किरणें मारेंगी गंदे पानी का बैक्टीरिया

गोपाल सिंह, लखनऊ

- नई तकनीक से होगा जल शोधन 297 करोड़ से जियामऊ में बनेगा

**अमृत विचार** : भले ही यह शुरुआत हो लेकिन गंदे पानी को निर्मल और बैक्टीरियामुक्त बनाने की दिशा में प्रदेश सरकार की यह पहल आगामी दिनों में मील का पत्थर साबित होने वाली है। इसमें नई तकनीक का सहारा लेकर गंदे पानी के बैक्टीरिया को खत्म किया जाएगा। कनाडा से आने वाली मशीन से उत्पन्न होने वाली ''अल्ट्रा वायलेट किरणें'' लखनऊ की जीवनदायनी गोमती नदी में गिरने वाले नालों के गंदे पानी को स्वच्छता प्रदान करेगी। इसके लिए 297 करोड़ रुपये की लागत से जियामऊ में हैदर कैनाल एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) तैयार किया जा रहा है। इसमें प्रतिदिन 120 करोड़ लीटर नाले के गंदे पानी को बैक्टीरियामुक्त किया जाएगा। एसटीपी का सिविल वर्क लगभग पूरा हो चुका है। इसी महीने के अंत तक मशीन आ जाएगी। एसटीपी अगले दो माह में शुरू हो जाएगी। इससे गोमती का पानी साफ होगा। 'गाद' न होने से नदी का जलस्तर भी बढ़ेगा।

### कचरे से प्रतिदिन एक मेगावाट बिजली का होगा उत्पादन

प्रोजेक्ट का काम देख रहे जल निगम के अवर अभियंता सुरेंद्र कुमार बताते हैं कि एसटीपी में नाले के गंदे पानी का शोधन करने के बाद जो वेस्ट (गाद या कचरा) बचेगा उससे प्रतिदिन एक मेगावाट बिजली बनाई जाएगी। बिजली बनाने के लिए फ्रांस से गैस इंजन मंगाया गया है।

> एसटीपी का सिविल वर्क लगभग पूरा हो चुका है। कनाडा, फ्रांस की मशीन इस महीने आ जाएगी। नई तकनीक में मशीन अल्ट्रा वायलेट किरणों को उत्पन्न करेगी और इसी से गंदे पानी के बैक्टीरिया मारे जाएंगे। गाद न होने से नदी का पानी भी निर्मल होगा और जलस्तर भी बढ़ेगा। आगामी दो माह में एसटीपी शुरू हो जाएगी।
>
> – **महेश कुमार गौतम**, अधिशासी अभियंता जल निगम

### बदबू रोकेगा 'ऑडर रिमूवल सिस्टम'

एसटीपी में नाले के पानी का शोधन करते समय इस बात का खास ध्यान रखा जाएगा कि बदबू हवा में न फैले। इसके लिए एसटीपी में ऑडर रिमूवल सिस्टम'' लगाया जाएगा। यह शोधन के दौरान निकलने वाली गैस को बाहर नहीं जाने देगा। यह ऑडर रिमूवल प्रणाली भी विदेशी होगी। इसे फ्रांस से मंगाया जा रहा है।

### कोविड के चलते योजना की गति थी धीमी

जियामऊ में 297 करोड़ रुपये की लागत से तैयार हो रही इस एसटीपी की शुरुआत जुलाई 2018 में हुई थी। इसके लिए राज्य सरकार से 68 करोड़ रुपये दिए भी थे। लेकिन कोविड और बजट में देरी की वजह से इसका निर्माण धीमा हो गया था। सरकार ने इस प्रोजेक्ट को अमृत योजना में शामिल करते हुए इसे रफ्तार दे दी है।

## एक नजर

### हत्या के प्रयास का वांछित दबोचा गया



**मसौधा, अयोध्या।** पूरा कलंदर पुलिस ने शनिवार दोपहर अयोध्या- रायबरेली हाईवे पर रानी बाजार के निकट प्रभात नगर तिराहे के पास से हत्या के प्रयास में एक वांछित को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष पूरा कलंदर रतन कुमार शर्मा बताया कि सूचना के आधार पर घेराबंदी कर हत्या के प्रयास में वांछित कवींद्र नारायण यादव निवासी बरसेंडी थाना रौनाही को 315 बोर का अवैध असलहा व एक कारतूस के साथ गिरफ्तार किया।



चाबी वितरण के दौरान विधायक रामचंद्र यादव व अन्य। अमृत विचार

### विधायक ने कोटेदारों को सौंपी चाबी

**मवई, अयोध्या। अमृत विचार :** क्षेत्र के नगरा ग्राम पंचायत में शनिवार को विधायक रामचंद्र यादव ने नवनिर्मित उचित दर राशन की दुकान (अन्नपूर्णा भवन) का लोकार्पण किया। उन्होंने नगरा ग्राम के कोटेदार रामफेर रावत और नूरपुर के कोटेदार जुग्गीलाल वर्मा को भवन की प्रतीकात्मक चाबी भेंट की। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष प्रधान संघ रुदौली राम प्रेस यादव, विनोद कुमार मौर्या, ग्राम प्रधान नगरा राजेंद्र यादव, सुजीत सिंह, नन्हा वर्मा ग्राम प्रधान पटरंगा, पूर्ति निरीक्षक संजय चौधरी सहित कई मौजूद रहे।

# 50 तरह की होनी चाहिए दवा, 15 से चला रहे काम

अयोध्या कार्यालय

▸▸ आयुष विंग की होम्योपैथिक ओपीडी में कोरोना के बाद से दवाओं का टोटा

**अमृत विचार :** होम्योपैथिक विधि से इलाज सबसे सस्ता माना गया है। इसके बावजूद कोरोना काल के बाद से आयुष विंग के होम्योपैथिक चिकित्सालय में दवाएं ही नहीं आ रही हैं। ओपीडी में आमतौर पर 50 तरह की दवाएं होनी चाहिए, लेकिन यहां 15 तरह की दवाओं से ही काम चलाया जा रहा है। मरीज एक रुपये के पर्चे पर परामर्श तो ले रहा है, लेकिन दवाओं के लिए उसे जेब ढीली करनी पड़ रही है।

महिला अस्पताल के परिसर में नेशनल हेल्थ मिशन की ओर से आयुष विंग स्थापित किया गया है। इसमें होम्योपैथ और योग विभाग संचालित होता है। विंग से मिली सूचना के मुताबिक कोरोना काल के बाद से दवाओं का संकट गहरा गया। हालत यह है कि फार्मासिस्ट तक की तैनाती नहीं है। हाल ही में एक संस्था ने कुछ दवाएं मुहैया कराई हैं, लेकिन वह भी ऊंट के मुंह में जीरे के समान है। यहां रोजाना 45 से 50 मरीज की ओपीडी होती है, लेकिन दवाएं उन्हें बाहर से ही खरीदनी पड़ती है। कई बार पत्राचार करने के बावजूद कोई निष्कर्ष नहीं निकला। इस संबंध में जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ.एनपी गुप्ता ने बताया कि सीएमओ से बात की गई है। जल्द ही कुछ हल निकाला जाएगा।



आयुष विंग की होम्योपैथिक ओपीडी।

### सीएमओ बोले, हमारे पास बजट नहीं

सीएमओ डॉ. संजय जैन ने बताया कि पहले हमारी तरफ से दवाएं दी जाती थीं। जिला अस्पताल के चिकित्सक कई बार मुझसे दवा के विषय में कह चुके हैं, लेकिन अब इसका बजट नहीं है। शासन से ही सारी दवाएं आनी है।

### डॉक्टर से मांगा जाएगा स्पष्टीकरण: सीएमएस

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिला अस्पताल में बाहर से दवा लिखे जाने के मामले का सीएमएस ने डॉक्टर से स्पष्टीकरण मांगने की बात कही है। मरीजों का आरोप था के ओपीडी में बैठे चिकित्सक ने बाहर से दवाएं लिखी थीं। इसके बाद कुछ पर्चियां भी वायरल हुई थीं। सीएमएस डॉ. एनपी गुप्ता ने बताया कि पहले ही चिकित्सकों को सचेत किया जा चुका है कि बाहर से दवा लिखने के पहले मुझे जानकारी जरूर दें, लेकिन फिर भी ऐसा मामला आया है तो संबंधित चिकित्सक से स्पष्टीकरण तलब किया जाएगा।

# जलभराव की समस्या, रास्ते भी हुए बंद

## बड़ी देवकाली वार्ड : रास्ते पर भरा पानी, घूमकर आने-जाने को विवश हैं लोग

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** बड़ी देवकाली वार्ड के लोग जलभराव की समस्या से जूझ रहे हैं। सड़क पर गंदा पानी भरा होने के कारण का करीब 12 घरों के लोगों का घर से निकलना दूभर हो गया है। परेशान लोग घूमकर आने-जाने को विवश हैं। उनका कहना है कि करीब चार साल से यह समस्या बनी हुई है। हालांकि कुछ लोग इस समस्या की वजह सड़क का ऊंचा होना भी बता रहे हैं।

देवकाली वार्ड के लोगों का कहना है यह सड़क पूरी तरह से आरसीसी से बनी है। पहले स्थानीय लोग आने-जाने के लिए इसी रास्ते का उपयोग करते थे। जब से सड़क पर जलभराव हुआ है, तब से इस सड़क पर आवागमन बंद हो गया है। उनका कहना है कि बरसात में समस्या और बढ़ जाती है।



देवकाली वार्ड में सड़क पर भरा गन्दा पानी। अमृत विचार



करीब चार साल से सड़क पर जलभराव की समस्या है। आना-जाना बंद होने से सब गिर गया है। अब दूसरे दरवाजे का इस्तेमाल किया जा रहा है। जल निकासी ने होने के कारण बरसात के दिनों समस्या और बढ़ जाती है। **– दुर्गावती, स्थानीय निवासी।**



आसपास की सड़क ऊंची होने के कारण यह समस्या हुई है। जब आसपास की सड़क बन रही थी तभी कहा गया था कि इधर भी सड़क बना दी जाए, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। कई बार शिकायत की गईं है लेकिन कुछ नहीं हुआ। **– अंजू, स्थानीय निवासी।**



सड़क पर जलभराव की समस्या लगभग चार साल से है। रास्ता बंद होने से उधर से आना-जाना बंद है। बरसात में ज्यादा दिक्कत होती है। हम लोगों ने कई जगह शिकायत की, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। **– रामलली, स्थानीय निवासी, बड़ी देवकाली वार्ड।**



जब से सड़क पर जलभराव की समस्या हुई है तब से आवागमन बंद हो गया है। आने-जाने के लिए दूसरे रास्ते का उपयोग करना पड़ता है। जिससे समय और पेट्रोल दोनों की बर्बादी होती है। आज तक समाधान नहीं निकला है। **– नीरज रंजन, स्थानीय निवासी।**

> पानी निकलने की कोई व्यवस्था न होने से सड़क पर जलभराव की समस्या है। पंप लगवा कर पानी निकलवाया जाता है। समस्या से स्थाई समाधान के लिए प्रयास किया जा रहा है। अधिकरियों से भी कहा गया है। **–सर्वजीत यादव, पार्षद, बड़ी देवकाली वार्ड।**

# बदला मौसम तो बढ़ी किसानों की चिंता

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** मौसम में आए अचानक बदलाव ने किसानों की धड़कनें बढ़ी दी हैं। कई दिनों से खिल रही धूप से खुश किसान शनिवार को अचानक हुई बारिश व तेज हवा से निराश हो गए। पक कर तैयार हुई फसल काटने की राह देख रहे किसानों ने फसल बचाने की चिंता सताने लगी है। बारिश के साथ चली हवा के कारण मौसम ठंडा हो गया है।

किसानों ने कहा है कि इस बार खेती के अनुकूल मौसम होने के कारण गेहूं, सरसों, चना सहित अन्य फसलें अच्छी हुई हैं। यदि मौसम बिगड़ा तो सारी मेहनत पर पानी फिर जाएगा। सोहावल प्रतिनिधि के अनुसार प्रगतिशील किसान राम सिंह, राम गनेश वर्मा मगलसी ने बताया कि इस बरसात से गेहूं और सरसों आदि के फूल तेज हवा से गिर जाने के कारण लागत भी नहीं निकलेगी। लहरापुर निवासी संजय चौबे, भरथूपुर निवासी किसान केदार नाथ मौर्या ने कहा कि बरसात और इस समय के ओले खड़ी हर फसल के लिए घातक हैं।



सोहावल के उचितपुर में हवा और बारिश से गिरी गेहूं की फसल। अमृत विचार

▸▸ बोले- मौसम ने साथ न दिया तो मेहनत पर फिर जाएगा पानी

जिला कृषि अधिकारी ओपी मिश्र ने कहा कि मौसम में बदलाव हुआ है। जब तक बारिश के साथ तेज हवा नहीं चलती तो किसी प्रकार का नुकसान नहीं होगा है। यदि बारिश के साथ तेज हवा चली तो खड़ी हुई फसलों के आंशिक नुकसान की संभावना है। हालांकि अभी ऐसी स्थिति नहीं है।

# संकल्प पत्र में शामिल होगा विकसित भारत का जन सुझाव

अयोध्या, कार्यालय

▸▸ सुझाव आपके-संकल्प हमारा अभियान शुरू, आज से निकलेगा एलईडी रथ

**अमृत विचार:** वर्ष 2047 तक देश को विकसित की श्रेणी में पहुँचाने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए भाजपा ने केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर शनिवार को सुझाव आपके-संकल्प हमारा अभियान शुरू किया है। अभियान के तहत लोकसभा चुनाव के संकल्प पत्र के लिए पार्टी ने विकसित भारत-मोदी की गारंटी सुझाव पेटिका के माध्यम से सुझाव लेने की शुरुआत की है। सुझाव नमो एप और मिस कॉल देकर भी दिया जा सकता है।

सिविल लाइंस स्थित केंद्रीय चुनाव कार्यालय पर शनिवार को पत्रकारों से वार्ता में सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि 10 वर्षों में मोदी सरकार ने सर्वसमाज की अपेक्षाओं और आवश्यकताओं को पूरा किया है। विकसित भारत के संकल्प के साथ आगामी चुनाव के लिए मोदी की सरकार-400 के पार का लक्ष्य तय किया गया है। चीन, जापान, इजराइल की तरह मौजूद श्रमशक्ति और संसाधनों का बेहतर इस्तेमाल कर देश को समृद्धशाली बनाने के लिए पार्टी की मूल विचारधारा कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए एक जिला एक उत्पाद योजना चल रही है। हजारों करोड़ की योजनाओं से अयोध्या वैश्वक नगरी में तब्दील हुई है। हवाई, रेल व सड़क मार्ग से जुड़ाव की तमाम योजनाओं पर काम हुआ है और आगे भी होना है। मोदी-योगी सरकार रामनगरी के विस्तारित स्वरूप बड़ी अयोध्या पर काम कर रही है, जिसके तहत 2.5 लाख करोड़ से रायबरेली को नई रेलवे लाइन तथा वाराणसी-लखनऊ प्रखंड का तिहरीकरण, मनकापुर-अयोध्या और अयोध्या-प्रयागराज का दोहरीकरण, सुल्तानपुर से अयोध्या और अयोध्या से विंध्यवासिनी फोरलेन मार्ग, रिंग रोड व 84 कोसी परिक्रमा मार्ग, आस्था स्थलों के साथ कुंडों आदि का सौंदर्यीकरण और विकास प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि अयोध्या धाम जंक्शन के पहले चरण का काम पूरा हो गया है और दूसरे चरण के लिए 480 करोड़ दिए गए हैं। अयोध्या कैंट के लिए 600 करोड़ की डीपीआर बनी है। हाईवे पर 350 करोड़ से सुविधाओं के विकास और विस्तार पर काम हो रहा है।

### सभी से अपना सुझाव देने की अपील

जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने बताया कि आमजन के महत्वपूर्ण सुझावों को संकल्प पत्र में शामिल किया जाएगा। सभी से अपील है कि अपने महत्वपूर्ण सुझाव अवश्य दें। उन्होंने बताया कि दो एलईडी रथों के माध्यम से विकसित भारत मोदी की गारंटी सुझाव पेटिका लोगों तक पहुंचेगी और फिर सुझावों को नमो एप पर अपलोड किया जाएगा। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, चुनाव प्रभारी डॉ. बांके मणि तिवारी, अभियान संयोजक बीडी द्विवेदी व सूरज सोनकर समेत अन्य मौजूद रहे।

## राजनीति में रुचि रखने वाला सफाई कर्मी सस्पेंड

**मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार :** हैरिंग्टनगंज ब्लॉक के एक सफाई कर्मचारी को अपने तैनाती स्थल से हटकर राजनीतिक कार्यक्रमों में भाग लेने के चलते शनिवार को निलंबित कर दिया गया है। कर्मचारी की शिकायत उसके गांव के ही वीरेन्द्र कुमार ने की थी। कर्मचारी के सस्पेंड होने की पुष्टि एडीओ पंचायत अरविन्द कुमार ने की है। डीएम को दिए गए शिकायती पत्र में कहा गया है कि हैरिंग्टनगंज ब्लॉक के सफाई कर्मी सियाराम निवासी ग्राम आदिलपुर की तैनाती विकासखंड के ग्राम गंगापुर भिटौरा में है। जो इनके निवास स्थान से 20-25 किलोमीटर दूर है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि सफाई कर्मी सियाराम अपनी तैनाती क्षेत्र में न जाकर राजनीति में अधिक रुचि लेकर अपना लगभग पूरा समय इसी में दिया करता है। शिकायतकर्ता ने इसके प्रमाण भी दिए हैं। जिलाधिकारी ने हैरिंग्टनगंज बीडीओ और डीपीआरओ को अलग-अलग जांच कर आख्या मांगी थी। जांच में प्रथम दृष्टया मामला सही पाए जाने पर सफाई कर्मचारी को सस्पेंड कर दिया गया है। पंचायत कर्मी सियाराम ने बताया कि गंवई राजनीति में झूठे आरोप लगाए जा रहे हैं।

# फरियादी बोले- गरीब को न्याय कहां मिलता है साहब

## आरोप- कई बार शिकायत करने पर भी परिणाम शून्य

अरुण पांडेय, सोहावल



मो. कमाल



राम तीरथ तिवारी



फरीद अहमद, सभासद



धरम पाल निषाद



हरीराम शौरी



निर्मला देवी

> गुणवत्ता पूर्ण और निष्पक्षता से जांच और कार्रवाई के निर्देश हैं, लेकिन शिकायत के प्रति शिकायतकर्ता की अपेक्षा अधिक होती है। इसलिए उन्हें कार्रवाई सही नहीं लगती है। **– विनोद कुमार चौधरी, तहसीलदार**

**अमृत विचार :** संपूर्ण समाधान दिवस पर आने वाली शिकायतों में आधी ऐसी होती हैं जो कई बार आती हैं, लेकिन फिर भी न्याय नहीं मिल पाता। शिकायतों पर जांच और कार्रवाई की रिपोर्ट इस तरह लगाई जाती है कि समस्या का न निदान होता है न ही शिकायतकर्ता को संतुष्टि मिलती है।

अरुवावा निवासी मो. कमाल ने शनिवार को सिस्टम की पोल खोलते हुए कहा गरीब को न्याय कहां मिलता है साहब! 15 साल से दौड़ रहा हूं, लेकिन आज तक न सही पैमाइश हो सकी न ही मुझे जमीन मिल पाई। 2009 में पहली शिकायत मेरे पिता जी ने की थी, जो अब नहीं रहे।

**संपूर्ण समाधान दिवस**

राम तीरथ तिवारी ने तीसरी बार शिकायत देते हुए कहा छुट्टा पशुओं की समस्या को लेकर कई माह से दौड़ रहा हूं, लेकिन धड़पकड़ नहीं कराई गई। धरम पाल निषाद निवासी पिंडावा की पांचवीं बार शिकायत रही की क्षेत्रीय लेखपाल खसरा की नकल नहीं दे रहा। पिरखौली निवासी निर्मला देवी ने शिकायत दर्ज कराई और बताया कि हर समाधान दिवस पर राशन कार्ड में नाम जुड़वाने की गुहार कर रही हूं। चौथी शिकायत दी है, लेकिन कोई सुनता ही नहीं। हरीराम निवासी सौरी ने कहा 21 साल पुराने पट्टे की भूमि को अब तक संक्रमणीय नहीं किया गया। दो माह से लगातार शिकायत करता आ रहा हूं। भाकियू नेता सभासद फरीद अहमद ने कहा प्राथमिक शिक्षा की दुर्व्यवस्था को लेकर तीसरी बार शिकायत की है, लेकिन न्याय की जगह अधिकारी लीपापोती की रिपोर्ट लगा रहे हैं।

# जेल में बने थैलों में मिलेगा रामलला का प्रसाद

अयोध्या कार्यालय

▸▸ फतेहपुर जेल अधीक्षक ने बंदियों के हाथ से बने राम मंदिर का चित्र छपे भगवा रंग के 1100 थैले भेजे थे

**अमृत विचार :** श्री रामलला का प्रसाद अब जेल में बंदियों द्वारा बनाये गये थैलों में भी देने की तैयारी है। फतेहपुर जेल की पॉलीथिन मुक्त पहल को देखते हुए श्री रामजन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चम्पत राय ने जेल अधीक्षक को थैलों की आपूर्ति के लिए पत्र लिखा है।

विहिप के मीडिया प्रभारी शरद शर्मा ने शनिवार को बताया कि फतेहपुर जेल के अधीक्षक मोहम्मद अकरम खान ने ट्रस्ट के पास बंदियों के हाथ से बने राम मंदिर छपे भगवा रंग के 1100 थैले भिजवाये थे। अधीक्षक ने बताया था कि पॉलीथिन मुक्त भारत अभियान के तहत जेल के बंदियों ने इसे स्वयं तैयार किया है। श्री रामजन्म भूमि तीर्थ ट्रस्ट के महामंत्री को थैला पसंद आया तो उन्होंने भुगतान के आधार पर और थैलों की मांग भेजी है। इसमें उन्होंने छपाई में थोड़ा संशोधन और आकार कुछ बड़ा करके इन थैलों का मांगपत्र भेजा है। ट्रस्ट 10×10 इंच के 5000 भगवा थैला को प्रथम चरण में मंगा कर के बंदियों के परिश्रम का सम्मान बढ़ायेगा।

मीडिया प्रभारी ने कहा कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद देश भर से लोग अपनी श्रद्धा विभिन्न वस्तुओं के द्वारा समर्पित कर रहे हैं। फतेहपुर जेल के बंदियों में भगवा थैले बनाने के पीछे का भाव पवित्र है, शायद यह भगवत प्रेरणा से ही यह हो रहा है। देश के अन्य जेलों के बंदियों व कैदियों को भी अच्छे कार्य के लिए आगे आना चाहिए।



फतेहपुर जेल की ओर से ट्रस्ट को समर्पित किए गए कपड़े के थैले।

### मुख्य सचिव करेंगे विकास कार्यों की समीक्षा

**अयोध्या, अमृत विचार :** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र रविवार को अयोध्या में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे। अंतरराष्ट्रीय रामकथा संग्रहालय में समीक्षा बैठक दोपहर साढ़े तीन बजे के करीब होगी। सूचना विभाग की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार समस्त कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों से बैठक में प्रतिभाग करने की अपील की गई है।

### खाटू श्याम के भजनों पर झूमे श्रद्धालु

**मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार :** हैरिंग्टनगंज बाजार में श्रीश्याम सेवा परिवार की ओर से शनिवार को श्री खाटू श्याम की निशान यात्रा निकाली गई। इसमें शामिल बड़ी संख्या में श्रद्धालु भजनों पर झूमते रहे। कार्यक्रम में मुख्य गायन किरन गुप्ता, राजू कुलकर्णी, विजय सिंह, राजू मालवीय, शीतल काव्य ने भजन प्रस्तुत कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# अंग्रेजी में कोर्स से ही थे प्रश्न अब फिजिक्स की टेंशन



फार्ब्स कॉलेज से परीक्षा देकर बाहर निकलते परीक्षार्थी। अमृत विचार

अयोध्या कार्यालय

▸▸ विद्यार्थियों ने अयोध्या पर लिखा आर्टिकल, 1419 ने छोड़ी परीक्षा

**अमृत विचार:** यूपी बोर्ड की इंटरमीडिएट की अंग्रेजी विषय की परीक्षा को विद्यार्थियों ने आराम से पार कर लिया। उनका कहना था कि सभी प्रश्न कोर्स से ही पूछे गए थे। सी सेक्शन थोड़ा कठिन था, लेकिन पढ़ने वाले बच्चों के लिए मुश्किल नहीं हुई। बी सेक्शन में 150 शब्द का आर्टिकल लिखने के लिए तीन विषय दिए गए थे। कई बच्चों ने द सिटी लाइफ विषय का चयन कर अयोध्या के बारे में लिखा है। अब उन्हें चार मार्च को फिजिक्स के पेपर की टेंशन है।

जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. राजेश कुमार आर्या ने बताया कि अंग्रेजी विषय में कुल 17956 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। अंग्रेजी विषय की 1419 विद्यार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी, जिसमें 1031 बालक और 388 बालिकाएं हैं। वहीं पहली पाली में इंटरमीडिएट की संगीत गायन, संगीत वादन की परीक्षा में पंजीकृत 44 परीक्षार्थियों में से दो परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। सभी 116 केंद्रों पर सेक्टर मजिस्ट्रेटों के साथ सचल दल लगातार निरीक्षण करते रहे। हालांकि कहीं से नकलची पकड़े जाने की सूचना नहीं है।



अंग्रेजी पेपर को लेकर काफी टेंस थी लेकिन सरल पेपर आया। पढ़ाई की थी इसलिए हल करने में दिक्कत नहीं हुई। सभी प्रश्न कोर्स से थे। **– खुशी सिंह, परीक्षार्थी**



प्रश्न पत्र बहुत सरल था कोई दिक्कत नहीं हुई। डर था कि आऊट आफ कोर्स प्रश्न न आ जाएं लेकिन सब ठीक रहा। मुझे वैसे भी अंग्रेजी में काफी रुचि है। **– नेहा वर्मा, परीक्षार्थी**



सभी प्रश्न पत्र कोर्स से ही थे। परीक्षा को लेकर तनाव तो था लेकिन प्रश्न पत्र देखने के बाद दूर हो गया। लगातार इंग्लिश की पढ़ाई आज काम आ गई। **– अखिल कुमार, परीक्षार्थी**



अंग्रेजी का पेपर सरल था। जो पढ़ा वो आया। बी सेक्शन में द सिटी लाइफ विषय पर अयोध्या पर आर्टिकल लिखा। सी सेक्शन थोड़ा कठिन था। हालांकि सब अच्छा रहा। **– अमन वर्मा, परीक्षार्थी**

**रामोत्सव** हरियाणवी फाग और जटायु मोक्ष ने मोहा मन, भरतनाट्यम, कथक और भजनों से भावविभोर हुए दर्शक

# अवधी संस्कृति की खुशबू से महका रामकथा पार्क

▸▸ संवादों और गीतों के माध्यम से राम जन्म से सीता स्वयंवर तक के प्रसंगों का किया मंचन

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रामकथा पार्क में आयोजित रामोत्सव श्रृंखला में शुक्रवार शाम अंबेडकरनगर के अनिरुद्ध मौर्य के दल ने राम भजनों से सभी को विभोर कर दिया। आए है राम रघुराइया... गाकर रामोत्सव की सार्थकता का भान कराया।

लखनऊ की दिव्या सिंह के दल ने संवादों और गीतों के माध्यम से राम जन्म से सीता स्वयंवर तक के दृश्यों का मंचन किया। जन्मे अवध में राम सोहर... पर ग्रामीण अंचल से आईं महिलाएं गुनगुनाते दिखीं। अवध की होली खेल कर कलाकारों ने फागुन के रंग बिखेरे। प्रयागराज से आईं पूनम किशोर के दल ने पारंपरिक ढेडिया लोक नृत्य प्रस्तुत किया। इन्ही कलाकारों ने झूमर लोकगीत पर नृत्य प्रस्तुत करके अवधी संस्कृति की खुशबू से मंच को महका दिया। संदीप शर्मा के दल ने हरियाणा का लोक नृत्य फाग जैसे ही प्रस्तुत किया गीत की धुन पर सभी नाचने लगे। हरियाणवी बोली में रंगीन पोशाक में नर्तक अपनी छेड़छाड़ से सभी को मोहित कर रहे थे। लखनऊ की सरिता यादव के दल ने कथक नृत्य के माध्यम से संपूर्ण रामायण के प्रसंगों को मंचित किया। वहीं वाराणसी से आईं डॉ. प्रियम्वदा तिवारी की दल ने गणेश पंचरत्नम के द्वारा गणपति के पांच स्वरूपों की स्तुति भरतनाट्यम शैली में की। पर्णिका की दल ने अपनी प्रस्तुति में राम जी के जीवन के विविध प्रसंगों को दिखाया। संचालन देश दीपक मिश्र ने किया। अंतरराष्ट्रीय रामायण एवम वैदिक शोध संस्थान के निदेशक डॉ. लवकुश के निर्देशन में कार्यक्रम समन्वयक अतुल ने कलाकारों का सम्मान किया।



भरतनाट्यम की प्रस्तुति देता वाराणसी से आया दल।



रामकथा पार्क में प्रस्तुति देतीं कलाकार। अमृत विचार

फैजाबाद जीनियस इण्टर कॉलेज
14 कोसी परिक्रमा मार्ग, फत्तेपुर, कुशमाहा अयोध्या-224001
नर्सरी से इण्टरमीडिएट तक
प्रवेश प्रारम्भ-2024-25
उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
(हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम एन0सी0ई0आर0टी0 पद्धति पर शिक्षा की उत्तम व्यवस्था) (छात्रावास की व्यवस्था)
डॉ.जी.सी. यादव
प्रधानाचार्य


Email-id: gicfaizabad@gmail.com | सम्पर्क सूत्र- 8953649647, 6388304284, 9450018646

## एक नजर

### कल मध्य प्रदेश की कैबिनेट करेगी रामलला के दर्शन

**अयोध्या। अमृत विचार :** लोस चुनाव से पहले भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री व मंत्री रामलला के समक्ष पहुंचने लगे हैं। सोमवार को मध्य प्रदेश की सरकार रामलला के दरबार में हाजिरी लगाएगी। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में उनकी कैबिनेट अयोध्या पहुंच रामलला का दर्शन-पूजन करेगी।

### सड़क हादसे में युवक की मौत, साथी गंभीर

**बीकापुर, अयोध्या। अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के शेरपुर पारा बाजार के समीप शनिवार शाम हुए हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई जबकी साथी युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उपनिरीक्षक जय किशोर अवस्थी दोनों युवकों को सीएचसी बीकापुर लाए। जहां चिकित्सक ने एक युवक को मृत्यु घोषित कर दिया, दूसरे युवक को गंभीर हालत में जिला चिकित्सालय रेफर किया है। एक युवक की जब से मिले केएनआई सुल्तानपुर के परिचय पत्र के आधार पर पुलिस ने दर्ज मोबाइल नंबर पर संपर्क कर परिजनों को सूचना दे दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने मृतक युवक की पहचान राजेश कुमार (24) पुत्र त्रिभुवन निवासी पुरे काशीराम पोस्ट डोभीयारा हलियापुर सुल्तानपुर के रूप में व घायल युवक की पहचान सूरज पुत्र रामकुमार निवासी महुलारा मिल्कीपुर के रूप में की है।

# रामनगरी में बनेगा गुजरातियों के लिए यात्री निवास

## गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल ने मंत्रिमंडल के साथ किए रामलला के दर्शन, यूपी सरकार कर चुकी है भूमि आवंटित

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अयोध्या में 10 करोड़ रुपये की लागत से गुजरात यात्री निवासी का निर्माण कराया जाएगा। इसके निर्माण के लिए प्रदेश सरकार ने 10 करोड़ का बजट आवंटित किया है। ये बातें शनिवार को गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र भाई पटेल ने कहीं। वो अपने मंत्रिमंडल के साथ रामलला का दर्शन करने के बाद पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। भूमि उपलब्ध कराने के लिए उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार का आभार भी जताया।

उन्होंने कहा कि मुझे गुजरात के मंत्रियों के साथ रामलला के दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। यह भावुक करने वाला क्षण है। विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के नए कालचक्र के उद्धव का उद्घोष है। रामलला का प्राण प्रतिष्ठा समारोह राष्ट्रीय उत्सव के रूप में समग्र भारत में मनाया गया। यह एक नए युग की शुरुआत है।



राम मंदिर में कैबिनेट के साथ गुजरात के मुख्यमंत्री एवं रामलला का दर्शन-पूजन करते गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल। अमृत विचार

### गुजरात से आस्था स्पेशल ट्रेनों से पहुंचे हजारों श्रद्धालु

मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने बताया कि अयोध्या में भव्य मंदिर का निर्माण और प्राण प्रतिष्ठा दोनों ही हर एक हिंदू का संकल्प था। इस पवित्र कार्य का सौभाग्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्राप्त हुआ। उन्होंने बताया कि सरकार ने रेल मंत्रालय के द्वारा आस्था स्पेशल ट्रेन के माध्यम से हजारों लोगों को अब तक रामलला के दर्शन कराए हैं।

गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल अपने कैबिनेट के 25 सदस्यों के साथ शनिवार सुबह करीब 11:30 बजे महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पहुंचे। यहां उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही, नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इसके बाद उनका काफिला राम जन्मभूमि परिसर पहुंचा। मंदिर में रामलला का दर्शन-पूजन के बाद देशवासियों व गुजरातवासियों के लिए कामना की।

# दो से कमाओ, चार हाथ से लुटाओ : मुरारी बापू



रामकथा कहते कथावाचक मुरारी बापू।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** तीर्थक्षेत्र पुरम में चल रही कथा के दौरान शनिवार को मुरारी बापू ने युवाओं से कहा कि खूब पढ़ाई करो, डिग्रियां लो, खूब कमाओ। दो हाथों से कमाओ तो चार हाथ से भगवद कार्य के लिए लुटाओ। तीन पीढ़ी तक चले इतना कमाना चाहिए। बाकी ज्यादा कमाना समाज का शोषण है। परमात्मा जरूरत पूरी करता है, कामना नहीं पूरी करता। उन्होंने कहा कि सरयू का जल स्पर्श करना भी एक दर्शन है। सरयू जल का पान करना भी दर्शन है। पवित्र जल को स्पर्श करते ही प्रभु के दर्शन प्राप्त होते हैं। रामचरित मानस हमारा सद्गुरु है। हमंक गुरु के आदेश का पालन करना चाहिए। सभी घर में अपने बच्चों को कथा सुनाओ। उन्हें किसी साधु के पास बैठाओ, क्योंकि ये परंपरा निभाएगा। प्रवचन करते हुए कहा कि प्रकृति का शोषण किया तो कोरोना आया। परमात्मा के तत्वों को दूषित किया तो मनुष्यों को कोरोना ने पकड़ा।

# प्रेम प्रसंग से नाराज पिता ने ही की थी पुत्री की हत्या

गोसाईगंज अयोध्या

▶▶ **सरयू नदी किनारे बोरी में मिला था शव, वारदात में प्रयुक्त ट्रक बरामद**

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के दिलसीगंज दिलासीगंज के पास सरयू नदी किनारे बोरी में मिला शव गौहनिया मजरे सोनहने निवासी रमेश यादव की 17 वर्षीय पुत्री सोनी का निकला। परिजनों की ओर से तीन-चार दिन से गायब किशोरी के मामले में कोई गुमशुदगी की शिकायत न देने पर शक हुआ तो पुलिस ने मृतका के मां से सख्ती से पूछताछ की तो गुत्थी खुल गई। पता चला कि किशोरी की हत्या उसके पिता ने ही प्रेम प्रसंग से नाराज होने के चलते की थी। शव को ट्रक से नदी किनारे लाया था तथा बोरी में ईंट बांध सरयू में ठिकाने लगाया था।

प्रभारी निरीक्षक परशुराम ओझा ने बताया कि बताया कि पुत्री का गांव के ही दारा यादव से प्रेम प्रसंग था। इस बीच मुंबई में रहने वाले गांव के ही अन्य युवक से बातचीत करने लगी। यह बात ट्रक चलाने वाले दारा को नागवार लगी और उसने 25 फरवरी को पति रमेश को शराब पिलाई तथा पुत्री के मुंबई में रह रहे युवक से प्रेम प्रसंग की जानकारी दे दी। नशे में घर लौटे पति ने गुस्से में सोनी को मारा पीटा तथा गला दबा दिया, जिससे पुत्री की मौत हो गयी। किशोरी की शिनाख्त के बाद पुलिस वारदात की तह तक पहुंच गई है और वारदात में प्रयुक्त ट्रक को कब्जे में लिया गया है। पूरी जांच कर जल्द ही पर्दाफाश कर दिया जाएगा।

# मनमानी रोकने को यातायात पुलिस ने जारी की किराया सूची

▶▶ **जल्द ही सभी ई-रिक्शा और सार्वजनिक स्थलों पर होगी चस्पा**

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** रामनगरी दर्शन-पूजन को आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों से ई-रिक्शा चालकों की ओर से मनमाना किराया वसूली की शिकायतों को लेकर यातायात पुलिस ने शनिवार को किराया सूची तैयार कराई है। इसको जल्द ही सभी ई-रिक्शा, ऑटो टेंपो और सार्वजनिक स्थलों पर चस्पा कराया जाएगा।




जिला पुलिस की ओर से जारी किराया सूची।

प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के बाद रामलला का दर्शन-पूजन करने आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों से रेलवे स्टेशन, हवाई अड्डा समेत अन्य गंतव्य स्थलों तक पहुंचाने के नाम पर मोटी रकम वसूली जा रही है। कई मामलों में तो विवाद की नौबत आई। स्थानीय लोगों ने हस्तक्षेप कर किराए की अतिरिक्त रकम वापस कराई। अब यातायात पुलिस ने यूनियन के पदाधिकारियों से विचार-विमर्श के बाद अयोध्या के विभिन्न मार्गों के लिए ई-रिक्शा के लिए किराये का निर्धारण किया है। जिसके तहत न्यूनतम किराया 10 रुपये और अधिकतम 30 रुपये तय किया गया है। साथ अयोध्या धाम दर्शन के लिए पुलिस ने रिजर्व किए जाने के मामले में पांच सवारी को आधार मान अधिकतम किराया 400 रुपये तय किया है।

यातायात पुलिस के निरीक्षक अभिमन्यु शुक्ला ने बताया कि हाईवे पर ई-रिक्शा का संचालन प्रतिबंधित है। श्रद्धालु और पर्यटकों की भीड़ के चलते रामनगरी में टेढ़ी बाजार से लेकर नया घाट के बीच सवारी वाहनों का संचालन रोका गया है। उन्होंने बताया कि ज्यादा किराया वसूले जाने की शिकायतों को लेकर विभिन्न मार्गों पर किराया तय किया गया है। साथ ही अधिक किराया वसूली की शिकायत के लिए पुलिस और संगठन का संपर्क नंबर जारी किया जा रहा है।

# अनुशासन हीनता में शिक्षक निलंबित

तारुन, अयोध्या

**अमृत विचार:** शिक्षा क्षेत्र तारुन अंतर्गत कंपोजिट विद्यालय थरियाकलां में तैनात एक शिक्षक को बीईओ की जांच रिपोर्ट के आधार पर बीएसए ने शनिवार को निलंबित कर सम्बद्ध कर दिया है।

इस मामले में जांच अधिकारी शैलजा मिश्रा की रिपोर्ट में कहा गया है कि सहायक अध्यापक प्रवेश कुमार बिना अनुमति के बीआरसी कार्यालय पर सीसीटीवी बंद कर नारेबाजी कर रहे थे। इन तरह से इन्होंने शिक्षण विरोधी, कर्मचारी आचरण नियमावली के प्रतिकूल तथा विभागीय अधिकारियों के आदेशों/ निर्देशों की अवहेलना की है। 28 फरवरी को जांच रिपोर्ट मिलने के बाद बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार राय ने सहायक अध्यापक प्रवेश कुमार को निलंबित करते हुए ब्लॉक संसाधन केंद्र हैरिंग्टनगंज से संबद्ध कर दिया है।

### ब्लॉक मंत्री के निलम्बन से भड़का संघ, आन्दोलन की दी चेतावनी

**अयोध्या। अमृत विचार :** शिक्षक व ब्लॉक तारुन के मंत्री प्रवेश कुमार के निलंबन से उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ भड़क गया है। प्रांतीय ऑडिटर एवं जिलाध्यक्ष नीलमणि त्रिपाठी ने आंदोलन की चेतावनी देते हुए शनिवार को कहा कि खंड शिक्षाधिकारी तारुन का स्थानांतरण अन्य जनपद में हो चुका है, उनको कार्यमुक्त न करके उनकी आख्या पर बीएसए द्वारा एक तरफा कार्यवाई की गई है। जिला मंत्री चक्रवर्ती सिंह ने कहा कि प्रवेश कुमार के विरुद्ध की गई शिकायतें बदले की भावना से प्रेरित है। जिला कोषाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार भारती ने कहा कि ब्लॉक मंत्री प्रवेश कुमार द्वारा खंड शिक्षा अधिकारी तारुन द्वारा किए जा रहे भ्रष्टाचार का विरोध करने पर उनका उत्पीड़न किया जा रहा है। जिला उपाध्यक्ष ओम प्रकाश यादव ने बताया कि इस प्रकरण पर विचार विमर्श के लिए 5 मार्च को प्रेस क्लब में जिला कार्य समिति ब्लॉक इकाइयों एवं ब्लॉक संघर्ष समिति के पदाधिकारियों की आपात बैठक बुलाई गई है।

# भरोसा बरकरार, लल्लू सिंह को फिर मिला टिकट

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति ने एक बार फिर मौजूदा सांसद लल्लू सिंह पर भरोसा जताते हुए फैजाबाद संसदीय क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया है। उनके नाम का शनिवार देर शाम एलान होते ही आवास पर बधाई देने वालों का तांता लग गया। भाजपा के पुराने पार्टी कार्यालय पर आतिशबाजियां की गईं और पदाधिकारियों ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कराकर बधाई दी। जय श्रीराम के नारे लगाए।

लल्लू सिंह 2004 में मित्रसेन से और 2009 में निर्मल खत्री से लोकसभा चुनाव हार गए थे। इसके बाद 2014 से लेकर अब तक वह दो बार से लगातार संसदीय क्षेत्र से सांसद हैं। पांचवीं बार टिकट पाने के बाद लल्लू सिंह ने कहा कि यह सब रामलला की कृपा है। उन्हीं के आशीर्वाद से एक बार फिर भाजपा लोकसभा चुनाव में अपना परचम लहराएगी। देर शाम केंद्रीय चुनाव कार्यालय पर पहुंचे सांसद लल्लू सिंह का पूर्व जिलाध्यक्ष कमलाशंकर पांडेय, अवधेश पांडेय बादल, पूर्व नपा अध्यक्ष विजय गुप्ता, भाजपा नेता गिरीश पांडेय डिप्पुल समेत अन्य नेताओं ने स्वागत किया और बधाई देते हुए उन्हें मिठाई खिलाई।



सिविल लाइन्स स्थित केंद्रीय चुनाव कार्यालय पर सांसद लल्लू सिंह का मुंह मीठा कराते भाजपा नेता व कार्यकर्ता।

**भाजपा ने घोषित किए उम्मीदवार**

# पिटाई से मजदूर की मौत, पिता-पुत्र के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट

तारुन, अयोध्या




**अमृत विचारः** थाना क्षेत्र स्थित एक ईंट भट्ठे पर पैसे व ऋण को लेकर हुए विवाद और हमले में पीटकर एक मजदूर की हत्या कर दी गई। प्रकरण में पुलिस ने मृतक मजदूर के भाई और पिता के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है।

थाने के प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश राय ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य के थाना कसडोल ग्राम सभा ढेलकाडबरी जिला बलौदा बाजार निवासी एक मजदूर परिवार यहां थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत फतेहपुर कमासिन स्थित ईंट भट्ठे पर मजदूरी करता है। मृतक मजदूर क्षीरसागर की पत्नी रीता यादव का कहना है कि सोमवार रात रकम व कर्ज को लेकर वाद-विवाद हुआ। इस पर देवर सतीश यादव व ससुर उज्जवल यादव ने पति क्षीर सागर पर लाठी-डंडे से हमला बोल दिया। सीएचसी भीटी में इलाज के दौरान पति की मौत ही गई। पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने मृतक के भाई सतीश यादव और पिता उज्जवल यादव के खिलाफ हत्या की धारा में नामजद रिपोर्ट दर्ज की है। आरोपियों की तलाश और अग्रिम विधिक कार्रवाई कराई जा रही है।

## सार-संक्षेप

### 61 अभ्यर्थियों को मिला रोजगार

**अयोध्या। अमृत विचार :** राजकीय आईटीआई परिसर में आयोजित रोजगार मेले में प्रतिष्ठित कंपनियों के एचआर ने 61 बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन किया। रोजगार मेले को सफल बनाने हेतु सहायक निदेशक, सेवायोजन पद्म वीर कृष्ण ने बेरोजगार युवाओं के उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इसी क्रम में जिला रोजगार सहायता अधिकारी धर्मेन्द्र ने मेले में आये हुये बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र की कंपनियों में रोजगार के अवसर एवं सेवायोजन पोर्टल की जानकारी दी।

### रामलला के समक्ष भावुक हुए सपा विधायक अभय

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** गोसाईगंज विधानसभा सीट से सपा के विधायक अभय सिंह शनिवार को रामलला के दर्शन करने के दौरान अपनी भावनाओं पर नियंत्रण नहीं कर सके। रामलला के सामने पहुंचते ही वह साष्टांग हो गए और जब खड़े हुए तो वह फफक-फफक कर रो पड़े। मालूम हो कि सपा के कुछ विधायक पहले से ही इस बात से नाराज हैं कि उन्हें श्रीराम के दर्शन करने से रोका गया। तीन दिन पूर्व हुए राज्यसभा चुनाव के मतदान में भी ऐसे सपा विधायकों ने बगावती तेवर दिखाए थे और अयोध्या आकर राम जन्मभूमि दर्शन करने की बात कही थी। इसी कड़ी में दो दिन पूर्व सपा विधायक मनोज पांडे अपने परिवार के साथ अयोध्या पहुंचकर दर्शन-पूजन किया था। अब पार्टी लाइन से हटकर सपा विधायक अभय सिंह ने रामलला के दर्शन किए है। हालांकि इस दौरान अभय सिंह ने किसी से कुछ नहीं कहा, लेकिन उनकी आंखों से बह रहे आंसू इस बात की गवाही दे रहे थे कि आने वाले समय में पूरे प्रदेश की सियासत में एक बहुत बड़ी उठा-पटक होने वाली है।



रामलला के दर्शन के दौरान भावुक हुए सपा विधायक अभय सिंह।

### गठबंधन प्रत्याशी की जीत के लिए जुटें कार्यकर्ता

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी की समाजवादी अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय महासचिव सिराज अहमद खां शनिवार को यहां पहुंचे। कचहरी में सभा की ओर से स्वागत किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव ने कहा कि सभी कार्यकर्ता गठबंधन के प्रत्याशी अवधेश प्रसाद की जीत सुनिश्चित करने के लिए जुट जाएं। कहा कि वर्तमान समय में देश में जंगलराज जैसी स्थिति है। जिलाध्यक्ष समाजवादी अधिवक्ता सभा शावेज़ जाफरी एडवोकेट की अध्यक्षता में अधिवक्ताओं ने स्वागत किया। जिला प्रवक्ता विजय कुमार यादव ने बताया वरिष्ठ अधिवक्ता गिरीश तिवारी, लाल बहादुर शुक्ला, पूर्व मंत्री आलोक खरे, जिला उपाध्यक्ष सैयद आफताब अहमद, अवधेश सिंह, विजय यादव ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।



अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय महासचिव का स्वागत करते पदाधिकारी।

# हलचल मचाने वाली कहानी का किरदार पहुंचा अस्पताल

**फॉलोअप**

▶▶ **चर्चित रंगकर्मी ने पोस्ट किया था मां की हत्या करने का पत्र, जांच और पीएम में झूठी निकली थी बात**

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** नगर कोतवाली के टेढ़ी गली निवासी बुजुर्ग महिला की बीमारी के चलते मौत को हत्या की नाटकीय कहानी में तब्दील करने का प्रयास करने वाला मुख्य किरदार उसका बेटा शुक्रवार रात मानसिक अस्पताल पहुंच गया। मृतका का बेटा व पूर्व में रंगमंच के चर्चित कलाकार रहे गोपाल कृष्ण ने सोशल मीडिया पर शुक्रवार सुबह मां की हत्या करने का दावा कर तीन पृष्ठ का पत्र पोस्ट कर हलचल मचा दी थी। जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद दावा झूठा निकला था और मानसिक हालत को देखते हुए पुलिस ने समुचित इलाज कराने की हिदायत दी थी।



गोपाल कृष्ण वर्मा

कोतवाली क्षेत्र के कारोबारी और कभी कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ चिंतकों में शामिल व रंगमंच के नामचीन चेहरे रहे लगभग 62 वर्षीय गोपाल कृष्ण वर्मा ने अपने परिचित और शुभचिंतकों को शुक्रवार सुबह सोशल मीडिया पर तीन पेज का पत्र पोस्ट कर कर्ज से परेशानी के चलते अपनी बुजुर्ग मां कृष्णादेवी की हत्या का दावा किया था। लिखा था कि उनकी हालत को लेकर मां की चिंता और कष्ट देखा नहीं जा रहा। पत्र में अपनी बहन कम्मो का इस घटना से अत्यंत दुखी होने और भाइयों की ओर से कर्ज से उबारने के प्रयास का भी जिक्र किया था। साथ ही कर्जदारों से भी क्षमा याचना की थी और और खुद ही पुलिस के पास पहुँच गए थे। पुलिस के घर पहुंचने पर परिवार को मामले की जानकारी हुई थी और परिजनों के बयान से दावे की कलई खुलने लगी थी, लेकिन तब तक सोशल मीडिया पर पोस्ट पत्र ने हलचल मचा दी थी। पुलिस और विधि विज्ञान प्रयोगशाला की टीम की जांच-पड़ताल की और पोस्टमार्टम रिपोर्ट से बेटे की ओर से मां की हत्या का दावा झूठा निकला। यह बात जरूर सामने आई थी कि गोपाल कृष्ण की मानसिक हालत ठीक नहीं है। वह अवसाद के शिकार हैं व पारिवारिक चिकित्सक से उनका इलाज चल रहा है।

मृतका का शनिवार को जमथरा घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। मुखाग्नि बेटे अनुराग वर्मा ने दी। साथ ही नाटकीय कहानी के मुख्य किरदार गोपाल कृष्ण को प्रयागराज हाईवे स्थित मनोचिकित्सक के निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया। अनुराग वर्मा का कहना है कि गोपाल भइया मानसिक अवसाद में हैं, उनका इलाज कराया जा रहा है।

### आर्थिक मुसीबतों के चलते तो नहीं रची गई कहानी

एक संभ्रांत परिवार से ताल्लुक रखने वाले गोपाल कृष्ण वर्मा बेहद मिलनसार और खुशमिजाज रहे हैं। रंगमंच के साथ व्यवहारिक जीवन में भी उनका दायरा विस्तृत रहा और हमेशा सामाजिक सरोकारों से जुड़े रहे। परिचितों और शुभचिंतकों का कहना है कि उनका शादी कार्ड बिक्री का कारोबार ठीक चल रहा था लेकिन ठीक से देखभाल न होने के चलते कर्ज बढ़ता गया। वह समाज से कटने लगे। बीच में कांग्रेस के माध्यम से नए सिरे से सार्वजनिक जीवन जीने की योजना बनाई लेकिन बुजुर्ग बीमार मां और दिव्यांग भाई की देखरेख के चलते कदम आगे न बढ़ा सके। आशंका है कि आर्थिक झंझावतों के चलते ही कर्जदारों के तकादे से बचने के लिए उन्होंने एक असफल नाटकीय कहानी तैयार की। फ़िलहाल असलियत तो वही बता सकते हैं।

# एलएलबी की परीक्षा में 49 और नकलची पकड़े

**अयोध्या।** अवध विश्वविद्यालय की एलएलबी त्रिवर्षीय एवं पंचवर्षीय विषम सेमेस्टर की चल रही परीक्षा में शनिवार को सचलदल ने 49 परीक्षार्थी नकल करते पकड़े हैं। इन परीक्षार्थियों पर नियमानुसार कार्यवाही की गई। परीक्षा नियंत्रक उमानाथ ने बताया कि शनिवार को सचल दल ने सिटी लॉ कालेज बाराबंकी में प्रथम पाली में 10 व द्वितीय पाली में 38 परीक्षार्थी अनुचित साधन का प्रयोग करते हुए पकड़े। जस्टिस लॉ कॉलेज, बाराबंकी में द्वितीय पाली में एक छात्र नकल करते हुए धरा गया। उन्होंने बताया कि एलएलबी विषम सेमेस्टर की परीक्षा के साथ एमएससी एजी की परीक्षा दो पालियों में चल रही हैं। आज की परीक्षा में 25757 परीक्षार्थियों में से 548 अनुपस्थित रहे।

# भाजपा ने अंबेडकरनगर से रितेश पांडे को दिया टिकट

लोकसभा चुनाव

**बसपा छोड़कर बीजेपी में आए रितेश 2019 में बसपा-सपा गठबंधन से बने थे सांसद**

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।



रितेश पांडे, सांसद अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने अटकलों पर विराम लगाते हुए अंबेडकरनगर से रितेश पांडे को लोकसभा उम्मीदवार बनाया है। भाजपा ने सांसद रितेश पांडे को शनिवार शाम लोकसभा प्रत्याशी घोषित कर दिया है। भाजपा ने अपनी पहली लिस्ट शनिवार को दिल्ली में घोषित किया। जिसमें यूपी के 51 सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा किया। उसमें अंबेडकरनगर लोकसभा सीट भी शामिल है। जहां से पार्टी ने रितेश को अपना प्रत्याशी घोषित किया है।

सांसद रितेश पांडे 25 फरवरी को बसपा को छोड़कर भाजपा का दामन थामा था। रितेश 2019 में बसपा के सिम्बल पर चुनाव लड़े थे, उन्होंने बीजेपी प्रत्याशी तत्कालीन सहकारिता मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा को हराया और सपा-बसपा गठबंधन के प्रत्याशी के तौर पर लोकसभा का चुनाव जीते और सांसद बन गए। रितेश पांडे का परिवार राजनीति से जुड़ा हुआ है। इनके पिता राकेश पांडे वर्तमान में जलालपुर विधानसभा से सपा के विधायक हैं। राकेश पांडे बसपा से 2009 में अंबेडकरनगर से सांसद रह चुके हैं। बड़े व्यवसायी के रूप में गिने जाने वाले विधायक राकेश पांडे का शराब और खनन का प्रदेश में बड़ा करोबार है। इनके चाचा पूर्व विधायक पवन पांडे हैं, जिनकी गिनती बाहुबलियों में होती है।

### रितेश ने 2012 में की थी राजनीति में शुरुआत

रितेश ने राजनीतिक सफर की शुरुआत साल 2012 से किया। उस समय हुए विधानसभा चुनाव में उनके पिता बसपा नेता राकेश पांडे के प्रयासों से रितेश को जलालपुर सीट पर बसपा ने टिकट दे दिया। लेकिन वहां से सपा प्रत्याशी शेर बहादुर सिंह ने उन्हें पराजित कर दिया। वर्ष 2017 के चुनाव में रितेश बसपा के टिकट पर जलालपुर से मैदान में उतरे। इस बार उन्होंने शेर बहादुर के पुत्र बीजेपी प्रत्याशी राजेश सिंह को बड़े अंतर से हराकर विधायक बने। इसी बीच वर्ष 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में बसपा ने रितेश को टिकट दे दिया और वह चुनाव जीत कर सांसद बन गए।

**लंदन से की है पढ़ाई :** रितेश ने लंदन से स्नातक की पढ़ाई की है। वह राजनीतिज्ञ के तौर पर पहचाने जाते हैं। उन्हें श्रेष्ठ सांसदों की सूची में भी शामिल किया जा चुका है। रितेश ने इंग्लैंड की कैथरीना से 2020 में शादी की। रितेश की पत्नी के पिता इंग्लैंड में चिकित्सक हैं और कैथरीना मनोविज्ञान में शोध कर रही है।

### मिठाई खिलाकर खुशी का किया इजहार

टांडा। भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय चुनाव समिति ने अंबेडकरनगर लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी के रूप में रितेश पांडे के नाम की घोषणा होते ही शुभचिंतकों में खुशी की लहर दौड़ गई। इस दौरान धर्मेंद्र मौर्य, वेद प्रकाश उपाध्याय, दिनेश मौर्य, वैभव नरेश मौर्य, दीपचंद मौर्य, अमरजीत मौर्य, राजेश यादव ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया।

## एक नजर

### जाम की समस्या से निजात दिलाने की मांग



राजा बाबू गुप्ता, भाजपा नेता।

**जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर।** भाजपा युवा मोर्चा जहांगीरगंज के मंडल उपाध्यक्ष राजा बाबू गुप्ता ने मुख्यमंत्री, लोक निर्माण मंत्री और नगर विकास मंत्री को मांग पत्र प्रेषित कर जहांगीरगंज और रामनगर में जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए रिंग रोड निर्माण कराए जाने की मांग की है। उन्होंने उमरी, जलाल, कल्याणपुर से शिवराज पट्टी, रामनगर, सिपाह, हुसैनपुर समेत कई खड़ंजा लगे रोड को पिच रोड कराए जाने की मांग की है।

### अवैध शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** थाना आलापुर क्षेत्र में पुलिस ने अवैध शराब के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। उप निरीक्षक ओमप्रकाश राय ने आबकारी अधिनियम में अभियुक्त सूरज पुत्र लोधई निवासी हथिनाराज थाना आलापुर के कब्जे से 20 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर उसे गिरफ्तार किया है।

### पुलिस ने छह अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**जिला संवाददाता, अंबेडकरगनर। अमृत विचार।** थाना कटका पुलिस टीम ने ग्राम सैदपुर भियांव से वारंटी लाले निषाद पुत्र रामजीत निषाद, संग्राम पुत्र रामजीत निषाद, अरविन्द पुत्र लाले निषाद, रमेश पुत्र पुद्दन, पुद्दन पुत्र जग, दिनेश पुत्र पुद्दन निवासी सैदपुर भियांव थाना कटका को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेस कर जेल भेज दिया है। अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक संजय कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल विवेक तिवारी, कांस्टेबल अभिषेक यादव, हेड कांस्टेबल योगेन्द्र सिंह शामिल रहे।

### नसबंदी कैंप का आयोजन 5 को

**जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जहांगीरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आगामी पांच मार्च को नसबंदी कैंप का आयोजन किया जाएगा। अधीक्षक डॉ. उदय चंद ने बताया कि नसबंदी कैंप में एनटीपीसी द्वारा लाभार्थी को डिनर सेट दिया जाएगा और लाभार्थी के खाते में 2 हजार रुपए भी भेजे जाएंगे। अतरू सभी एएनएम, संगिनी, आशा से अनुरोध है कि अधिक संख्या में लाभार्थी लेकर आएं। जिससे नसबंदी कैंप में क्षेत्र की जनता को अधिक से अधिक लाभ मिल सके।

### प्रोन्नत मामले में की गई शिकायत निराधार

**जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर।** विकासखंड रामनगर के मकरही गांव में आंगनबाड़ी कार्यकत्री पद पर प्रोन्नत मामले में की गई शिकायत निराधार पाई। बता दें कि मकरही गांव निवासिनी आंगनवाड़ी सहायिका सुनीता देवी ने जिलाधिकारी सहित उच्च अधिकारियों को दिए गए पत्र में आरोप लगाया था कि वरिष्ठ होने के बाद भी उसकी प्रोन्नत नहीं दी गई। जब कि उसी गांव की दूसरी सहायिका कलावती देवी का प्रोन्नत किया गया है जो नियम विरुद्ध है। उच्च अधिकारियों के निर्देश पर मामले की जांच कर रहे जिला कार्यक्रम अधिकारी दिनेश मिश्रा ने बताया कि सुनीता देवी की शिकायत निराधार है। दोनों लोग एक ही ग्राम सभा की निवासिनी हैं। दोनों लोगों ने प्रोन्नत के लिए आवेदन किया था। सारे कागजात निदेशालय को भेज दिए गए थे। निदेशालय से ही सूची बनाई गई थी। मामले की जांच में समस्त शिकायत निराधार पाई गई और प्रोन्नत नियमानुसार होना पाया गया है।

# कार्ड धारकों को राशन वितरण में बरती जाएगी पारदर्शिता : एमएलसी

## सीएम ने नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया लोकार्पण



महिलाओं को अन्नपूर्णा भवन की चाभी सौंपते एमएलसी व साथ में सीडीओ।



अन्नपूर्णा भवन के उद्घाटन के दौरान मौजूद लोग।

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को लोक भवन सभागार में नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन (मॉडल उचित दर दुकान) और ई-वेईंग स्केल युक्त ई-पॉस मशीनों का लोकार्पण किया। जनपद के टांडा तहसील के ग्राम पंचायत रामपुर कला में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण गारंटी योजना के तहत नवनिर्मित मॉडल शाप उचित दर दुकान अन्नपूर्णा भवन और ई-वेईंग स्केल युक्त ई-पॉस मशीनों का लोकार्पण मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया। जिसका लाइव प्रसारण एलईडी वैन के माध्यम से किया गया।

मुख्य अतिथि एमएलसी डॉ. हरिओम पांडेय और सीडीओ अनुराज जैन ने अन्नपूर्णा भवन का फीता काटकर उद्घाटन किया। अतिथियों द्वारा समूह की महिलाओं को चाभी सौपी गई। एमएलसी ने कहा कि सरकार द्वारा वर्तमान में जो व्यवस्था लागू की गई है उस व्यवस्था से अब राशन कार्ड धारकों को राशन वितरण में पूरी पारदर्शिता बरती जाएगी। रामपुर कला अन्नपूर्णा भवन की देखे-रेख स्वयं सहायता समूह की महिलाएं करेंगी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा उर्फ साधू वर्मा ने कहा की हम आप सबके सदैव ऋणी बनकर निरंतर आपकी सेवा के लिए तत्पर रहेंगे। कार्यक्रम के अंत में एमएलसी डॉ. हरिओम पांडे, जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा उर्फ साधू वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी अनुराग जैन ने पौधारोपण किया।

### अन्नपूर्णा भवन पर मिलेगा घरेलू सामान

अन्नपूर्णा भवन पर अब राशन के साथ ही साथ घरेलू खाने-पीने की उपयोग की अन्य वस्तुएं भी बाजार भाव के मूल्य पर मिल सकेंगी। कॉमन सर्विस सेंटर की भी स्थापना हो जाने के बाद जन्म, निवास, जाति, आय-प्रमाण पत्र आदि सुविधा आने वाले समय में मिल सकेगी। अब ऐप्स मशीन से ई-पास काटा को भी जोड़ दिया जाएगा। जिससे पात्र राशन कार्ड धारक को प्राप्त होने वाले खाद्यान्न में किसी भी प्रकार की कटौती नहीं हो पाएगी।

## युवक की पत्नी ने तहरीर देकर की केस दर्ज कराने की मांग

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** संदिग्ध अवस्था में मिले युवक की ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान हुई मौत के मामले में मृतका की पत्नी ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग की है। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के मसूदपुर गांव निवासी यशवंत पुत्र कुलदीप 42 वर्ष की 24 फरवरी को गांव के निकट जलालपुर मालीपुर रोड भट्ठे के पास संदिग्ध हालत में घायल अवस्था में पड़ा हुआ था। जिसके सर पर धारदार हथियार से चोट के निशान थे। गश्त पर निकले पीआरबी कर्मियों ने उसे देखा तो प्राथमिक उपचार के लिए नगपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले आए। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। गंभीर हालत को देखते हुए उसे डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज लखनऊ के लिए रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान यशवंत की मौत हो गई। मृतक का अंतिम संस्कार होने के पश्चात मृतका की पत्नी अनुपमा ने शनिवार को जलालपुर पुलिस को शिकायती पत्र देकर मुकदमा पंजीकृत करने की मांग किया है।

## सार-संक्षेप

### मतदाता वैन लोगों को करेगी जागरूक



मतदाता जागरूकता वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते डीएम अविनाश सिंह।

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के अवसर पर स्वीप योजना के तहत मतदाता जागरूकता के लिए मतदाता जागरूकता एक्सप्रेस वैन जनपद में कलेक्ट्रेट परिसर से रवाना की गई। जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी अविनाश सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ, मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन और उप जिला निर्वाचन अधिकारी अपर जिलाधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता द्वारा लो टर्न आउट के रूप में चिन्हित 279 आलापुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना की गई। यह मतदाता जागरूकता एक्सप्रेस वैन आलापुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर रूट चार्ट के अनुसार जाएगी। इसका उद्देश्य मतदाताओं को जागरूक करना है, जिससे मतदान के दौरान वह अधिक से अधिक मतदान अपने वोट का प्रयोग करें और लोकतंत्र को मजबूत करने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

### शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं त्योहार : एएसपी



बाजार का भ्रमण करते एएसपी श्यामदेव व साथ में सीओ देवेंद्र कुमार मौर्य।

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** आगामी लोकसभा चुनाव और त्योहारों के मद्देनजर अपर पुलिस अधीक्षक श्यामदेव ने पुलिस कर्मियों के साथ कोतवाली क्षेत्र के नागपुर बाजार में संभ्रांत लोगों के साथ चौपाल लगाई। अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि हिंदू और मुस्लिम आपसी भाईचारा के साथ एक सूत्र में रहे। आगामी दिनों में जहां रंगों के उत्सव का त्योहार होली है, वहीं चुनाव की घोषणा कभी हो सकती है। उन्होंने हिंदू पक्ष से कहा कि होली के त्योहार में रंग मस्जिद के आसपास कदापि न डाले और अपने आसपास के संदिग्धों पर नजर बनाए रखें। आवश्यकता पड़ने पर संदिग्धों की सूचना स्थानीय कोतवाली को दें। क्षेत्राधिकारी देवेंद्र कुमार ने कहा कि मतदान सभी का अधिकार है। बगैर किसी द्वेष भावना के आपसी भाईचारा बनाते हुए मतदान में भाग ले। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्यामदेव, क्षेत्राधिकारी देवेंद्र कुमार मौर्य, कोतवाल दर्शन यादव व आम नागरिकों के साथ बाजार का भ्रमण कर दुकानदारों आम नागरिकों को सुरक्षा का एहसास दिलाया। चौपाल में ग्राम प्रधान के साथ सैकड़ों, हिंदू व मुस्लिम लोग मौजूद रहे।

### 290 वाहनों को चेक कर 10 का काटा चालान

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** सघन चेकिंग अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रांतर्गत पड़ने वाले बैंकों तथा प्रमुख चौराहों पर विशेष चेकिंग की गई। बैंक के आसपास बिना किसी कारण घूमने वालों को कार्यवाही की चेतावनी देकर उन्हें छोड़ दिया गया। वहीं किसी भी प्रकार की लूट, छिनैती या टप्पेबाजी जैसी घटना को रोकने के लिए प्रमुख मार्गों, चौराहों तथा सूनसान स्थानों पर समस्त थानों की गरुण वाहिनी पुलिस टीम द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाकर बिना नंबर प्लेट वाली गाड़ियों तथा काली फिल्म वाली गाड़ियों व संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की विशेष रूप से चेकिंग की गई। साथ ही दो पहिया वाहन पर तीन सवारी, बिना हेलमेट घूमने वाले लोगों की सघन चेकिंग कर यातायात नियमों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए कुल 290 वाहनों को चेक कर 10 वाहनों का चालान काटा गया।

# 172 स्कूलों ने नहीं कराया पंजीकरण

**बीएसए ने विद्यालयों को पत्र भेजकर जल्द से जल्द पंजीकरण कराए जाने का दिया निर्देश**

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** आर्थिक रूप से कमजोर छात्र-छात्राओं का 172 प्रतिष्ठित विद्यालय में पढ़ने का सपना अधर में लटका है। दरअसल संबंधित विद्यालय द्वारा शिक्षा का अधिकार (आरटीई)अधिनियम के तहत पंजीकरण नहीं कराया गया है। बीएसए कार्यालय ने संबंधित विद्यालयों को पत्र भेजकर जल्द से जल्द पंजीकरण कराए जाने का निर्देश दिया है। इस बीच योजना के तहत द्वितीय चरण में आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है।

सर्वशिक्षा अभियान के तहत आर्थिक रूप से कमजोर अभिभावक के बच्चों को अच्छे स्कूलों में शिक्षा दिलाने के लिए शिक्षा के अधिकार योजना का संचालन हो रहा है। योजना के तहत पात्र छात्र-छात्राओं को विद्यालयों में कक्षा आठ तक निशुल्क शिक्षा दी जाती है। प्रत्येक विद्यालय में ऐसे बच्चों के लिए 25 प्रतिशत सीट आरक्षित रहती है। छात्र-छात्राएं उन्हीं विद्यालयों में प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं। बीएसए कार्यालय के अनुसार जनपद में 650 विद्यालय हैं। इनमें से 478 ने पंजीकरण कराया है। शेष 172 ने पंजीकरण नहीं कराया है। अब ऐसे सभी विद्यालयों को बीएसए भोलेंद्र प्रताप सिंह ने पत्र भेजकर जल्द से जल्द पंजीकरण कराने के निर्देश दिए है।

### 30 तक कर सकते हैं आवेदन

आरटीई योजना के तहत दूसरे चरण में आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। बीएसए कार्यालय के अनुसार एक मार्च से 30 मार्च तक छात्र-छात्राएं ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। एक अप्रैल से सात अप्रैल तक सत्यापन किया जाएगा। आठ अप्रैल को लाटरी पद्धति से विद्यालयों का आवंटन होगा। 17 अप्रैल को छात्र-छात्राएं आवंटित विद्यालय में प्रवेश करा सकेंगे।

# मंत्री ने किया विकसित भारत संकल्प पेटी का विमोचन



कार्यक्रम में आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल व एमएलसी डॉ. हरिओम पांडेय।

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** प्रदेश सरकार के आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने भाजपा जिलाध्यक्ष त्र्यंबक तिवारी, विधान परिषद सदस्य डॉ. हरिओम पांडे, कार्यक्रम संयोजक विमलेंद्र प्रताप सिंह मोनू, जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय के साथ नगर के एक मैरेज हाल में विकसित भारत संकल्प पेटी का विमोचन किया। मंत्री नितिन अग्रवाल ने कहा कि चुनाव में विभिन्न राजनीतिक पार्टियां अपने घोषणा पत्र जारी करती हैं। भाजपा चुनावों में अपनी घोषणा पत्र नहीं अपितु संकल्प पत्र जारी करती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में चल रही सरकार की योजनाओं और नीतियों और जनहित के कार्यों पर आधारित भाजपा अपने संकल्प पत्र को जनता की सुझाओं को समाहित कर जारी करती है। उन्होंने कहा कि भारत के एक करोड़ लोगों से विकसित भारत संकल्प पत्र पेटी द्वारा उनके विचार प्राप्त करने के लिए भारत संकल्प पत्र पेटी का विमोचन भाजपा ने कर दिया है। अयोध्या में राम मंदिर निर्माण, कश्मीर की धारा 370 की समाप्ति, मुस्लिम बहनों की तीन तलाक से मुक्ति, प्रत्येक बेघर को प्रधानमंत्री आवास, हर घर नल से शुद्ध जल पहुंचाने का कार्य, स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत सफाई अभियान, शौचालय निर्माण आदि जनहित के कार्यों को लेकर जनता का आशिर्वाद प्राप्त करेगी।

# क्रिकेट टूनामेंट का पिस्टल से फायर कर किया उद्घाटन, वीडियो वायरल

**पुलिस ने अर्द्ध सैनिक बल के जवान के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा**

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जनपद में सोशल मीडिया पर रंगबाजी का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें छुट्टी पर आया हुआ एक अर्द्ध सैनिक बल का जवान क्रिकेट टूनामेंट का उद्घाटन लाइसेंसी पिस्टल से फीता काटकर करते हुए नजर आ रहा है। शनिवार को वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दिया है।

अहिरौली थाना क्षेत्र के खेवार गांव में बीते दिवस आरसीसी राजपूत क्रिकेट क्लब द्वारा क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया था। जहां पर अर्द्ध सैनिक बल में तैनात जवान संतोष कुमार सिंह ने क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ अपनी लाइसेंसी पिस्टल से फायर कर फीता काट कर किया। छुट्टी पर आए जवान ने क्रिकेट टूर्नामेंट का पिस्टल से फायरिंग कर फीता काट कर उद्धघाटन किया है। जिसके बाद पिस्टल से फायरिंग कर फीता काटे जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। पुलिस ने मामले में जांच-पड़ताल कर आरोपी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

### मामले में केस दर्ज

मामले में सीओ भीटी शुभम कुमार ने बताया कि पिस्टल से फीता काटने वाले अर्द्धसैनिक बल के जवान के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। अर्द्ध सैनिक बल के जवान ने वापस ड्यूटी ज्वाइन कर लिया है। मामले की सूचना कमांडेंट को भेजी गई है।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना: ओटी-21-2023**

उप मुख्य विद्युत इंजीनियर-II/निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिये 'खुली' निविदा आमंत्रित की जाती है।

**निविदा सं0: ओटी-21-2023, कार्य का विवरण:** गोरखपुर कैंण्ट-बाल्मिकीनगर (रेल विद्युतीकरण सहित) दोहरीकरण परियोजना से सम्बन्धित पेगिंग प्लान तैयार करने, ओवर हेड /अण्डर ग्राउण्ड ट्रैक क्रासिंग बनाने, वायरिंग, पावर सप्लाई और सेक्शनिंग आरेख, टीएसडब्लूआरडी/एसडब्लूआरडी आदि की डिजाइनिंग के लिए दोहरीकरण लाइन का पैदल सर्वेक्षण इत्यादि कार्य। अनुमानित लागत: ₹ 30,83,038.00, बयाना राशि: ₹ 61,700.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य: रू. निल, कार्य पूर्ण करने की अवधि: 12 माह।

निविदा बन्द होने की अंतिम तिथि व समय: 25.03.2024 को 15.00 बजे।

**नोट:** इस निविदा के विरुद्ध कोई मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** को देखें। निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें।

**उप मुख्य विद्युत इन्जीनियर-II/निर्माण**
**मुजाधि/विद्युत-292 गोरखपुर**

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

## आयोजन

**भीटी तहसील में जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने सुनीं 373 शिकायतें, अफसरों को दिए निर्देश**

# समाधान दिवस में 26 शिकायतों का हुआ निस्तारण

जिला संवाददाता, अंबेकरनगर।



संपूर्ण समाधान दिवस में भीटी तहसील में लोगों की समस्याएं सुनते जिलाधिकारी व एसपी।

**अमृत विचार।** संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जनपद के सभी तहसीलों में किया गया। कुल 373 शिकायतें सामने आईं। जिनमें से 26 मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शेष बची हुई शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं।

तहसील भीटी में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी अविनाश सिंह और पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि संबंधित अधिकारी शिकायतों को गंभीरता से लें और तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करें। तहसील भीटी में 126 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। मौके पर 06 शिकायती प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया। मौके पर प्रभागीय वनाधिकारी प्रणव जैन, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजकुमार, जिला विकास अधिकारी सुनील तिवारी, उप जिलाधिकारी भीटी, क्षेत्राधिकारी भीटी शुभम कुमार और जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। तहसील जलालपुर में संपूर्ण समाधान दिवस पर उप जिलाधिकारी जलालपुर सुभाष सिंह के समक्ष कुल 97 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें से 04 शिकायती प्रार्थना पत्र का मौके पर निस्तारित कर दिया गया। तहसील टांडा में संपूर्ण समाधान दिवस पर मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन, अपर जिलाधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता और उप जिलाधिकारी टांडा सचिन यादव के समक्ष 50 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें से 10 शिकायती प्रार्थना पत्रों को मौके पर निस्तारित करा दिया गया। तहसील अकबरपुर में संपूर्ण समाधान दिवस पर उप जिलाधिकारी अकबरपुर पवन जायसवाल के समक्ष कुल 63 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें से मौके पर सिर्फ 02 का निस्तारण किया गया। तहसील आलापुर में 37 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें से 04 का निस्तारण हुआ। वहीं शेष 33 शिकायती प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभाग के अधिकारियों को निस्तारण के लिए निर्देश दिए गए हैं।

### लाभार्थियों से अच्छा व्यवहार करें अधिकारी

जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यालय प्रत्येक दिन समय से खुले और कार्यालय में जो भी लाभार्थी आएं उनसे अच्छा व्यवहार किया जाए। उनके लिए पीने के लिए पानी और बैठने की व्यवस्था किया जाए। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जमीनी विवाद सम्बंधित सभी प्रकरणों में पुलिस और राजस्व की टीमों द्वारा संयुक्त रुप से मामले का निस्तारण किया जाए।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-टेंडरिंग निविदा सूचना सं. 12/2024**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मण्डल रेल प्रबन्धक (इंजी.), पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाइन (ई-टेंडरिंग) के माध्यम से ''खुली'' निविदा आमंत्रित करते हैं :

**क्र. सं. : 1, कार्य का विवरण :** स.म.इं./फतेहगढ़ के अधिकार क्षेत्र में (1) सीमित दृश्यता वाले एलसी गेट की इंटरलॉकिंग से सम्बन्धित सिविल कार्य। (2) इंटरलॉक्ड एलसी गेटों की विश्वसनीयता में वृद्धि और सुधार के सम्बन्ध में सिविल कार्य, **अनुमानित लागत :** रु. 1,59,51,695.15, **बयाना राशि :** रु. 2,29,800/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य, **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 10 माह। **क्र. सं. : 2, कार्य का विवरण :** स.म.इं./मथुरा के अधिकार क्षेत्र में (1) सीमित दृश्यता वाले एलसी गेट की इंटरलॉकिंग से सम्बन्धित सिविल कार्य। (2) इंटरलॉक्ड एलसी गेटों की विश्वसनीयता में वृद्धि और सुधार के सम्बन्ध में सिविल कार्य, **अनुमानित लागत :** रु. 1,39,72,261.35, **बयाना राशि :** रु. 2,19,900/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य, **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 10 माह। **क्र. सं. : 3, कार्य का विवरण :** स.म.इं./लाइन/इज्जतनगर के अधिकार क्षेत्र में ट्रैक मेन्टेनरों की रिक्त पदों के विरूद्ध आउटसोर्सिंग के तहत एक वर्ष के लिए ट्रैक अनुरक्षण का कार्य कराया जाना, **अनुमानित लागत :** रु. 3,60,22,188.59, **बयाना राशि :** रु. 3,30,100/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य, **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 12 माह।

**1.** क्रम सं. 1 एवं 2 की ई-निविदा दिनांक 27.03.2024 को 15.00 बजे तक आनलाइन जमा कर सकेंगे। **2.** क्रम सं. 3 की ई-निविदा दिनांक 28.03.2024 को 15.00 बजे तक आनलाइन जमा कर सकेंगे। **3.** ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

**मण्डल रेल प्रबन्धक (इंजी.)**
**मुजाधि/डब्ल्यू-564 इज्जतनगर**

ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें

**अमृत विचार** एक सम्पूर्ण अखबार
**क्लासीफाइड**

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मैं जन्मेजय बुधौलिया पिता का नाम विनोद कुमार तथा माता का नाम वंदना है। मेरे हाई स्कूल अंक पत्र में माता पिता का यही नाम दर्ज है। मेरे इंटर के अंक पत्र में माता का नाम वंदना बुधौलिया पिता का नाम विनोद बुधौलिया कर दिया है। दोनो नाम मेरे माता पिता के है।माता का नाम वंदना पिता का नाम विनोद कुमार के नाम से जाना जाए। जन्मेजय बुधौलिया समदनगर महोबा।

**सूचना**
सूचित हो कि मैं SHAHZEB पुत्र SHER AFGAN निवासी-ग्राम बड़नपूर पो0-आलियाबाद, थाना-दरियाबाद, जि0-बाराबंकी,उ0प्र0 मैंने अपना नाम SHAHZEB से बदल कर SHAHZEB SHAIKH रख लिया हैं भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाय।

**सूचना**
सूचित हो कि मैं अपने पुत्र अभय तिवारी, पुत्रवधू श्रीमती रीतू तिवारी एवम् पुत्रियों श्रीमती पूजा मिश्रा पत्नी आशीष मिश्रा, श्रीमती राधा पाठक पत्नी अभिषेक पाठक, श्रीमती नेहा तिवारी पत्नी सन्दीप तिवारी, श्रीमती नीशू मिश्रा पत्नी अवधेश मिश्रा के कार्यकलापों व आचरण से दुखी होकर उनसे अपने समस्त सम्बन्ध विच्छेद कर रहा हूँ। आज से उनके द्वारा किये गये किसी भी अच्छे बुरे काम की जिम्मेदारी मेरी नहीं होगी। **अजय कुमार तिवारी पुत्र श्रीकान्त तिवारी निवासी 124/41 सी ब्लाक गोविन्द नगर, कानपुर नगर।**

**सूचना**
सूचित हो कि मेरे मुंशी व कामिल की मार्कशीट मदरसा शिक्षा परिषद लखनऊ में मुंशी का रोल न. 841/1998 व कामिल का रोल न. 3078/2006 है। वास्तव में कही खो गई है। **मो. सलीम पुत्र मेहंदी हसन, निवासी- बनबीर पुर, पो.- सदरपुर तहसील महमूदाबाद जिला सीतापुर**

**सूचना**
सूचित हो कि मेरा नाम लाल बहादुर पुत्र राजेंद्र सिंह है। यही नाम सही भी है, लेकिन मैने अपना नाम लाल बहादुर से बदलते हुए लाल बहादुर सिंह पुत्र राजेंद्र सिंह रख लिया है। दोनों नाम के एक ही व्यक्ति है। ऐसे में मुझे लाल बहादुर सिंह के नाम से जाना और पहचाना जाए। **- लाल बहादुर सिंह पुत्र राजेंद्र सिंह, निवासी- ग्राम गंगापुर कोतवाली मुर्तिहा, तहसील मिहीपुरवा/मोतीपुर, बहराइच।**

## एक नजर

### वार्ड के लोगों ने होलिका दहन स्थल से अतिक्रमण हटाने की उठाई मांग

**परसपुर, गोंडा:** नगर के वार्ड नम्बर 14 दक्षिणी नौशहरा स्थित होलिका दहन स्थल पर अवैध अतिक्रमण हटाने को लेकर वार्ड वासियों ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया है। और कहा है कि परसपुर नगर पंचायत के वार्ड नम्बर 14 नौशहरा दक्षिणी में सैकड़ों वर्षों से आबादी क्षेत्र में होली पर्व की परम्परा में होलिका दहन स्थल नियत है। जिस पर प्रति वर्ष परम्परागत होली दहन उत्सव मनाया जाता है। किन्तु यह भूमि आसपास के रहने वाले लोगों के अतिक्रमण का शिकार है। कुछ लोगों ने होलिका दहन की भूमि पर अतिक्रमण करके अवैध कब्जा कर लिया है तथा होलिका दहन स्थल के आवागमन वाले रास्ता को बंद कर बाधित कर दिया है। जिससे आने जाने वाले लोगों को दिक्कतें झेलनी पड़ रही है। इस प्रकरण में इससे पहले भी नगर पंचायत अध्यक्ष को प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया गया है। वहीं सम्पूर्ण समाधान दिवस में परसपुर नगर अध्यक्ष द्वारा जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया गया। किंतु समुचित समाधान नहीं हो पाया है। जिससे क्षुब्ध लोगों ने समाधान न होने पर स्नेह सौहार्द का प्रतीक रंगों का त्यौहार होली पर्व न मनाने की विवशता बयां की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो वे आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

### अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी ने किया निरीक्षण

**रुपईडीह, गोंडा:** ब्लॉक की ग्राम पंचायत भैरमपुर का मनरेगा के अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी राजेश कुमार सोनी ने स्थलीय भ्रमण किया। यहां पर उन्होंने मनरेगा के तहत हो रहे जलाशय के सुंदरीकरण कार्य में लगे श्रमिकों की उपस्थिति के बारे में जानकारी हासिल की। उन्होंने रोजगार सेवक अनिल कुमार मिश्र को शीघ्र ही निर्माण कार्य पूरा कराए जाने का निर्देश दिया।

# मंडल की चार सीटों में दो पर टिकट पक्का, दो पर असमंजस

## कैसरगंज, गोंडा के साथ बहराइच व श्रावस्ती में भी दावेदारों में बेचैनी

- अपने- अपने स्रोत से दावेदारी पक्की करने में जुटे रहे लड़ाके

अरुण कुमार मिश्र, गोंडा

**अमृत विचार:** दिल्ली में चल रही बैठक पर जिले ही नहीं मंडल के लोगों की निगाहें टिकी रहीं। शनिवार को लोग अपने तरीके से जानकारी करने में लगे रहे कि संसदीय सीटों के बारे में क्या हो रहा है। कई तरह की चर्चाएं भी जोर पकड़े रहीं। मंडल की एक बहुचर्चित संसदीय सीट से सिटिंग सांसद के टिकट को लेकर अफवाहों का दौर चलता रहा। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही सूचनाओं की तस्दीक करने में लोगों के पसीने छूटते रहे। वहीं एक अन्य संसदीय सीट पर बदलाव होने की चर्चा रही। मौजूदा सांसद के पाला बदलने की बातें तर्क देकर लोग करते दिखे। फिलहाल राजनीतिक लोग किसी भी सूचना की पुष्टि करते नहीं दिखे। पूरे दिन मौसम की तरह ही राजनीतिक माहौल भी बदलता दिखा। देर शाम को आई सूची में गोंडा के सिटिंग सांसद कीर्तिवर्धन सिंह व श्रावस्ती से साकेत मिश्रा को भाजपा ने प्रत्याशी घोषित कर दिया है।

सोशल मीडिया पर सूचना आई कि दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पत्रकार वार्ता है। इसके बाद प्रदेश की कुछ सीटों को लेकर सोशल मीडिया पर टिकट कटने, बदलने और होल्ड किए जाने की सूचना से लोगों की जिज्ञासा बढ़ी रही। इसमें मंडल की तीन सीटों को लेकर असमंजस की सूचना रही। कैसरगंज, बहराइच, श्रावस्ती की सीटों को लेकर ऊहापोह की स्थिति रही। टीवी और सोशल मीडिया पर लोगों की निगाहें टिकी रहीं। आ रही सूचनाओं को लोग फैलाते रहे। फिलहाल लोग दावा करते रहे कि कैसरगंज के सांसद बृजभूषण शरण सिंह का टिकट कट नहीं सकता है। भाजपा जिताऊ प्रत्याशी उतारना चाहती है, ऐसे में उनसे मजबूत प्रत्याशी कोई है नहीं। इसके अलावा बहराइच से सांसद अछैवर लाल गौड़ के कमजोर होने की बात तो लोग करते रहे, वहीं श्रास्वती में बड़े बदलाव के संकेत देते रहे। इसका परिणाम भी दिखा और यहां पूर्व सांसद दद्दन मिश्रा या अन्य की जगह साकेत मिश्रा को प्रत्याशी बना दिया गया।

### चार बार के सांसद कीर्तिवर्धन पर भाजपा ने लगाया दांव



मनकापुर राजघराने के कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भइया पर भाजपा ने तीसरी बार दांव लगाया है। आजादी से राजनीति की धुरी रहा राजघराने में कुंवर आनंद सिंह 1971 में राजनीति में आए और पहली बार में ही वह कांग्रेस के टिकट पर सांसद बने। इसके पहले उनके पिता आजादी से पहले ही विधान परिषद के सदस्य रहे। गोंडा सीट पर मौजूदा सांसद कीर्तिवर्धन सिंह के पिता कुंवर आनंद सिंह 1971, 1980, 1984 च 1989 में लगातार सांसद चुने गए। 1991 में परिदृश्य बदला और राम लहर में वृजभूषण शरण सिंह सांसद बने। लेकिन 1999 में कुंवर आनंद सिंह के इकलौते पुत्र कीर्तिवर्धन सिंह की इंट्री राजनीति में हुई। वह समाजवादी से मैदान में उतरे और चुनाव जीत गए। इसके बाद वह 2004 में सपा के टिकट पर चुनाव जीते। 2014 में राजनीति का परिदृश्य देखते हुए वह भाजपा में शामिल हुए और भाजपा के टिकट पर विजई हुए। विजय का क्रम उन्होंने 2019 में भी जारी रखा।

### दो सीटों में बदलाव समीकरण के आधार पर होने के आसार

भाजपा इस बार सभी सीटों को जीतने के लिए समीकरण को साधने में जुटी है। माना जा रहा है कि मंडल की चार सीटों में एक आरक्षित है और तीन सीटों में एक सीट पर पिछड़े वर्ग को लड़ाने की संभावना है। जिसमें श्रावस्ती सीट पर सभी की निगाहें टिकी रहीं। अब बची गोंडा और कैसरगंज सीट पर इस दोनों प्रत्याशियों के बदलाव के संकेत भी मिल रहे थे। लेकिन गोंडा सीट पर भाजपा ने अपने दो बार के सिटिंग एमपी कीर्तिवर्धन सिंह पर ही दांव खेला है। गोंडा संसदीय सीट से श्रेया वर्मा को सपा ने प्रत्याशी बनाकर भाजपा को बड़ी चुनौती दी है, इसकी काट निकालने में भाजपा के रणनीतिकार पूरी शिद्दत से जुटे थे और अंतत: भाजपा से सिटिंग एमपी को ही प्रत्याशी घोषित कर दिया है।

# शौचालयों पर लटका है ताला, आक्रोश

करनैलगंज, गोंडा

**अमृत विचार:** विकासखंड की ग्राम पंचायतों में कागजों पर भले ही सामुदायिक शौचालयों का संचालन हो रहा हो। लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है। यहां के अधिकतर गांवों में या तो सामुदायिक शौचालय मानक विहीन निर्माण के चलते खराब हो चुके है या फिर उनके ताले ही नहीं खुल रहे हैं। ऐसे में ग्रामीणों को अब भी खुले में शौच के लिए जाना पड़ रहा है। लोगों को सुविधाएं देने के लिए भारी-भरकम बजट खर्च कर बनाए गए शौचालय का लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल रहा है। सामुदायिक शौचालय पर ताला लटकने से स्थानीय लोगों को लाभ तो दूर रखरखाव तक नहीं हो पा रहा है। वहीं जिम्मेदार अधिकारी शिकायतों के बाद भी इस तरफ ध्यान न देकर अंजान बने हुए हैं। शनिवार को अमृत विचार ने स्थानीय खंड विकास कार्यालय से चन्द दूरी पर ही स्थित ग्राम पंचायत कादीपुर में बने सामुदायिक शौचालय का जायजा लिया तो पता चला कि शौचालय पर ताला लगा हुआ है। शौचालय के बाहर झाड़झंखाड़ उग चुके है। गांव वालों ने बताया कि इस शौचालय का ताला हमेशा बन्द ही रहता है। शौचालय पर लिखी जानकारी के अनुसार इसका संचालन अन्नपूर्णा स्वयं सहायता समूह के जिम्मेदारी पर है। केयर टेकर के मोबाइल पर फोन करने पर पता चला कि शौचालय का मोटर जल चुका है। यही हाल ग्राम पंचायत नरायनपुर मांझा के कटराघाट पर बने सार्वजनिक सुलभ शौचालय में देखने को मिला यहां शौचालय में ताला लगा मिला। इसी प्रकार ग्राम पंचायत बसेहिया में बने सामुदायिक शौचालय, ग्राम पंचायत मुंडेरवा में बने सामुदायिक शौचालय व ग्राम पंचायत बुढ़वलिया में सामुदायिक शौचालय एवं स्नान घर में ताला जड़ा मिला। ग्रामीणों ने बताया कि केयर टेकर द्वारा शौचालय का ताला नहीं खोला जाता है। जबकि प्रतिमाह शौचालयों के संचालन के लिए स्वयं सहायता समूहों को पैसा जाता है। इस विषय पर एडीओ पंचायत सुभाष चंद्र पाण्डेय का कहना है कि पंचायत सचिव के जिम्मे समूहों को भुगतान करना रहता है। संचालन प्रधान व सचिव के जिम्मे रहती है।



शौचालय पर लटका ताला। अमृत विचार

### जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट, केस दर्ज

**परसपुर, गोंडा:** थाना क्षेत्र के ग्राम दूबे पुरवा बरतरा में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गयी। जिसमें तीन लोग चोटिल हो गए। पीड़ित ओमकार दूबे ने पुलिस को तहरीर देकर मारपीट मामले में नामजद चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि शनिवार को दोपहर में उसके नम्बर की जमीन में आकर विपक्षियों ने उससे अभद्रता व मारपीट किया। वहीं इसी मामले में बृजेश मिश्रा ने मारपीट मामले में दो लोगों के विरुद्ध पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि खेत के मेड पर लगा पेड़ काटने के विवाद को लेकर विपक्षियों ने अभद्रता करते हुए उससे मारपीट व जानमाल की धमकी दी। इस बाबत प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार शुक्ल ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर पर बृजेश मिश्रा, अशोक मिश्रा, अतुल व इन्द्र कुमार एवं ओमकार नाथ दूबे, संजय दूबे के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है।

# सीएचसी पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख ने की टीकाकरण अभियान की समीक्षा

बेलसर, गोंडा

**अमृत विचार:** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेलसर पर वैक्सीनेशन अभियान का पूर्व ब्लाक प्रमुख अजीत सिंह ने अवलोकन किया। अरविंद श्रीवास्तव एवं अनिल कुमार वैक्सीनेशन किट को वितरित कर रहे थे। अनिल कुमार ने बताया कि आज 32 गांव में टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। पूर्व प्रमुख अजीत सिंह ने कहा कि टीकाकरण बच्चों के रोग प्रतिरोधक तंत्र को मजबूत बनाता है और उन्हें विभिन्न जीवाणु तथा विषाणुओं से लड़ने की शक्ति प्रदान करता है। उन्होंने आगे कहा कि किसी बीमारी के विरुद्ध प्रतिरोधक क्षमता विकसित करने के लिए जो दवा पिलाई जाती है उसे टीका कहते हैं। केंद्र एवं प्रदेश सरकार ने टीकाकरण का वृहद पैमाने पर कार्य किया है। जिससे खसरा, रूबेला, टिटनेस, डायरिया तथा पोलियो आदि बीमारियों नियंत्रण किया जा सका है।


टीकाकरण की जानकारी लेते पूर्व ब्लॉक प्रमुख अजीत सिंह। अमृत विचार

# कानून व्यवस्था ध्वस्त, सरकार हो बर्खास्त

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** प्रदेश की बदहाल कानून व्यवस्था, महिला तथा दलित उत्पीड़न की घटनाओं के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के नेतृत्व में जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन कर कांग्रेसियों ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौपा।

मांग पत्र में उत्तर प्रदेश में कई घटनाएं जिसमें पेड़ से लटके दो नाबालिग बहनों के शव ईंट से कुचलकर हत्या के साथ ही आईआईटी बीएचयू कैंपस में गैंगरेप, रामपुर में दलित छात्र की पुलिस गोली से हुईं मौत का हवाला देते हुए डबल इंजन की सरकार को बर्खास्त करने की मांग की गई। जिला अध्यक्ष प्रमोद मिश्रा ने कहा कि भाजपा सरकार तानाशाही रुख अपना रही है। कानून व्यवस्था ध्वस्त है। दलित व गरीबों को परेशान किया जा रहा है। ऐसी सरकार को सत्ता में रहने का कोई अधिकार नहीं है। राष्ट्रपति को तानाशाही से शासन करने वाली सरकार को बर्खास्त कर देना चाहिए।

ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रुप से शिव कुमार दुबे, सगीर खान, जटाशंकर सिंह, सुभाषचंद्र पांडेय, प्रद्युम्न शुक्ला, ओम प्रकाश सोनकर, अर्जुन वर्मा, अवधेश दूबे, अरविंद शुक्ला, अविनाश मिश्रा, दिलीप शुक्ला, अतीक खान, वसीम सिद्दीकी, सैय्यद, फूल मोहम्मद, हरीश चंद्र श्रीवास्तव, राकेश राना, अवधेश तिवारी, वेद प्रकाश सिंह, अली शेर, सहजदे मेवाती, हरिराम वर्मा, मो शरीफ, राजू सेवादल, सफी मोहम्मद सहित कई कांग्रेस जन शामिल रहे।


जिलाधिकारी कार्यालय पर तैनात मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते कांग्रेस कार्यकर्ता।

# अन्नपूर्णा भवन का किया गया लोकार्पण

## ग्राम पंचायत रामनगर तरहर में डीएम व जिला पंचायत अध्यक्ष ने करवाई शुरुआत

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** शनिवार को विकास खण्ड झंझरी के अन्तर्गत ग्राम पंचायत रामनगर तरहर में नव निर्मित अन्न पूर्णा भवन का जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्रा, जिलाधिकारी नेहा शर्मा तथा मुख्य विकास अधिकारी एम. अरून्मोली ने लोकार्पण किया।

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में शनिवार को सुबह दस बजे लोक भवन सभागार लखनऊ में नव निर्मित अन्नपूर्णा भवनों के लोकार्पण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसी क्रम में जनपद के विकास खण्ड-झंझरी की ग्राम पंचायत-रामनगर तरहर में नव निर्मित मॉडल अन्नपूर्णा दुकान के लोकार्पण का सजीव प्रसारण कार्यक्रम सूचना विभाग द्वारा एलईडी वैन के माध्यम से दिखाया गया। कहा गया कि अन्नपूर्णा भवन का लोकार्पण होने से सभी को इसका लाभ मिलेगा। सजीव प्रसारण के उपरान्त जनपद में नवनिर्मित 45 अन्नपूर्णा भवनों का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर जिला पूर्ति अधिकारी कृष्ण गोपाल पाण्डेय, एआरओ पूर्ति विभाग, परियोजना निदेशक डीआरडीए / खण्डविकास अधिकारी झंझरी चन्द्रशेखर, उपायुक्त श्रम रोजगार ( डीसी) मनरेगा जनार्दन प्रसाद, सहायक विकास अधिकारी पंचायत सतीश त्रिपाठी, पूर्ति निरीक्षक बालेश्वर मणि त्रिपाठी, ग्राम पंचायत सचिव दीपक श्रीवास्तव, ग्राम प्रधान सहित संबंधित विभाग के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।


अन्नपूर्णा भवन का लोकार्पण करतीं डीएम व जिला पंचायत अध्यक्ष। अमृत विचार

# लापरवाही:परवान नहीं चढ़ी महिला मेट योजना

## दम तोड़ रही मनरेगा से हो रहा मोहभंग, 57 में से महज दस को मिला काम

बेलसर, गोंडा

**अमृत विचार:** महिलाओं को स्वावलंबी बनाए जाने के उद्देश्य से चलाई गई मनरेगा महिला मेट योजना परवान नहीं चढ़ सकी। तीन सालों में चालीस से अधिक महिला मेट को कोई काम नहीं मिल सका। कई महिला मेटों ने अब मनरेगा से किनारा कर लिया है।

विकास खंड बेलसर में 48 ग्राम पंचायतों में 57 महिला मेट की तैनाती है। महिलाओं को स्वावलंबी बनाए जाने के उद्देश्य से महिला मेट की तैनाती की गई थी। महिला मेट के लिए न्यूनतम शैक्षिक योग्यता कक्षा आठ पास थी। साथ ही एंड्रॉयड फोन चलाने का ज्ञान रखा गया था। महिला मेट की भर्ती के लिए समूह में शामिल होना अनिवार्य था। महिला मेट की मजदूरी 320 रुपए प्रतिदिन है। ग्राम पंचायतों में जब बीस मजदूर के ऊपर काम करेंगे तब महिला मेट को कार्यस्थल पर जाकर उनका विवरण पोर्टल पर ऑनलाइन करना होता है। लेकिन विकासखंड बेलसर में मनरेगा योजना पटरी पर नहीं लौट पा रही है। 48 ग्राम पंचायतों में केवल इस समय ग्राम पंचायतों में काम चल रहा है जिसमें कुल 945 मनरेगा मजदूर काम पर है, जबकि मनरेगा में पंजीकृत मजदूरों की संख्या दस हजार के ऊपर है। मनरेगा मजदूरों की मजदूरी 230 रुपया दी जाती है। लेकिन तीन माह से अधिक समय बीत जाने के बाद मजदूरी का भुगतान नहीं हुआ है। देरी से भुगतान मजदूरी कम होने से मनरेगा से मजदूरों का मोह भंग होता जा रहा है। वहीं बीस मजदूर से ऊपर होने पर महिला मेट को काम पर लगाए जाने की बाध्यता है। कई ग्राम पंचायतों में बीस से ऊपर मजदूर काम पर नहीं बुलाए गए इसलिए महिला मेटों को काम नहीं मिला। जिस महिला मेट ने काम किया उसका समय से भुगतान नहीं दिया गया इसलिए महिला मेट ने काम पर जाना बंद कर दिया है। ग्राम पंचायत बरौली की महिला मेट अर्चना ने बताया कि तीन साल में एक बार काम मिला था जिसका चार हजार रुपया दो साल पहले मिला था। उसके बाद न काम मिला न कोई और भुगतान। आदमपुर की महिला मेट सोनम सिंह ने बताया कि अभी तक एक भी दिन काम नहीं मिला। गढ़ी की संध्या सिंह ने बताया कि दो दिन तीन साल में काम मिला है। खभरोनी की आरजू बानो ने बताया कि उन्हें मालूम ही नहीं की उनका चयन महिला मेट में है। तेलहा की चंचल सिंह ने बताया कि हमारा चयन महिला मेट में है इसकी कोई जानकारी नहीं। बडनापुर की खुशबू सिंह ने कहा कि तीन साल में चार हजार रुपए का काम मिला इससे क्या हो सकता है। मैंने अपना त्यागपत्र दे दिया है। बदलेपुर की रंजना तिवारी ने बताया कि उन्होंने मेट पद से हटाए जाने के प्रार्थना पत्र एक साल पहले दे दिया है। एपीओ मनरेगा पूनम शुक्ल ने बताया कि महिला मेट को काम दिया जा रहा है। जो महिला मेट काम करना चाहती है ब्लॉक पर आकर प्रार्थना पत्र दे उनको काम दिया जायेगा।

# समरसता भोज का किया आयोजन

गोण्डा कार्यालय

**अमृत विचार:** नगर के उतरौला रोड स्थित मुंजहा बाबा आश्रम में शुक्रवार को विश्व हिंदू महासंघ के तत्वावधान में संत शिरोमणि रविदास महाराज की जयंती के उपलक्ष्य में सहभोज का आयोजन किया गया।

महासंघ के केन्द्रीय नेतृत्व के आह्वान पर चल रहे समरसता पखवारे में आयोजित इस विराट सहभोज कार्यक्रम में सुबह से शाम तक सभी वर्ग के सैकड़ों लोगों ने एक साथ जमीन पर बैठकर सौहार्दपूर्ण वातावरण में भोजन ग्रहण किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विश्व हिंदू महासंघ के मुंजहा बाबा आश्रम में जिला कार्यालय में अध्यक्ष विजय मिश्रा ने संत रविदास के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके द्वारा समाज में स्थापित किए गए सौहार्द की चर्चा कर उनका नमन किया। श्री मिश्र ने अपने सम्बोधन में महासंघ के पदाधिकारियों से जातीय भेदभाव के खिलाफ संघर्ष का आह्वान करते हुए कहा कि सनातन समाज में सौहार्द स्थापित करने के लिए संभ्रांत लोगों को मांगलिक उत्सव एवं प्रीति भोज जैसे कार्यक्रमों में भेदभाव का परित्याग करें। इस अवसर पर हर्ष कुमार सोनकर, संत मिश्र, जय मिश्रा, प्रमोद, संजय, रंजीत, प्रदीप, जेपी तिवारी, विजय प्रकाश, युवराज, बड़के आदि मौजूद रहे।


मुंजहा आश्रम में सहभोज करते लोग। अमृत विचार

# हाफिज की डिग्री लेने पर बांधी गई दस्तार



**करनैलगंज, गोंडा:** तहसील क्षेत्र के ग्राम भदैयाँ के मजरा कटहरिया निवासी 15 वर्षीय मुहम्मद मुइनुद्दीन निज़ामी पुत्र मुबारक अली निज़ामी ने मुम्बई के कुर्ला स्थित मदरसा दारुल उलूम महबूबे सुबहानी से उस्ताद हाफ़िज़ व कारी हसीबुर्रजा के शागिर्दी में हाफ़िज की डिग्री मुकम्मल की। जिसके उपलक्ष्य में मदरसे में दस्तार फजीलत व हिफ़्ज़ किरात के नाम से जलसे का आयोजन हुआ। जहाँ मदरसे से पढ़ाई मुकम्मल करने वाले छात्रों के सर पर दस्तार बांध कर प्रमाण पत्र दिये गए। कम उम्र में हिफ़्ज़ मुक़म्मल करने पर मदरसे प्रिंसिपल सय्यद इकरामुल हक़ साहब, शेखुल हदीस शाकिर हुसैन, सय्यद हसन सहित मदरसे के अन्य लोगों ने दुआएँ देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

इस अवसर पर उनके परिवार के लोगों के साथ साथ रियासत अली, रहमत अली, राहत अली, मोहम्मद जावेद, मोहम्मद इक़बाल, मोहम्मद असलम, मोहम्मद रेहान समेत तमाम लोगों ने हाफिज मुइनुद्दीन को माला पहना कर खुशी व्यक्त की।

# नायब तहसीलदार को दी विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि

## अधिकारी ने रजिस्ट्री प्रकरण में आदेश के बाद भी नहीं कराई एफआईआर

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने नायब तहसीलदार गोंडा, सदर के खिलाफ शनिवार को विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि जारी कर दी है। कूटरचित दस्तावेजों के सहारे बैनामा कराने के प्रकरण में नायब तहसीलदार द्वारा दोषी के खिलाफ एफआईआर दर्ज न कराने के चलते यह कार्यवाही की गई है।

आरोप है कि बार-बार निर्देश के बाद भी नायब तहसीलदार प्राथमिकी दर्ज कराने से टाल मटोल करते रहे। जिलाधिकारी ने साफ किया है कि जनपद में इस प्रकार की अनुशासनहीनता किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है। बता दें, जिलाधिकारी द्वारा तीन दिन पहले ही तहसीलदार सदर को भी चेतावनी दी गई है।

सार्वजनिक उपयोग की भूमि पर अनाधिकृत अध्यासन से संबंधित वादों के निस्तारण में लापरवाही के चलते यह कार्यवाही की गई थी। बड़गांव निवासी विकास कुमार तिवारी ने बीती जुलाई को आईजीआरएस के माध्यम से कूटरचित दस्तावेजों के सहारे जमीन का बैनामा कराए जाने के संबंध में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता विकास कुमार तिवारी ने बताया कि उन्होंने जानकीनगर निवासी गंगाजली से 1035 वर्ग फुट प्लाट का बैनामा नवम्बर 2018 में कराया था। इस दौरान अनुसूचित जाति की गंगाजली द्वारा गैर अनुसूचित जाति के व्यक्ति के पक्ष में भूमि विक्रय की अनुमति न्यायालय अपर कलेक्टर गोण्डा से प्राप्त किए जाने के संबंध में जानकारी दी गई। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि उसी विक्रीत भूमि का बैनामा हेमलता मौर्या द्वारा नवम्बर 2019 को लिया गया तथा न्यायालय नायब तहसीलदार गोण्डा से नामन्तरण आदेश अप्रैल 2022 को प्राप्त कर लिया गया। आरोप है कि हेमलता मौर्या ने कूटरचित दस्तावेजों को प्रस्तुत कर नियम विरुद्ध तरीके से नामन्तरण आदेश प्राप्त किया। प्राप्त शिकायत पर अपर जिलाधिकारी के स्तर पर जांच की गई। जांच में आरोप सही पाए गए। जांच रिपोर्ट के मुताबिक, हेमलता मौर्या ने दाखिले खारिज कराने के लिए अपर जिलाधिकारी गोण्डा से गैर अनुसूचित जाति के पक्ष में विक्रय किए जाने की अनुमति विषयक पत्र को कूटरचना करके आदेश की छायाप्रति प्रस्तुत की। इस कूटरचित दस्तावेज के आधार पर ही दाखिल खारिज आदेश प्राप्त किया गया। इस संबंध में नायब तहसीलदार अनुराग कुमार पाण्डेय को दोषी के विरुद्ध एफआईआर कराने के आदेश दिए गए। बार-बार निर्देशों के बावजूद उन्होंने एफआईआर नहीं दर्ज कराई।

# मन का संशय दूर करता है रामचरित मानस: लक्ष्मी



**गोंडा कार्यालय:** मन के संशय को समाप्त करने वाला ग्रंथ है रामचरित मानस। जिसने अपने जीवन में मानस को अंगीकृत कर लिया उसका जीवन सफल हो गया। उक्त विचार पंडरी कृपाल काली माता मंदिर पर आयोजित नवचंडी महायज्ञ व संगीतमय राम कथा में बाल व्यास लक्ष्मी शुक्ला ने कही। उन्होंने कहा कि जीवन जीने की कला रामचरित मानस से सीखनी चाहिए। राजा व प्रजा का जीवन, पिता व पुत्र का जीवन, परिवार कैसे चलाया जाए इस सब की व्याख्या रामचरित मानस में मिल जाएगी। बाल व्यास ने कथा का रसपान कराते हुए कहा कि सामाजिक न्याय व्यवस्था का प्रतिबिंब रामचरित मानस में मिलता है। जिस व्यक्ति के अंदर मानवता समाहित है, उसी का जीवन सफल है। मानस में तुलसी बाबा ने सभी प्रश्नों का उत्तर समाहित कर दिया है। आज के इस भाग दौड़ जीवन में रामचरित मानस का अनुकरण करके ही जीवन को सफल बनाया जा सकता है। कथा व्यास ने कहा कि नैतिकता, चरित्र व दायित्व के निर्धारण के लिए हर परिवार को रामचरित मानस का रसपान अथवा अध्ययन जरूर करना चाहिए।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में दो लोग घायल, हालत गंभीर

**खरगूपुर, गोंडा :** देर रात बाइक व साइकिल सवार की टक्कर में दोनों घायल हो गए। साइकिल सवार को गंभीर चोटे आई। दोनों को मेडिकल कॉलेज गोंडा रेफर कर दिया गया। खरगूपुर श्रावस्ती मार्ग पर स्थानीय थाना अंतर्गत ककरा बलुआ घाट पुल के निकट शुक्रवार देर रात करीब नौ बजे बाइक सवार युवक ने अज्ञात साइकिल सवार व्यक्ति को टक्कर मार दी।जिसमें अज्ञात साइकिल सवार तथा श्रावस्ती जिले के मॉडर्न थाना क्षेत्र के वीरपुर चौराहा निवासी अंकित तिवारी( 20 ) पुत्र प्रयागदत्त दोनों घायल हो गये।आसपास के लोगों ने दोनों घायलों को स्थानीय सीएचसी पहुंचाया, जहां अज्ञात साइकिल सवार व्यक्ति काफी गंभीर व बेहोश था। डॉ डॉक्टर श्वेता त्रिपाठी ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को मेडिकल कॉलेज गोंडा रेफर कर दिया।

### पूर्व प्रधान ने इलाज के दौरान तोड़ा दम

**रुपईडीह, गोंडा :** तीन दिन पहले ब्रेन हैम्रेज के शिकार हुई ब्लॉक की ग्राम पंचायत पुरैनिया की पूर्व प्रधान संतोष कुमारी पांडेय ( 58 ) की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। उनके पुत्र प्रदीप पांडेय ने बताया कि उनकी मां का घर पर अचानक स्वास्थ्य बिगड़ जाने से वह गंभीर रूप से बीमार हो गई। उपचार के लिए उन्हें जिला मुख्यालय के एससीपीएम नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। जहां पर इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

### ग्रामीणों ने की पानी टंकी के निर्माण की मांग

**रुपईडीह, गोंडा :** ब्लॉक की ग्राम पंचायत निबिहा परसपुर में राष्ट्रीय पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के तहत शुरू हुई पानी की टंकी का निर्माण ठप है। ग्राम प्रधान अनूप कुमार तिवारी ने बताया कि पानी की टंकी का निर्माण कराये जाने की मांग खंड विकास अधिकारी से की गई है। उनके इस माँग पर खंड विकास अधिकारी द्वारा शीघ्र ही टंकी का निर्माण शुरू कराये जाने का भरोसा दिया है।

### उज्ज्वला लाभार्थी महिला ने डीएम से की शिकायत

**करनैलगंज, गोंडा :** उज्ज्वला गैस की लाभार्थी का लाभ कूटरचित तरीके से किसी दूसरे को देने के मामले में पीड़िता ने जिलाधिकारी से शिकायत की है। उसका कहना है कि उसे न्याय नहीं मिल रहा है। तहसील क्षेत्र के ग्राम धौरहरा निवासिनी सावित्री पत्नी विश्राम ने डीएम नेहा शर्मा को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि वह सरैया इंडेन गैस सर्विस के यहां उज्जवला गैस की लाभार्थी में चयनित थी। लेकिन गैस एजेंसी ने फर्जी तरीके से इसका लाभ किसी दूसरे को दे दिया है। वह अनेकों बार एजेंसी पर जा चुकी है। एजेंसी द्वारा बार-बार आश्वासन दिया जा रहा है कि गैस सिलेंडर व अन्य सामग्रियां दी जाएंगी लेकिन दिया नहीं जा रहा है। पीड़ित महिला ने डीएम को पत्र देकर उज्ज्वला योजना का लाभ दिलाने व फर्जीवाड़ा करने वालों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने की मांग की है।

# यह है बाल श्रम अभियान, कूड़े में भविष्य खोज रहे नौनिहाल

मनकापुर, गोंडा

**अमृत विचार:** देश में शिक्षा का अधिकार कानून लागू है। छह से 14 वर्ष के बच्चों के लिए शिक्षा को मौलिक अधिकार का दर्जा दे दिया गया। लेकिन अभी भी बड़ी संख्या में बच्चे स्कूल से दूर हैं।

मनकापुर नगर के गांधी मोहल्ला व स्टेशन रोड के साथ विभिन्न मोहालों की सड़कों पर व स्टेशन के करीब सुबह से लेकर दोपहर तक कूड़े की ढेर से प्लास्टिक, लोहा आदि कबाड़ चुनते दर्जनों बच्चे दिख जाते हैं। जिन हाथों में किताब-कॉपी होनी चाहिए, वो बच्चे दो जून की रोटी के लिए कूड़ा चुन रहे है। पीठ पर किताबों की बोझ नहीं, बल्कि प्लास्टिक बोरी में रद्दी और गंदगी रहती है। होश संभालते ही बीमारियों की परवाह किए बिना कूड़े की ढेर से ही अपनी दिनचर्या की शुरुआत करते हैं। जबकि बच्चों को स्कूल से जोड़ने के लिए सर्व शिक्षा अभियान के तहत अभियान चलाया जा रहा है। लेकिन, कूड़े की ढेर पर कबाड़ चुनते बच्चों की टोली सरकारी घोषणा और वायदों की हकीकत बयां कर दे रहे हैं। ये बच्चे या तो स्कूल छोड़ देने वाले होते हैं या फिर अपने ही माता-पिता द्वारा जबरन कचरा बीनने में लगा दिए जाते हैं। गंदगी के बीच कबाड़ एकत्रित कर रहे बच्चो को चिंता है तो बस इस बात की कि उनका बोरा कबाड़ से कब भर जाए, ताकि जब वह शाम को जब वे अपने घर पहुंचे तो उनके माता-पिता इस छोटी सी कमाई से खुश होकर उसे दुलारे।कूड़ा बीनते हुए बच्चो से बात करने पर उन्होंने कहा कि उनके मा बाप भी कूड़ा बीनते है दिन भर कई जगहों से बोतल लोहा आदि समान इकट्ठा कर कबाड़ में बेचने पर तीन सौ से चार सौ रुपये तक कमा लेते है जिससे घर का खर्च चलता है।वही इस बाबत खंड शिक्षा अधिकारी चंद्र भूषण पांडेय ने बताया की हमेशा शिक्षा के प्रति गांव गांव जाकर बच्चों व अभिवावकों को जागरूक किया जाता है और सभी से अपने बच्चो को स्कूल भेजने के लिए कहा जाता है। ऐसे बच्चे जो कूड़ा बीनते या और कही देखे जाते है उनसे बात कर उनके अभिभावकों को बच्चो को पढ़ाने के लिए प्रेरित किया जाता है।


कबाड़ में सामान तलाशते बच्चे। अमृत विचार

### बुरी आदतों के शिकार हो जाते हैं बच्चे

कचरे वाले स्थान पर ये बच्चे अक्सर नंगे पैर व हाथ के साथ ही अत्यंत घातक और बीमारियों से युक्त कचरे के ढेर में दिन भर भटकते रहते हैं। इनमें से अधिकांश बच्चे स्कूल छोड़ देने वाले होते हैं। ऐसे बच्चे नाजुक उम्र में ही बीड़ी, सिगरेट व गुटखे आदि का सेवन करने लगते हैं। छोटी उम्र में देखे गए बड़े-बड़े सपने जब पूरे नहीं होते तो ये जाने-अनजाने स्थानीय असामाजिक तत्वों के चंगुल में फंसकर अपना जीवन बर्बाद कर लेते हैं। ऐसे बच्चों के अभिभावकों की माली हालत काफी दयनीय होती है। उनके जीवन में पढ़ाई का कोई महत्व नहीं होता है। वे चाहते हैं कि कम उम्र में ही उनके लाडले कमाई शुरू कर दें। ऐसे लोगों को बस यही चिंता रहती है कि कुछ वे कमा लें जिससे घर का खर्चा किसी तरह चल सके।

# सत्य का साथ देने से हमेशा होता है कल्याण: नारायण

**इटियाथोक, गोंडा:** ग्राम पंचायत सिसई बहलोलपुर स्थिति शिव बालेश्वर नाथ मंदिर पर आयोजित शिव महापुराण कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है।

कथा के दूसरे दिन जगन्नाथपुरी से पधारे संत श्रीनारायण दास ने भगवान शिव के कथा का सुंदर वर्णन किया। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति सत्य का साथ देता है उसका कल्याण अवश्य होता है। सत्य का मार्ग कभी नहीं छोड़ना चाहिए। भगवान शिव का नाम उच्चारण करने से सारे बंधनों से व्यक्ति दूर होकर व्यक्ति को सारे संसार का वैभव प्राप्त होता है। जीवन में व्यक्ति का प्रभाव का उसके कर्म से बढ़ता है इसलिए जीवन में अच्छे कर्म करे। जो व्यक्ति अभिमान करता है वह नष्ट हो जाता है।अगर किसी व्यक्ति के पास धन-पद प्रतिष्ठा है तो उसका अभिमान कभी नहीं करना चाहिए। व्यक्ति कितने भी बड़े पद पर हो सरल स्वभाव से बात करना चाहिए। जीवन में दान पुण्य अवश्य करना चाहिए, जिनके घर में शाम को दिए जलते हैं । वे भाग्यशाली होते हैं। जीवन में सनातन धर्म का झंडा हमेशा फहराते रहना चाहिए। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सुरेंद्र तिवारी, चन्दन तिवारी, अंगद तिवारी,उमाशंकर तिवारी, शिवम तिवारी, मनमोहन तिवारी कमल कांत विजयशंकर तिवारी संदीप तिवारी कमलेश श्रीवास्तव सहित सैकड़ों भक्त मौजूद रहे।

# 91 प्रार्थनापत्रों में मात्र पांच का मौके पर हुआ निस्तारण

## संपूर्ण समाधान दिवस पर डीएम ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं

- शिकायत पत्रों का समय से और गुणवत्तापूर्ण तरीक से निस्तारण करें अधिकारी

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** शनिवार को तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील सदर में डीएम ने फरियादियों की समस्याओं को सुना तथा शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के लिए सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को प्रेषित किया।

जनसुनवाई के दौरान तहसील सदर गोंडा में कुल 91 प्रार्थना पत्र आए जिसमें पांच का मौके पर ही हुआ निस्तारण हुआ। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने निर्देश दिए कि समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के लिए टीम गठित किया जाए तथा टीम द्वारा शिकायत का मौके पर स्थलीय जांच कर गुणवत्ता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित किया जाए।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार रावत, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा रश्मि वर्मा, उपजिलाधिकारी सदर गोंडा सुशील कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर गोण्डा, तहसीलदार सदर गोंडा अखिलेश कुमार, नायब तहसीलदार अनुराग पाण्डेय, देवेन्द्र कुमार, उपनिदेशक कृषि प्रेम ठाकुर, परियोजना निदेशक डीआरडीए चंद्रशेखर, जिला पंचायत राज अधिकारी लालजी दूबे, जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश चौधरी, जिला पूर्ति अधिकारी, सिंचाई विभाग, लघु सिंचाई विभाग के अधिकारी, विद्युत विभाग, बीडीओ रूपईडीह, झंझरी, मुजेहना, पण्डरी कृपाल, एसएचओ कोतवाली नगर, देहात, मोतीगंज, खरगूपुर, इटियाथोक, कौड़िया बाजार, सहित अन्य सभी जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।


संपूर्ण समाधान दिवस पर समस्याएं सुनतीं डीएम नेहा शर्मा। अमृत विचार

# यहां अधूरे कामों का भी हो गया लोकार्पण

## एक ही सड़क निर्माण के दो-दो शिलापट, फिर भी निर्माण कार्य अधूरा


अधूरी सड़क जिसका कर दिया गया लोकार्पण। अमृत विचार



लोकार्पण की लगी शिलापट्टिका। अमृत विचार

करनैलगंज, गोंडा

**अमृत विचार:** मुंडेरवा गांव में प्रवेश करते ही काली सड़क से भकलागांव तक इंण्टरलाकिंग कराने के दो दो पत्थर लगाए गए हैं। तो वहीं एक बोर्ड में सतत विकास की ओर ग्राम पंचायत मुंडेरवा विकासखंड करनैलगंज में आपका स्वागत है लिखा हुआ मिलता है। यहीं से मेन रोड से भकलापुरवा तक इंटरलाकिंग कार्य का पत्थर लगाया गया है। जिसमें विधायक व सांसद का नाम लिखकर मार्ग का लोकार्पण दिखाया गया है। तो वहीं बगल में टूटे पड़े पत्थर में इसी मार्ग को वर्ष 2011 व 12 में राज्य वित्त से इंटर लाकिंग दिखाई गई है। लेकिन मौजूदा समय में यहां न तो पुरानी इंटरलाकिंग ही दिख रही है और न ही नई इंटरलाकिंग ही नजर आ रही है। अलबत्ता इस मार्ग का लोकापर्ण जरूर कर दिया गया है। जबकि उक्त मार्ग अब भी अधूरा पड़ा व्यवस्था को मुंह चिढ़ा रहा है। इस मामले में खंड विकास अधिकारी जेएन राव का कहना है कि इसकी जांच करवाई जाएगी।


छात्र-छात्राओं को जानकारी देते नेचर क्लब के अभिषेक दूबे। अमृत विचार

### नेचर क्लब ने दिया पौधे लगाने का संदेश

**गोंडा कार्यालय :** पौधे खाओ, पौधे लगाओ के संदेश के साथ नेचर क्लब फाउंडेशन की ओर से झंझरी विकास खंड के रघुनंदन विद्यापीठ एवं एम एस इंटर कालेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करके विद्यार्थियों को धरती व धरती वासियों के प्रति संवेदनशील बनाने का अभियान चलाया गया। नेचर क्लब के अभिषेक दुबे ने बताया कि मनुष्य आज धरती के शरीर में कैंसर बन चुका है अत: नई पीढ़ी को धरती के प्रति उनकी जिम्मेदारियों का अहसास कराने व उनके लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से लगातार जागरूकता कार्यक्रम शिक्षण संस्थानों में चलाया जा रहा है जिसमें धरती व प्राणियों के प्रति उचित व्यवहार के साथ सिंगल यूज प्लास्टिक को हटाने, ज्यादा से ज्यादा फलदार पेड़ लगाने, गांवों में अपने इस्तेमाल की सब्जियां स्वयं उगाने व भोजन में शुद्ध और अधिक पौध आधारित चीजें शामिल करने, सर्पदंश से बचाव के तरीके, छुट्टा पशुओं व गाय-भैंस की हत्या की समस्या को खत्म करने के लिए उनका जबरन गर्भाधान न कराना आदि विषयों पर विस्तार से समझाया गया।

### दबंगों ने की दंपति की पिटाई, केस दर्ज

**नवाबगंज, गोंडा:** बच्चों के आपसी विवाद को लेकर दबंगों ने पति पत्नी को पीटा दिया। पीड़ित ने महिला समेत दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। नवाबगंज थाना क्षेत्र के तुरकौली गांव निवासी अमर बहादुर सिंह उर्फ अनिल सिंह ने थाने पर दी गई तहरीर में कहा कि शुक्रवार को देर शाम बच्चों के आपसी विवाद को लेकर गांव के दीपू पासवान तथा सुमन देवी उसके दरवाजे पर गालियां देने लगे विरोध करने पर पिटाई कर दी।

**कार्यालय ग्राम पंचायत तिलका, वि0ख0 -कटरा बाजार - गोण्डा**

पत्रांक :- मेमो दिनांक: - 28/02/2024

निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-2024 में मनरेगा योजनान्तर्गत चयनित कार्य सुभानअल्ला के घर से किशोरी के घर तक सी0सी0रोड निर्माण में उपयोग होने वाली सामग्री जैसे- ईट, सीमेन्ट, गिट्टी, मौरंग, बालू, ईट रोड़ा, स्था0 बालू इत्यादि सामानों से आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु दरें आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक : - 04-03-2024 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न कर बंद लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं नियम एवं शर्ते ग्राम पंचायत कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियम व शर्ते ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदध को लेकर किसी भी प्रकार का अधिकार ग्राम प्रधान का होगा।

निविदा खुलने की तिथि- 05-03-2024

अभिषेक सिंह
सचिव
ग्राम पंचायत तिलका,
वि0ख0-कटरा बाजार - गोण्डा
पिन-271503

तहरून
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत तिलका,
वि0ख0-कटरा बाजार - गोण्डा
पिन-271503

# नवंबर से नहीं हुआ मनरेगा मजदूरों का भुगतान

**रुपईडीह, गोंडा:** मनरेगा के तहत ब्लॉक की विभिन्न ग्राम पंचायतों में कार्य कर चुके श्रमिकों को गत् 11 नवंबर से मजदूरी का भुगतान नहीं हुआ है। इससे वह सभी श्रमिक मजदूरी के लिए आए दिन ब्लॉक मुख्यालय का चक्कर काट रहे हैं। श्रमिकों ने बताया कि मजदूरी का भुगतान कराए जाने की बात बीडीओ से की गई है। भुगतान न मिलने से सभी को आर्थिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्राम प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष अमित कुमार अवस्थी ने बताया कि मजदूरी का भुगतान न होने से ग्राम पंचायतों में निर्माण कार्य ठप हो गया है। ऐसी स्थिति में श्रमिकों की मजदूरी का भुगतान शीघ्र कराये जाने की आवश्यकता है। खंड विकास अधिकारी मृत्युंजय यादव ने बताया कि मनरेगा के तहत श्रमिकों को मजदूरी का भुगतान कराए जाने के लिए एफटीओ जनरेट किया जा चुका है। शीघ्र ही शासन स्तर बजट उपलब्ध होते ही से उन्हें मजदूरी की धनराशि का भुगतान कर दिया जायेगा।

# दहेज की मांग पूरी न होने पर दिया तलाक

**करनैलगंज, गोंडा:** दहेज में जमीन की मांग पूरी न होने पर पति ने फोन पर ही महिला को तलाक दे दिया। नव विवाहिता महिला के तहरीर पर पांच लोगों के विरुद्ध पुलिस ने मारपीट धमकी देने के साथ-साथ दहेज प्रतिषेध अधिनियम व मुस्लिम विवाह अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है।

कोतवाली करनैलगंज क्षेत्र के बख्शी पुरवा भोंका निवासी मोहर्रम अली की पुत्री शहर बानो की तहरीर पर पुलिस ने भोंका डीहा निवासी रिजवान अहमद, वसी खान, शाहिद खान, सज्जन व फरजाना के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। जिसमें कहा गया है कि उसका निकाह 5 नवंबर 22 को रिजवान अहमद के साथ हुआ था। पति रिजवान, ससुर सज्जन सास फरजाना उसके माता-पिता के द्वारा दिए गए दहेज से संतुष्ट नहीं थे। जब वह ससुराल गई तो उसे लगातार तंग करने लगे ताना देने लगे और खेत की मांग करने लगे। 9 जनवरी 24 को सुबह रिजवान ने मुंबई से फोन पर उसे जबरन तलाक दे दिया और मना करने पर उसे मारा पीटा और सादे स्टांप पर उसका अंगूठा लगवा लिया। यह सब जानकर उसके पिता मोहर्रम अली को दिल का दौरा पड़ गया और वह भर्ती हो गए।

### किन्नरों के सीमा विवाद में पांच पर मुकदमा दर्ज

**करनैलगंज, गोंडा:** एक किन्नर की तहरीर पर दूसरे किन्नर सहित पांच नाम जब व दो अज्ञात के विरुद्ध पुलिस ने मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। सपना किन्नर निवासी भंभुआ ने चांदनी किन्नर, तन्नू, मोहिता तथा निखिल व शारुख सहित दो अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। जिसमें कहा है कि वह किन्नर समुदाय से आती है और होली त्यौहार की त्यौहारी लेने के लिए धौरहरा चौराहा सरयू पुल के पास त्योहारी ले रही थी। अचानक विपक्षी लोग आए और उनके ड्राइवर पहलाद व उनके चेलों से मारपीट करने लगे।

# छात्र पंचायत ने सौंपा ज्ञापन

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** छात्र पंचायत के कार्यकर्ताओं द्वारा सेंट फ्रांसिस इंटर कॉलेज शांति नगर कटरा बाजार में छात्र के साथ शारीरिक दुष्कर्म को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय पर सौपा गया। छात्र पंचायत के जिला महामंत्री आशुतोष तिवारी ने बताया कि स्कूल के स्टाफ चार्ल्स लाल के द्वारा विद्यालय के शिक्षा ग्रहण कर रहे एक सात वर्षीय छात्रा के साथ विगत एक वर्ष से दुष्कर्म किया जा रहा था, लेकिन उस कर्मचारियों पर विद्यालय प्रशासन के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है। यह घटना विद्यालय परिवार की लापरवाही से हुई है। हमारी मुख्यमंत्री से यही मांग है कि इस प्रकार की जितने विद्यालय हैं सभी विद्यालयों को बंद किया जाए। सौरभ ओझा ने बताया कि इस छात्र ने हिम्मत कर अपने घर वालों को तो बताया लेकिन पता नहीं कितने ऐसे छात्र इसी स्कूल में होंगे जिन्होंने इस घटना के बारे में अपने परिवार में नहीं बताया। वह दिन प्रतिदिन घुट घुट कर मर रहे हैं। प्रशासन के द्वारा अगर जल्द जल्द से सख्त कार्रवाई नहीं की गई तो छात्र पंचायत के कार्यकर्ता आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस अवसर पर महेश मिश्रा, रोहित तिवारी, मोहित कुमार सौरभ पांडे सूरज सिंह, कुलदीप पांडे ,नीरज मिश्रा, शुभम शुक्ला, प्रवीण तिवारी आदि लोग उपस्थित रहे।


ज्ञापन देते छात्र पंचायत के सदस्य। अमृत विचार

**कार्यालय ग्राम पंचायत उर्दी गोण्डा, वि0ख0 -कटरा बाजार - गोण्डा**

पत्रांक :- मेमो दिनांक: - 28/02/2024

निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-2024 में मनरेगा योजनान्तर्गत चयनित कार्य इरसाद के घर से इब्राहिम के घर तक इन्टरलाकिंग निर्माण में उपयोग होने वाली सामग्री जैसे- ईट, सीमेन्ट, गिट्टी, मौरंग, बालू, ईट रोड़ा, स्था0 बालू इत्यादि सामानों से आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु दरें आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक : - 04-03-2024 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न कर बंद लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं नियम एवं शर्ते ग्राम पंचायत कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियम व शर्ते ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदध को लेकर किसी भी प्रकार का अधिकार ग्राम प्रधान का होगा।

निविदा खुलने की तिथि- 05-03-2024

पूजा भारती
सचिव
ग्राम पंचायत उर्दी गोण्डा,
वि0ख0-कटरा बाजार - गोण्डा

तहरून
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत उर्दी गोण्डा,
वि0ख0-कटरा बाजार - गोण्डा

# हीटवेव प्रबंधन में गोंडा को प्रदेश में 5वीं रैंक

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** हीटवेव से बचाव को लेकर बनाए गए शार्ट वीडियो का उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ने राज्य स्तर पर उद्घाटन किया तथा आपदा प्रबंधन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा किये जा रहे सार्थक कार्यों की सराहना की।

बताते चलें कि हीटवेव प्रबंधन में जनपद को राज्य स्तर पर 5वीं रैंक हासिल हुई है। शुक्रवार को उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तत्वावधान में पं दीन उपाध्याय राज्य ग्राम्य प्रशिक्षण संस्थान बख्शी तालाब लखनऊ में हीटवेव प्रबंधन को लेकर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल योगेन्द्र डिमरी और परियोजना निदेशक डा कनीज फातिमा ने जिले के आपदा विशेषज्ञ को सम्मानित किया। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने इस उपलब्धि पर बधाई दी है। बताते चलें कि उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा इस वर्ष संभावित लू बचाव को लेकर प्रदेश के विभिन्न विभागों आपदा, स्वास्थ्य, श्रम, कृषि सहित अन्य विभागों के अधिकारियों को एक दिवसीय कार्यशाला में प्रशिक्षण दिया गया तथा आने वाले दिनों में लू से बचाव को लेकर तैयारियां पूरी करने के निर्देश भी दिये गये। कार्यशाला में बताया गया कि जलवायु परिवर्तन के कारण आपदाओं के स्वरूप, समय तथा व्यापकता में परिवर्तन आ रहा है। जलवायु परिवर्तन के कारण विगत वर्षो में प्राकृतिक एवं मानव जनित आपदाओं मे वृद्धि हुई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार पृथ्वी के औसतन तापमान में प्रतिवर्ष वृद्धि हो रही है, इससे ग्लोबल वार्मिंग के कारण तापमान व वर्षा प्रक्रिया मे निरन्तर बदलाव होने से बाढ, चक्रवात, सूखा, बेमौसम बरसात हीटवेव/लू आदि प्राकृतिक आपदाओं में भी वृद्धि हो रही है, जिसके कारण जन-धन व फसलों की हानि होती है। इसलिए बढ़ते तापमान एवं लू से जनमानस को बचाने के लिए विभिन्न विभागों के समन्वय से जनपद स्तर पर कार्ययोजना तैयार कराई जा रही है। जिलाधिकारी के निर्देशन में जनसामान्य को लू से बचने के लिए कार्य योजना के अनुसार कार्यवाही सम्पादित कराई जाएगी। जिला आपदा विशेषज्ञ राजेश श्रीवास्तव ने बताया कि हीटवेव (लू) के प्रबंधन का मुख्य उद्देश्य यह है कि अधिकतम व्यक्तियों को ऐसी परिस्थितियों के लिए तैयार किया जा सके। कार्यक्रम में मौसम विभाग के निदेशक, गुजरात से आए मौसम विशेषज्ञ, प्रोजेक्ट क्वार्डिनेटर प्रवीन किशोर सहित जिलों के अपर जिलाधिकारी, जिला आपदा विशेषज्ञ बलरामपुर अरुण सिंह, सहित अन्य उपस्थित रहे।


जिला आपदा प्रबंधक को सम्मानित करतीं आपदा प्रबंधन की प्रदेश स्तरीय अधिकारी।

### बारिश से तिलहन की फसल को क्षति

**गोंडा कार्यालय:** जनपद मे शनिवार को हुई बेमौसम बारिश व तेज हवा किसानों के लिए समस्या बन गयी। जिसके चलते तिलहन की फसलों को नुकसान हुआ है। मौसम की मार का कहर सबसे अधिक किसानों पर पड़ा है। वहीं तेज हवा चलने से ग्रामीण क्षेत्रों की विजली आपूर्ति भी बाधित रही। कई जगह लाइन खराब हुई जिसे बनाने मे कर्मचारी हलकान रहे। शनिवार दोपहर बाद अचानक हवाओं के बीच बरसात होने लगी। बरसात से किसानों के इस समय खेतों में तैयार सरसों लाही की फसलें जो पककर तैयार थी तो कुछ किसानों ने अपनी पकी फसल की कटाई कर रखा था।

**कार्यालय ग्राम पंचायत तिलका, वि0ख0 -कटरा बाजार - गोण्डा**

पत्रांक :- मेमो दिनांक: - 28/02/2024

निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-2024 में मनरेगा योजनान्तर्गत चयनित कार्य कुकुरभुकवा में सुरेन्द्र के घर से मोतीलाल के घर तक इन्टरलाकिंग निर्माण में उपयोग होने वाली सामग्री जैसे- ईट, सीमेन्ट, गिट्टी, मौरंग, बालू, ईट रोड़ा, स्था0 बालू इत्यादि सामानों से आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु दरें आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक : - 04-03-2024 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न कर बंद लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं नियम एवं शर्ते ग्राम पंचायत कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियम व शर्ते ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदध को लेकर किसी भी प्रकार का अधिकार ग्राम प्रधान का होगा।

निविदा खुलने की तिथि- 05-03-2024

अभिषेक सिंह
सचिव
ग्राम पंचायत तिलका,
वि0ख0-कटरा बाजार - गोण्डा
पिन-271503

तहरून
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत तिलका,
वि0ख0-कटरा बाजार - गोण्डा
पिन-271503

**कार्यालय ग्राम पंचायत सेहरिया कला, वि0ख-कटरा बाजार - गोण्डा**

पत्रांक :- मेमो दिनांक: - 28/02/2024

निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-2024 में मनरेगा योजनान्तर्गत चयनित कार्य मेन सड़क से प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण तक इन्टरलाकिंग निर्माण में उपयोग होने वाली सामग्री जैसे- ईट, सीमेन्ट, गिट्टी, मौरंग, बालू, ईट रोड़ा, स्था0 बालू इत्यादि सामानों से आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु दरें आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक : - 04-03-2024 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न कर बंद लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं

नियम एवं शर्ते ग्राम पंचायत कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियम व शर्ते ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदध को लेकर किसी भी प्रकार का अधिकार ग्राम प्रधान का होगा।

निविदा खुलने की तिथि- 05-03-2024

सुधांशु वर्मा
सचिव
ग्राम पंचायत सेहरिया कला,
वि0ख0-कटरा बाजार - गोण्डा

कमरुलनिशा
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत सेहरिया कला,
वि0ख0-कटरा बाजार - गोण्डा

## एक नजर

### सांसद ने सुझाव पत्र के बारे में दी जानकारी

**बहराइच :** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर सांसद बहराइच अक्षयवरलाल गोंड़ के द्वारा विकसित भारत संकल्प सुझाव पत्र लॉन्चिंग प्रेस वार्ता कार्यक्रम किया गया। इस अभियान के जिला संयोजक रणविजय सिंह, सह संयोजक डॉक्टर राजू निगम, जिला उपाध्यक्ष भाजपा सुषमा चौधरी, जिला मंत्री डॉक्टर डिंपल जैन, जिला मीडिया प्रभारी भाजपा देवेंद्र कुमार मिश्रा, आईटी संयोजक प्रमोद पांडे, सोशल मीडिया प्रभारी एकता जायसवाल सहित तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### अनियंत्रित बाइक पलटी, युवक घायल

**बहराइच :** रामगांव थाने के बसौना के मजरे चाइनपुरवा निवासी रमेश पुत्र जगदीश शुक्रवार देर रात कोई सामान बाजार से लाने को बाइक से निकला ही था। इसी दौरान उसका बाइक से नियंत्रण खो जाने पर बाइक पलट गई। जिसके चलते वह घायल हो गया। लोगों की सूचना पर उसके परिजनों ने मौके पर पहुंच कर एंबुलेंस मंगाकर घायल को मेडिकल कॉलेज लेकर आए। चिकित्सकों ने उसे भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया है। बहराइच। दरगाह थाना क्षेत्र के मोहल्ला हमजापुरा निवासी सुलोचना पत्नी जटाशंकर ने शुक्रवार को जहरीला पदार्थ खा लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। जिला अस्पताल से गंभीर हालत में लखनऊ रेफर कर दिया गया। शनिवार को महिला की मौत हो गई। जिस पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### दो एडीओ से स्पष्टीकरण तलब

**बहराइच, अमृत विचार :** नानपारा में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में शनिवार को रिसिया विकासखंड के सहायक विकास अधिकारी सहकारिता और पंचायत अनुपस्थित रहे जिस पर एसडीएम ने दोनों से स्पष्टीकरण तलब किया है। नानपारा तहसील में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस की सुनवाई उप जिलाधिकारी अश्वनी पांडे की ओर से की गई। जिसमें विभिन्न मामलों का निस्तारण किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में विकासखंड रिसिया के सहायक विकास अधिकारी पंचायत और सहकारिता दोनों अनुपस्थित रहे। जिस पर एसडीएम अश्वनी पांडे ने दोनों से स्पष्टीकरण तलब करते हुए 3 दिन में जवाब तलब किया जवाब न मिलने पर वेतनरोकने की चेतावनी दी है।

### विद्यालय का वार्षिकोत्सव आज

**बहराइच :** नगर क्षेत्र के मोहल्ला मेवातीपुरा स्थित मांटेसरी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का वार्षिकोत्सव आज रविवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। प्रधानाचार्या रीता वर्मा ने बताया कि प्रतिवर्ष के भांति विद्यालय का वार्षिकोत्सव रविवार शाम 5 बजे आयोजित होगा। जिसमे विद्यालय के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक एवं रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति की जाएगी।

# कूल्हे का प्रत्यारोपण कर डॉक्टर ने बृजेश को दिया नया जीवन

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार :** स्टेट मेडिकल कॉलेज में शनिवार सुबह खुशियों भरी रही। मेडिकल कॉलेज में पहली बार कूल्हे का सफल प्रत्यारोपण हुआ। असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ जयदीप पटेल की टीम ने एक युवक के कूल्हे का प्रत्यारोपण कर उसे नया जीवन दिया। साथ ही युवक का खर्च लाखों के बजाए हजारों में सिमट कर रह गया।

जिला मुख्यालय पर स्टेट मेडिकल कॉलेज संचालित है। मेडिकल कॉलेज नित्य नए कीर्तिमान गढ़ता जा रहा है। इसी के तहत शनिवार की सुबह भी मेडिकल कॉलेज और जिले के लोगों के लिए खुशियां लेकर आया। हुआ यूं कि श्रावस्ती जिले के भिनगा थाना क्षेत्र के अमरहवा गांव निवासी बृजेश कुमार (26) पुत्र राम तीरथ 3 वर्ष से कूल्हे की बीमारी से परेशान थे। कुल्हा खराब होने के चलते वह अपने पैर से चल नहीं पा रहे थे। आर्थिक स्थिति काफी कमजोर होने के चलते वह लखनऊ या प्राइवेट अस्पताल में इलाज भी नहीं करवा पा रहे थे। ऐसे में दो सप्ताह पूर्व मेडिकल कॉलेज में शुरू हुए अमृत फार्मेसी का लाभ युवा बृजेश कुमार को मिला। बृजेश कुमार के परिवार के लोगों ने मेडिकल कॉलेज प्रशासन से संपर्क साधा। प्राचार्य डॉक्टर संजय कुमार खत्री की देखरेख में शनिवार को मेडिकल कॉलेज में युवक के कूल्हे का प्रत्यारोपण शुरू हुआ। असिस्टेंट प्रोफेसर अर्थो डॉ जयदीप पटेल की टीम ने बृजेश कुमार के कूल्हे का सफल ऑपरेशन करते हुए प्रत्यारोपण किया। डॉ जयदीप पटेल ने बताया कि कूल्हे का प्रत्यारोपण करते हुए उसके स्थान पर दूसरा लगा दिया गया है। युवक को मेडिकल कॉलेज की ओर से नया जीवन मिला है। उन्होंने बताया कि ब्लड सर्कुलेशन ना होने के चलते कुल्हा गल रहा था, आने वाले समय में कुछ भी हो सकता था। उन्होंने बताया कि तीन से चार दिन में युवक अपने पैरों से पुनः चलने लगेगा।



जयदीप पटेल।

### इसके सेवन से रुकता है ब्लड सर्कुलेशन

मेडिकल कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ जयदीप पटेल ने बताया कि युवा आज के समय में अल्कोहल, जिम करने के बाद पाउडर और स्ट्रायड का उपयोग अधिक करते हैं। इसी के चलते कूल्हे में कमी होने पर ब्लड सर्कुलेशन बंद हो जाता है और कूल्हा गलने लगता है।

### लाखों का इलाज हजारों में हुआ

मेडिकल कॉलेज में प्रदेश का पांचवा अमृत फार्मेसी खुला है। यहां पर सभी तरह की दवाई 40 से लेकर 60% तक की छूट पर मिलती है। इसका लाभ सभी को मिल रहा है। इसी का है कि सरकार की ओर से शुरू की गई अमृत फार्मेसी के इलाज से युवक हजारों रुपए में ठीक हो गया जबकि बाहर लखनऊ में कूल्हा प्रत्यारोपण का इलाज होता तो तीन से चार लाख रुपए का खर्चा आता।

–डॉ.संजय खत्री ,प्राचार्य

# नृत्य के दौरान ग्रामीण पर जानलेवा हमला, रेफर

**बहराइच, अमृत विचार :** हरदी थाना क्षेत्र के रमपुरवा गांव में शुक्रवार रात तिलक समारोह में चल रहे नृत्यांगनाओं के नृत्य के दौरान एक युवक वीडियो बना रहा था। ससुराल में लंबे समय से रह रहे ग्रामीण ने युवक को बैठ कर वीडियो बनाने को कहा। इससे नाराज हमलावरों ने हमला कर हमला कर मारपीट की। जिसके चलते वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे थाने लाए जाने पर मेडिकल को सीएचसी लाए जाने पर चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। देहात कोतवाली के गजपतिपुर निवासी 46 वर्षीय जवाहिर लाल यादव लगभग पांच वर्षों से अपनी ससुराल हरदी थाने के रमपुरवा में रह रहे है। रमपुरवा में शुक्रवार रात देशराज के यहां तिलकोत्सव था। जिसमे भोज के अलावा नृत्यांगनाओं का नृत्य भी हो रहा था। गांव का ही एक युवक सर्वेश इधर उधर दौड़ कर मोबाइल से वीडियो बना रहा था। कार्यक्रम देख रहे लोगों को असुविधा हो रही थी। जवाहिर ने सर्वेश को टोंका कि वह कुर्सी पर बैठकर वीडियो बनाए। कहासुनी होने पर सर्वेश के साथियो ने हमला कर जवाहिर को लहुलुहान कर दिया। कार्यक्रम में भगदड़ मच गई। आनन फानन में घायल को थाने लाए जाने पर पुलिस ने मेडिकल को सीएचसी पर भेजा। चिकित्सकों ने घायल को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। प्रभारी निरीक्षक वीके सरोज ने बताया कि तहरीर मिलने पर केस दर्ज किया जायेगा।

# जिले के 75 कोटे की दुकानें बनेंगी मॉडल: डीएसओ

## 1300 दुकानें ई पास से होंगी लैस, अन्नापूर्णा भवन का उद्घाटन

रिसिया, बहराइच



उद्घाटन करती जिला पंचायत अध्यक्ष, डीएम और मौजूद डीएसओ। अमृत विचार

**अमृत विचार:** जिले के बंगलाचक गांव में शनिवार को पहला मॉडल उचित दर की दुकान का उद्घाटन हुआ। लखनऊ से मुख्यमंत्री लाइव प्रसारण को भी दिखाया गया।

रिसिया ब्लाक के बंगला चक गांव में जिले का पहला मॉडल उचित दर की दुकान अन्न पूर्णा भवन का फीता काटकर लोकार्पण जिलाधिकारी मोनिका रानी एवम जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह ने किया। अन्न पूर्णा भवन के लोकार्पण से पूर्व मुख्य मंत्री योगी आदित्य नाथ का वर्चुअल लाइव प्रसारण दिखाया गया। जिसमे मुख्य मंत्री ने लोक भवन उत्तर प्रदेश सचिवालय में नव निर्मित अन्न पूर्णा भवन माडल उचित दर का लोकार्पण किया गया था।

इस लोकार्पण विषयक कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मंजू सिंह जिला पंचायत अध्यक्ष रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला धिकारी मोनिका रानी ने किया। विशिष्ट अतिथि रन विजय सिंह सांसद प्रतिनिधि एवम संजय जायसवाल प्रमुख प्रतिनिधि रहे। मुख्य अतिथि ने संबोधित करते हुए कहा कि सरकार एक बार फिर गरीबों को पांच साल फ्री राशन देने जा रही है। सरकार की योजनाएं धरातल पर नजर आ रही है।कार्यक्रम के बाद अन्न पूर्णा भवन के लोकार्पण के समय भवन का जिला धिकारी ने निरीक्षण भी किया। जिला पूर्ति अधिकारी नरेंद्र तिवारी ने संबोधित करते हुए बताया, कि जिले में कुल 39 माडल अन्न पूर्णा भवन निर्मित हुए है।और 17निर्मित होने के करीब है जिनमे रिसिया के इस माडल उचित दर की दुकान का लोकार्पण सबसे पहले किया गया है। जिले में प्रथम स्थान पर है। डीएसओ नरेंद्र तिवारी ने बताया कि जिले के 75 कोटे की दुकान माडल दुकान के रूप में विकसित होंगी। अब तक 40 दुकान बन चुके है। उन्होंने बताया कि 1300 कोटे की दुकान को ई पास मशीन दिया जायेगा। इसके संचालन के लिए प्रशिक्षण भी चल रहा है। कार्यक्रम को संबोधित के डी गोस्वामीउपायुक्त श्रम एवम रोजगार ने भी किया,तथा संचालन विनोद कुमार यादव खंड विकास अधिकारी रिसिया ने किया,आयोजन उमा देवी प्रधान बंगला चक ने किया।

इस अवसर पर सरोज सिंह प्रधान प्रतिनिधि,विजय वर्मा,बांके लाल,हसीब अंसारी, सहित मौजूद रहे।

### नगर अध्यक्ष बने नदीमुल हक



पूर्व कैबिनेट मंत्री से मुलाकात करते नगर अध्यक्ष।

**बहराइच, अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी की ओर से सदर विधानसभा का नगर अध्यक्ष नदीम उल हक तन्नू को मनोनीत किया गया है। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष राम हर्ष यादव ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की संस्कृति पर नदीमुल हक तनु को नगर अध्यक्ष बनाया गया है उनके मनोनयन पर पूर्व कैबिनेट मंत्री यासर शाह समेत अन्य ने हर्ष जताया है। नगर अध्यक्ष ने पूर्व कैबिनेट मंत्री से मुलाकात कर पार्टी की नीतियों पर चर्चा की।

# सच्चाई से समझौता न करें पत्रकार: थानाध्यक्ष

रुपईडीहा, बहराइच

**अमृत विचार :** रुपईडीहा पत्रकार संघ की मासिक बैठक संघ के सदस्य धीरेंद्र शर्मा द्वारा नवाबगंज रोड पुरैनी कालिया पुरवा थाना में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता रुपईडीहा पत्रकार संघ अध्यक्ष संजय वर्मा ने की।

अध्यक्ष संजय वर्मा ने पत्रकार संघ में शामिल हुए नए सदस्यों का आभार व्यक्त किया और पत्रकार संघ के महामंत्री मोहम्मद अरशद ने संघ के कायदे कानून बताते हुए अनुशासन एवं सच्चाई की राह पर चलने की सीख दी। संजय वर्मा ने कहा की खबर की सच्चाई जाने बिना खबर अधूरी होती है।खबर में दोनों पक्षों की बात भी सम्मिलित होनी चाहिए तभी जाकर कह र पूर्ण होती है।इस मासिक बैठक में नवाबगंज थाना प्रभारी राकेश पांडे एवं अब्दुल्लागंज वन क्षेत्राधिकारी पंकज साहू और नवाबगंज के थाना प्रभारी बैठक में आए हुए हुए रुपईडीहा पत्रकार संघ के सदस्यों एवं पदाधिकारी को दोशाला ओढ़ाकर एवं संघ द्वारा बनाए गए। थानाध्यक्ष आरके पांडे ने कहा कि निष्पक्ष खबरों के लिए पत्रकार की पहचान होती है। ऐसे में सच का साथ देना चाहिए। संरक्षक शेर सिंह कसौधन, और संजय गुप्ता संरक्षक ने प्रभारी निरीक्षक नवाबगंज एवं वन क्षेत्राधिकार अब्दुल्लागंज दोनों अधिकारियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। बैठक में संतोष शुक्ला उपाध्यक्ष महबूब अहमद अनिल कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष सिद्धनाथ गुप्ता,उपाध्यक्ष भीमसेन मिश्रा उपाध्यक्ष मोहम्मद सलीम अंकित अग्रवाल अमित मद्धेशिया कोषाध्यक्ष रईस अहमद व इरशाद हुसैन , संघ के नए सदस्य अरविंद वर्मा का संघ की सदस्यता लेने पर जोरदार स्वागत हुआ संघ के मीडिया पर प्रभारी रज़ा इमाम रिज़वी सहित सदस्य गण उपस्थित रहे।बैठक के अंत मे महामंत्री मो अरशद ने सभी उपस्थित सदस्यों का आभार जताया।



बैठक में मौजूद थानाध्यक्ष और वन क्षेत्राधिकारी। अमृत विचार

# रिसिया नगर पंचायत में बने 1429 आवास



रिसिया में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद अधिकारी।

**रिसिया, बहराइच, अमृत विचार :** रिसिया नगर पंचायत कार्यालय पर सोशल आडिट जन सुनवाई के तहत प्रधान मंत्री आवास शहरी के लाभार्थियों से सीधे संवाद किया गया,और जानकारी ली गई। जिसमे लाभार्थियों में काफीउत्साह रहा। अब तक नगर पंचायत में एक हजार से अधिक आवास बने हैं। नगर पंचायत कार्यालय परक्षेत्रीय नगर एवम पर्यावरण केंद्र लखनऊ,शहरी आवास मंत्रालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम जन संवाद कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रमिता सिंह जिला परियोजना अधिकारी डूडा ने किया। इस कार्यक्रम में सीधे प्रधान मंत्रीशहरी आवास के लाभार्थियों से संवाद किया गया।पियूष मिश्र सी एल टी सी सूडा ने संबोधित करते हुए बताया कि रिसिया नगर में1516 शहरी आवास स्वीकृत थे,जिसमे1429आवास बन गए है। साथ ही फीड बैक भी लिया गया, सीधा संवाद अनिल तिवारी ने किया। बताया कि प्रधान मंत्री ने इस योजना की शुरुआत 25 जून2015कोकिया था। अब नए आवास की स्वीकृति शुरू हो जाएगी। संचालन सुब्रत पाण्डेय डी सी ने किया।इस अवसर पर रामू लाल चेयर मैन प्रतिनिधि, राजन भारतीय, राकेश निगम सभासद, आकाश सभासद, राम मिलन, मौलाना निसार सहित मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा की हुई शुरुआत



कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार

**पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार :** नगर क्षेत्र अंतर्गत नूरपुर में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा शुभारंभ के अवसर पर महिलाओं ने भव्य कलश शोभायात्रा निकाली।ताल बघेल घाट स्थित फूलमती मन्दिर के समीप सरोवर से पवित्र जल लेकर सैकड़ों महिलाऐं यज्ञ मंडप स्थल पर पहुंची जहां विधि विधान पूर्वक कलश स्थापित किया गया। जिले के नूरपुर गांव में विगत वर्षों की भाति महाशिवरात्रि के पर्व पर नूरपुर स्थित शिव मंदिर पर भागवत कथा के पूर्व गांव की सैकड़ों सुहागिन महिलाओं ने पीत वस्त्र धारण कर भव्य कलश यात्रा निकालकर धर्म का प्रचार प्रसार करती हुई फूलमती घाट तालाब बघेल से होते हुए भूपगंज बाजार के रास्ते कथा स्थल नूरपुर पहुंची। श्रीमद भागवत कथामहापुराण के प्रथम दिवस कथा व्यास संत कुमार पाण्डेय ने वैदिक विधि पूर्वक कलश पूजन कराया। इसके बाद भागवत कथा के महात्म की अलौकिक कथा का वर्णन किया।उन्होंने कहां की भागवत की कथा श्रवण मात्र से ही समस्त जीवात्मा को मुक्ति प्रदान होती है। इस अवसर पर पूर्व ग्राम प्रधान कमलेश पासवान सुरेश निषाद, घनश्याम मौर्य ,मनोज मौर्य, विजय कश्यप, बालू कारीगर, पुजारी, मुरारी ,धर्मराज मौर्य,चिंताराम आर्य, पंडित जयमंगलदास, पंडित सांवली प्रसाद पांडे, पाटन नेता ,सहित भारी संख्या में महिला एवं पुरुष मौजूद रहे।

### विकास के लिए ग्रामीणों का सुझाव जरूरी



ग्राम विकास की बैठक में शामिल सदस्य।

**बहराइच, अमृत विचार :** विकासखण्ड रिसिया और आकांक्षी विकासखंड हुज़ूरपुर के ग्राम प्रधान मनी राम भौखारा पंचायत और भानपुर पंचायत के ग्राम प्रधान अवधेश कुमार पाठक के अध्यक्षता में पंचायत के सभी कर्मियों और जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ग्राम स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक मे उपस्थित लोगों ने पंचायत से संबंधित समस्याओं को रखा जिसमे शिक्षा और स्वास्थ्य,जल निकासी इत्यादि रही। वही पिरामल फाउंडेशन के मोहम्मद् युसुफ ने ग्राम पंचायत विकास योजना के कम लागत और बिना लागत वाले क्षेत्रों की गतिविधियां जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य व अन्य गतिविधियों के जरिए पंचायत में जागरूकता करने की बात कही गई जो की पंचायत के विकास के लिए अति महत्वपूर्ण हैं ये सभी कार्य करने के लिए पंचायत के सभी ग्रामीणों की भागीदारी अति आवश्यक हो जाती हैं इन सभी गतिविधियों को पंचायत के ग्राम प्रधान की भूमिका अति आवश्यक है। बैठक में पंचायत के ग्राम प्रधान अवधेश कुमार पाठक भानपुर और मनीराम भौखारा, पंचायत सचिव अनिल कुमार पांडेय भानपुर के पिरामल फाउंडेशन के डी पी एल मोहम्मद् युसुफ, गाँधी फेलो शालिनी कुमारी और नितीश कुमार व पंचायत के जन प्रतिनिधियों, विभिन्न विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### भूमि पूजन के साथ किया चौपाल का आयोजन

**कैसरगंज, बहराइच :** विधानसभा कैसरगंज के मंडल कैसरगंज के जमालुद्दीनपुर में ग्राम परिक्रमा यात्रा अभियान के अंतर्गत मुख्य अतिथि अतुल सिंह प्रदेश मीडिया प्रभारी किसान मोर्चा के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भूमि पूजन ,गौमाता पूजन ,ट्रैक्टर पूजन , गाँव की परिक्रमा करने के बाद किसान चौपाल में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में चल रही केंद्रीय सरकार के किसान कल्याणकारी योजनाओं पर बातचीत की गई और भाजपा संकल्प पत्र के लिए किसानों का सुझाव भी लिया गया चौपाल में उपस्थित किसानों के उत्साह से यह सिद्ध हो रहा है कि आगामी लोकसभा चुनाव में बहुमत के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है। मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा मनोहर लाल वर्मा, जिला उपाध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा कौशलेंद्र चौधरी मंडल महामंत्री किसान मोर्चा प्रकाश वर्मा , मंडल उपाध्यक्ष विनोद कुमार वर्मा,सुधीर कुमार वर्मा, महिपाल आर्य सहित अधिक संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता और किसान उपस्थित रहे।

# हत्या के प्रयास में अभियुक्त को छह वर्ष का सश्रम कारावास

बहराइच

**अमृत विचार:** पयागपुर थाना क्षेत्र के मनिकापुर कला निवासी अभियुक्त को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एफटीसी द्वितीय की कोर्ट ने छह वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने अभियुक्त को पांच हजार के अथदंड से दंडित भी किया है।

जिला अपर शासकीय अधिवक्ता सुनील जायसवाल ने बताया कि थाना पयागपुर के पहलवारा गांव निवासी गजेंद्र शुक्ला ने थाने में तहरीर देकर कहा था कि उसका भाई सतेंद्र शुक्ला घर जा रहा था। रास्ते में बाग के पास से थाना क्षेत्र के मनिकापुर कला निवासी ललऊ उर्फ शिवा पांडेय आपसी रंजिश के चलते भाई के पेट में गोली मार दी थी। थाने की पुलिस ने तहरीर के आधार पर अभियुक्त ललऊ के खिलाफ हत्या करने के प्रयास में मुकदमा दर्ज कर विवेचना पूरी कर आरोप पत्र न्यायालय सौंपा था। एडीजीसी क्रिमिनल जायसवाल ने बताया कि शनिवार को मुकदमें में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एफटीसी द्वितीय अनिल कुमार बारह की कोर्ट ने सुनवाई के दौरान अभियुक्त को घटना में दोषी मानते हुए छह वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि कोर्ट ने अभियुक्त को पांच हजार के अर्थदंड से दंडित भी किया है।

# सड़क किनारे पड़ा मिला युवक का शव

**पयागपुर, बहराइच :** विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत झलिया निवासी ओमकार(38) का शव शनिवार की सुबह पयागपुर-हुजूरपुर मार्ग पर अर्जुनपुरवा तिराहे के पास पड़ा मिला। शव मिलने की सूचना पर मौक पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त करवाई और पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया। ग्रामीणों में हत्या की चर्चाओं का बाजार गर्म रहा। थाना प्रभारी कमल शंकर चतुर्वेदी ने बताया कि ग्रामीण मृतक को शराब का आदी बता रहे हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की असली वजह पता चलेगी। रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाई की जाएगी। जांच जारी है।

# भीम आर्मी के प्रदर्शन ने न्याय कार्य में डाली बाधा

कैसरगंज, बहराइच

**अमृत विचार :** कैसरगंज बार एसोसिएशन के वकीलों ने शनिवार को एसडीएम और अन्य अधिकारियों को ज्ञापन दिया वकीलों का कहना है कि शुक्रवार को पुराने सीओ ऑफिस के सामने वकील के नेतृत्व में लोगों ने धरना दिया, जिससे कार्य में बाधा उत्पन्न हुई। ऐसे में वकीलों का भीम आर्मी से कोई लेना-देना नहीं है।

कैसरगंज बार एसोसिएशन के तहसील अध्यक्ष बृजेश प्रसाद मिश्रा और महामंत्री ज्ञान बाबू वर्मा की अगुवाई में शनिवार को काफी संख्या में वकील तहसील पहुंचे। सभी ने एक शिकायती पत्र एसडीएम, तहसीलदार और सीओ को सौंपा। अध्यक्ष ने कहा कि शुक्रवार को पुरानी तहसील पुलिस क्षेत्राधिकार ऑफिस के सामने वकील बालक राम सरोज के नेतृत्व में भीम आर्मी संगठन द्वारा धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया। जिसमें उनके कार्यकर्ताओं तथा पदाधिकारियों द्वारा अपने भाषण में जाति विशेष के विरुद्ध अपशब्दों का प्रयोग किया गया। राष्ट्रीय राजमार्ग को जाम किया गया इससे यारी कार्यों में बाधा उत्पन्न हुए इस तरह की मीटिंग भीम आर्मी द्वारा पूर्व में भी की जा चुकी है। यह लोग तहसील में भी घुमा करते हैं, इसको लेकर अधिवक्ताओं व जनमानस में आक्रोश है।

भीम आर्मी के संगठन से 12 एसोसिएशन कैसरगंज से कोई रास्ता सरोकार नहीं ना ही बड़े संगठन कैसरगंज द्वारा किसी प्रकार का कोई सहयोग संगठन में शामिल किसी अधिवक्ता को किया जा रहा है। इस दौरान ऑडिटर पंकज कुमार शुक्ला, मिल्की राम यादव, जितेंद्र कुमार शुक्ला समेत अन्य वकील मौजूद रहे।



एसडीएम को ज्ञापन देते वकील। अमृत विचार

## आक्रोश

राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने बीएसए को सौंपा ज्ञापन, विशेश्वरगंज में धरना देकर बीईओ को दिया मांग–पत्र

# डिजिटलाइजेशन व्यवस्था का विरोध हुआ तेज

बहराइच/विशेश्वरगंज

**अमृत विचार :** शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति कराने में नाकामयाब रहे बेसिक शिक्षा विभाग की अब बच्चों की ऑनलाइन उपस्थिति व विद्यालय की सभी पंजिकाओं को डिजिटलाइज़ कराने की मंशा है। जिसके विरोध में जिले के शिक्षकों ने राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के नेतृत्व में बीएसए से मिलकर ज्ञापन सौंपा तथा डिजिटालाइजेशन में आ रही व्यवहारिक समस्याओं के समाधान होने तक इस व्यवस्था के बहिष्कार की बात कही।

राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला पदाधिकारियों ने गेंदघर स्थित जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचकर बीएसए अव्यक्त राम तिवारी को डिजिटाइजेशन व्यवस्था के विरोध में ज्ञापन दिया व समस्याओं के सम्बंध में वार्ता की। संघ के जिलाध्यक्ष आनन्द मोहन मिश्र ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व द्वारा शिक्षक समस्याओं से सम्बंधित 22 सूत्रीय जो मांग पत्र राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उ०प्र० ने पूर्व में दिया गया है उसके निस्तारण किये बिना यदि कोई कार्यवाही शिक्षकों पर की जाती है तो ऐसी स्थिति में शिक्षकों के हित संरक्षण हेतु संगठन आंदोलन के लिए बाध्य होगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ द्वारा 15 फरवरी को एमडीएम एवं छात्र उपस्थिति पंजिका सहित सम्पूर्ण डिजिटाइजेशन व्यवस्था का पूर्व में दिये गये पत्र के अनुसार मांगों के पूर्ण किये जाने तक ऑनलाइन कार्य बहिष्कार करने का आह्वान करता है। बिना समस्याओं के निस्तारण के विद्यालयों में शिक्षक किसी भी प्रकार का आनलाइन काम नहीं करेगा। इस अवसर पर जिला महामंत्री उमेश चंद्र त्रिपाठी, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंकज कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष शिव शंकर पाठक, फखरपुर ब्लॉक अध्यक्ष मिथिलेश कुमार मिश्र सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। उधर विशेश्वरगंज

ब्लॉक अध्यक्ष शरद शुक्ल के नेतृत्व में शुक्रवार को विद्यालयों के पंजिकाओं के डिजिटिलाइजेशन के विरोध में खंड शिक्षा अधिकारी, विशेश्वरगंज वीरेंद्र नाथ द्विवेदी को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी महोदय बहराइच को संबोधित ज्ञापन दिया सौंपा। ज्ञापन कार्यक्रम में ब्लॉक महामंत्री राजीव कुमार तिवारी,वरिष्ठ उपाध्यक्ष उमेश चंद्र द्विवेदी, ब्लॉक संगठन मंत्री जय प्रकाश तिवारी, कार्य अध्यक्ष आलोक कुमार शुक्ल, ब्लॉक कोषाध्यक्ष विपिन बिहारी तिवारी, ब्लॉक मंत्री मनोज कुमार पांडेय, ब्लॉक मंत्री चंद्र मोहन तिवारी सहित अन्य पदाधिकारी एवं काफी संख्या में शिक्षक, शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।



बीएसए को ज्ञापन देते पदाधिकारी। अमृत विचार

### कम उम्र में कर दी शादी, छह माह बाद होगी विदाई

**मटेरा, बहराइच, अमृत विचार :** मटेरा में एक नाबालिग किशोरी का विवाह 18 वर्षीय युवक से कर दिया गया। शुक्रवार को विदाई की तैयारी हो रही थी। तभी लखनऊ महिला हेल्प लाइन से सूचना मिलने पर मटेरा पुलिस के साथ वन स्टॉप सेंटर की प्रबंधक ने विदाई रुकवा दी है। अब छह माह बाद बालिग होने पर बेटी की विदाई होगी। एलासपुर अगैया गांव निवासी नाबालिग किशोरी का विवाह भवनियापुर रामगढी निवासी विनोद कुमार यादव से तय हुआ था। गुरुवार को बरात पहुंची। शुक्रवार को विदाई से पूर्व ही शिकायत लखनऊ महिला हेल्प लाइन में कर दी गई। वन स्टॉप सेंटर की प्रबंधक रचना कटियार पुलिस के साथ गांव पहुंचीं। परिजनों से बेटी काा जन्म प्रमाण पत्र मांगा गया। इसमें छह माह लड़की की उम्र कम मिली। इस पर विदाई रुकवा दी गयी।अब छह माह बाद उसकी विदाई होगी।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद नानपारा बहराइच**

पत्रांक: 661 / न0पा0नान0 / जी0आई0एस0 सर्वे/ई–टेण्डर/2023–24 दिनांक 02–03–2024

**ई–टेण्डिरिंग GIS सर्वे निविदा**

समस्त पंजीकृत ठेकेदारों / फर्मो से नगर पालिका परिषद नानपारा के राज्य वित्त आ0 के अन्तर्गत स्वीकृत 01 कार्य नगर सीमा के अन्तर्गत समस्त आवासीय / अनावासीय भवनों पर गृहकर व जलकर निर्धारण / पुर्नकर निवारण, डोर टू डोर सर्वे व जी0आई0एस0 मैपिंग कार्य की निविदा ई–टेण्डिरिंग के माध्यम से दिनांक 08.03.2024 समय 02: 00 तक आमन्त्रित की जा रही है निविदा सूचना दिनांक–02.03.2024 को प्रात: 11: 00 बजे से दिनांक 08.03.2024 को अपरान्ह 02: 00 बजे तक ई–टेण्डिरिंग पोर्टल http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। उपरोक्त फर्म उपरोक्त निधि से ही ई–टेण्डिरिंग पोर्टल http://etender.up.nic.in पर डाउनलोड करके अपलोड कर सकते है। दिनांक–08.03.2024 को समय 04.00 बजे तक कार्यालय नगर पालिका परिषद नानपारा में हार्ड कापी जमा करना होगा जो कि उसी दिनांक–08.03.2024 को सांय काल अधिशासी अधिकारी / अध्यक्ष नगर पालिका परिषद नानपारा के समक्ष खोली जायेगी।

**(रंग बहादुर सिंह)**
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
नानपारा बहराइच

**(अब्दुल वहीद)**
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
नानपारा बहराइच

# आयुर्वेदः आयु का विज्ञान



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

आयुर्वेद आयु का विज्ञान है। यह चिकित्सा विज्ञान होने के साथ स्वस्थ रहने की जीवनशैली भी है। चरक संहिता आयुर्वेद का प्रतिष्ठित ग्रंथ है। संहिता की शुरूआत जीवन सूत्रों से होती है। बताते हैं कि "यहां बताए गए स्वस्थ व्रत का पालन करने वाले 100 वर्ष की स्वस्थ आयु पाते हैं।

आनंदपूर्ण जीवन मनुष्य की स्वाभाविक इच्छा है। इसके लिए शारीरिक मानसिक स्वास्थ्य जरूरी है। स्वस्थ जीवन और दीर्घायु सबकी अभिलाषा है। वैदिक ऋषि सौ वर्ष के स्वस्थ जीवन के लिए स्तुतियां करते थे। प्राचीन काल का जीवन प्रकृति रस से भरपूर था। लेकिन आधुनिक जीवन शैली के कारण रोग बढ़ रहे हैं। रोग रहित जीवन और स्वस्थ जीवन में अंतर है। रोगी शरीर में अंतर्संगीत नहीं होता। स्वस्थ जीवन और दीर्घायु में आनंदपूर्णता है। भारत में अनेक चिकित्सा पद्धतियां हैं। आयुर्वेद आचार आधारित प्राचीन आयुर्विज्ञान है और एलोपैथी उपचार आधारित चिकित्सा विज्ञान। होम्योपैथी यूनानी सिद्धा आदि पद्धतियां भी हैं। स्वस्थ जीवन के लिए सब उपयोगी हैं। लेकिन यहां योग गुरु रामदेव पर आयुर्वेद से भिन्न चिकित्सा प्रणाली की आलोचना के आरोप हैं। इण्डियन मेडिकल एसोसिएशन द्वारा दायर याचिका में सुनवाई के दौरान सर्वोच्च न्यायालय ने इसे गलत बताया है। कोर्ट ने पहले भी इसे गलत बताया था।

शरीर रहस्यपूर्ण संरचना है। इसकी आतंरिक गतिविधि का बड़ा भाग जान लिया गया है। चिकित्सा विज्ञानियों को इसका श्रेय है। आयुर्वेद का जन्म लगभग 4000 वर्ष ई.पूर्व ऋग्वेद के रचनाकाल में हुआ और विकास अथर्ववेद (3000 ई-2000 ई.पूर्व) में। मैकडनल और कीथ ने 'वैदिक इंडेक्स' में लिखा है, "भारतीयों की रूचि शरीर रचना संबंधी प्रश्नों की ओर बहुत पहले से थी। अथर्ववेद में अनेक अंगों के विवरण हैं और यह गणना सुव्यवस्थित है।" अथर्वेद आयुर्वेद का वेद है। इन लेखकों ने आयुर्वेद के दो आचार्यो चरक व सुश्रुत का उल्लेख किया है। अथर्ववेद में सैकड़ों रोगों व औषधियों का उल्लेख है।

यूरोप में एलोपैथी का विकास 17 वीं सदी के आसपास हुआ। एच.एस.मेन ने लिखा है, "भारतीयों ने चिकित्सा शास्त्र का विकास स्वतंत्र रूप से किया। पाणिनि के व्याकरण में विशेष रोगों के नाम है। मालूम होता है कि चिकित्सा शास्त्र का विकास उनके पहले 300 ई.पूर्व हो चुका था। अरब चिकित्सा प्रणाली की आधार शिला संस्कृत ग्रंथों के अनुवादों पर रखी गई। यूरोपीय चिकित्सा शास्त्र का आधार 17वीं सदी तक अरब चिकित्सा शास्त्र ही था।" एलोपैथी सुव्यवस्थित आधुनिक चिकित्सा पद्धति है। कहा जाता है कि इस चिकित्सा का नाम (1810 ई.) जर्मन चिकित्सक डा. सैमुअल हैनीमैन ने एलोपैथी रखा था। इसका अर्थ भिन्न मार्ग है। इसे पश्चिमी चिकित्सा विज्ञान/आधुनिक चिकित्सा विज्ञान भी कहते हैं। इसका चिकित्सातंत्र बड़ा है और शोध का दायरा भी। इसने करोड़ों लोगों को पुनर्जीवन दिया है। सर्जरी, रेडिएशन, सीटी स्कैन, एम.आर.आई. सहित तमाम घटक विस्मयकारी हैं। कारोना महामारी के दौरान जीवन की परवाह त्यागते हुए उपचार करने वाले वैज्ञानिक, चिकित्सक व पैरा मेडिकल स्टाफ प्रशंसनीय रहे हैं।

आयुर्वेद आयु का विज्ञान है। यह चिकित्सा विज्ञान होने के साथ स्वस्थ रहने की जीवन शैली भी है। चरक संहिता आयुर्वेद का प्रतिष्ठित ग्रंथ है। संहिता की शुरूवात जीवन सूत्रों से होती है। बताते हैं कि "यहां बताए गए स्वस्थव्रत का पालन करने वाले 100 वर्ष की स्वस्थ आयु पाते हैं। आरोग्य सुख है और रोग दुख। दुख का कारण रोग है।" फिर रोगों का कारण बताते हैं" इन्द्रिय विषयों का अतियोग, अयोग और मिथ्यायोग ही रोगों के कारण हैं।" रोगों से बचने के लिए जीवन शैली पर जोर है। यह प्राकृतिक होनी चाहिए। कोरोना महामारी के समय रोग निरोधक शक्ति की चर्चा थी। चिकित्सा विज्ञान में इसकी प्रभावी दवा नहीं है। आयुर्वेद में गिलोय सहित अनेक औषधियां रोग निरोधक शक्ति बढ़ाने वाली कही जाती थीं। महामारी की अवधि में ऐसी औषाधियों की मांग बढ़ी। अश्वगंधा, जटामांसी, गुग्गुल जैसी औषधियों का प्रयोग बढ़ा। चाय की जगह काढ़ा शिष्टाचार बना। चरक संहिता में सैकड़ों रोगों के उपचार हैं। अवसाद की भी औषधि है। अथर्ववेद के ऋषि ज्वर उत्ताप पर भी सजग थे। कहते हैं, "कुछ ज्वर एक दिन छोड़कर, कुछ दो दिन बाद आते हैं। ज्वर अपने साथ परिवार भी लाता है। यह अपने भाई कफ के साथ आता है। खांसी इसकी बहिन है। राजयक्ष्मा भतीजा है। इनकी औषधियां हैं।" कोरोना के समय रोगी को समाज से अलग रखा जाता था। अथर्ववेद (2.9) में कहते हैं, "रोग के कारण समाज से अलग रहे ये व्यक्ति पुनः जनसपर्क में जाए।"

आयुर्वेद में शरीर की रोग निरोधक क्षमता बढ़ाने की औषधियां हैं। माना जाता है कि इस क्षमता को बढ़ाकर रोगों को रोका जा सकता है। एलोपैथी में शरीर का तापमान बढ़ने पर पैरासीटामाल दी जाती है। एन्टीबायटिक भी देते हैं। इन औषधियों का बुरा प्रभाव होता है। एसीटाइल सैलिसिलिक एसिड रक्त को तरल बनाने की दवा बताई जाती है। चिकित्सक इसे हार्ट अटैक से बचने की दवा भी बताते हैं। इसके प्रयोग के भी खतरे हैं। आयुर्वेद में रक्त तरलता की औषधियां हैं। आधुनिक चिकित्सा में साइड एफेक्ट बड़ी समस्या है। पर ऐसी छोटी बातों से कोई पद्धति हेय या श्रेय नहीं हो जाती। रोग मुक्ति के लिए औषधियों की उपयोगिता है। स्टरायड खतरनाक दवा है। संभवतः इसका प्रभावी विकल्प नहीं है। ऐसे मामलों में शोध की आवश्यकता है।

आधुनिक चिकित्सा विज्ञान में निरंतर शोध चलते हैं। अभी भी चल रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन संसूचित रहता है। पहले वैज्ञानिक शोध और फिर किन्हीं जीवों पर प्रभाव का आंकलन। फिर मनुष्यों पर दवा के प्रभाव का आकंलन। यह अच्छी बात है। लगातार शोध से चिकित्सा विज्ञान समृद्ध होता है। लेकिन आयुर्वेद में शोध की आत्मनिर्भर व्यवस्था नहीं है। यों भारत में आयुर्वेद का सम्मान बढ़ा है। ज्ञान विज्ञान क्षेत्रीय नहीं होते। वे शोध सिद्धि के बाद सार्वजनिक संपदा बन जाते हैं। आयुर्वेद आयु का वेद है। इसमें भोजन, पाचन, श्वसन, चिंतन, तनाव, स्मृति और निद्रा भी स्वस्थ रहने के विषय हैं। आयुर्वेद का प्रभाव भी अंतर्राष्ट्रीय हो चुका है लेकिन इसमें भी शोध की आवश्यकता है। आधुनिक चिकित्सा विज्ञान और आयुर्वेद सहित अन्य चिकित्सा प्रणालियों में कोई प्रतिस्पर्धा नहीं है। सबका उद्देश्य मानवता का स्वास्थ्य है। सभी पद्धतियों को परस्पर ज्ञान का आदान प्रदान करना चाहिए। योग गुरु सहित किसी भी महानुभाव को इस या उस चिकित्सा प्रणाली की आलोचना का कोई अधिकार नहीं है। ज्ञान अपना पराया नहीं होता। सभी पद्धतियों का लक्ष्य एक है। सबकी अपनी विशेषता है। सभी विज्ञान हैं। लेकिन सीमा भी है। डाईबिटीज से विश्व का बड़ा भाग पीड़ित है। इस रोग को समाप्त करने की दवा नहीं है। पारकिंसन (कम्पन रोग) की भी दवा नहीं है। इन्हें संयत करने की दवाइयां आजीवन खानी पड़ती है। मस्तिष्क की गतिविधि का बड़ा भाग अज्ञेय है। मानव मस्तिष्क जटिल संरचना है। सुख, दुख, ज्ञान व बुद्धि की अनुभूति मस्तिष्क क्षेत्र की गतिविधि से होती है। सुनते हैं कि प्रार्थना का प्रभाव गहन होता है। अवसाद का जन्म और विकास मस्तिष्क में होता है। विषाद का भी। उल्लास और प्रसाद प्रसन्नता देते हैं। इसका उल्टा भी हो सकता है। संभव है कि प्रसन्नता से उल्लास आता हो। स्वप्नों का केन्द्र भी मस्तिष्क है। सिगमण्ड फ्रायड ने 'साइको एनालिसिस' लिखी थी। फ्रायड का 'लिविडो'-कामना क्षेत्र विचारणीय है। फ्रायड ने सृजन कार्य को भी लिविडो से जोड़ा था। लेकिन पतंजलि के योग सूत्रों में चित्त की पांच प्रवृत्तियों को ही सुख दुख का कारण बताया गया है। अथर्ववेद के काम सूक्त में कविता को काम की पुत्री बताया गया है। सभी प्रणालियों को मिलाकर शोध की जरूरत है। सभी पद्धतियों के विशेषज्ञों में सतत् संवाद चलते रहना चाहिए। प्राचीनता और आधुनिकता का संगम राष्ट्रजीवन के सभी क्षेत्रों में फलप्रद होता है। निंदा आलोचना का कोई औचित्य नहीं है।

# शब्द अमृत भी और विष भी



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

धर्मकथाओं,किंवदंतियों और साहित्य में मणिधारी सर्पों का जिक्र किया जाता है। धारणा है कि इन सर्पों की मणि बहुत लाभप्रद होती है और यह मणि जिसे मिल जाती है,वह तत्काल अत्यंत धनी हो जाता है। इस तरह की बातों को लेकर अलग-अलग धारणा है। विज्ञान जगत फिलहाल इसे स्वीकार नहीं करता है।

मणिधारी सर्प की इस धारणा को गहराई से देखा जाए और सर्पों को यदि दरकिनार कर मणिधारी जीव में मनुष्य के जीवन पर दृष्टि डाली जाए तो यह बात मानव जगत के लिए सही बैठती है। सर्पों के लिए धारणा है कि वे कंठ में मणि रखते हैं और उसे जब बाहर निकालते हैं तो उस मणि से प्रकाश तथा चमक निकलती है। इसकी जगह मनुष्य अपने कंठ से मृदु शब्द जब बोलता है तो वह भी किसी मणि से कम नहीं होता। उसकी भी चमक होती है जबकि कटु वचन जहर की तरह ही होता है।

प्राचीन ग्रंथों में बहुत सारी कथाएं मनुष्य जीवन को ही दृष्टि में रखकर प्रचलित हुई हैं। कोई साहसी व्यक्ति है और उन विपरीत परिस्थितियों से जूझ जाता है जिससे सामान्य लोग घबराते हैं तब उसकी बहादुरी की तुलना शेर से की जाती है। इसी के साथ हिंसक तथा निर्दयी व्यक्ति की भी तुलना हिंसक पशुओं से की जाती है। इसी के साथ सुंदरता की तुलना भी पशु-पक्षियों से होती है। आंख अच्छी है तो खंजन और मृग से,चलने की तुलना हंस की चाल से होती है। इसके अलावा भावनाओं के मामले में भी उदाहरण के तौर पर लगातार प्रयास करने के मामले में कौए से,ध्यान लगाने की तुलना बगुले से और नींद के मामले में कुत्ते से तुलना की गई है। इसके अलावा भी ढेरों उदाहरण पशु-पक्षियों से तुलना के संदर्भ में गिने जा सकते हैं।

दरअसल ब्रह्मांड में जो भी व्याप्त है,वह मनुष्य शरीर में विद्यमान है। सूरज, चांद, सितारे, पेड़-पौधे, नदी-झरने, पशु-पक्षी आदि की शक्ति मनुष्य में विद्यमान है। कुछ पशु ऐसे हैं,जो बच्चे को जन्म देते हैं तो अपना दुग्ध पान मानव बच्चे की तरह कराते हैं। जबकि चिड़िया, तोता, कौआ, कोयल आदि पक्षी बच्चे को सीधे जन्म नहीं देते,बल्कि अंडे के रूप में देते हैं और अपने पंखों के स्पर्श से उन अंडों में जान डालते हैं। मानव के बच्चे को भी मां, पिता और परिवार जनों की मानसिक ऊर्जा मिलती है। इस तरह यह बिल्कुल सही है कि जो ब्रह्मांड में है वहीं मनुष्य पिंड में है।

इन सारी बातों के आधार पर यह धारणा बनी कि मनुष्य चाहे तो मणिधारी सर्प के रूप में अपनी जिह्वा से मधुर शब्दों का प्रयोग कर अकूत लाभ प्राप्त कर सकता है। मनुष्य की जिह्वा किसी सर्प से कम नहीं है। प्रायः अलग-अलग समय पर अलग-अलग विरोधास्पद बात करने वाले को दोमुंहा सांप की ही संज्ञा दी जाती है। मनुष्य के लिए ही 'आस्तीन का सांप' मुहावरा प्रचलित है। इसके अलावा सद्गुणों से रहित इंसान को पशु समान ही कहा गया है। यह पूरी तरह सच है कि जीवन में वाणी का बहुत ही महत्व है। वाणी के मधुर शब्द वीणा के तारों से झंकृत होकर निकले संगीत की तरह लगते हैं। जबकि कठोर,छिद्रान्वेषण, चुगली आदि के शब्दों से व्यक्ति का महत्व कम होता है।

प्राचीन समय के राजाओं-महाराजाओं के दरबारों में बातचीत के लहजे से ईनाम आदि मिलने की बात तो कही ही जाती है, पर आधुनिक जीवन में देखा जाए तो बातचीत का लहजा ही बताता है परवरिश हुई है या सिर्फ पाले गए हैं। घर-परिवार, समाज, कार्यालय, न्यायालय तक में जिस भी व्यक्ति के बात का तरीका जितना उत्तम होता है, उसकी सुनवाई उतनी ही अधिक ही होती है। इसलिए शब्दों को खूब तौल कर बोलना चाहिए ताकि वह मणि बन जाए न कि जहर।

# देवभावना का स्रोत है मानव मन



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

कंस के सामने ईश्वर मथुरा निवासी पीड़ितों के साथ है तथा दुर्योधन के सामने वह युधिष्ठिर धर्मराज के पक्ष में खड़ा रहता है। यही देवभावना की गहरी सामाजिकता है।

अज्ञात और अनंत ब्रह्मांड में अपने को समायोजित करने के लिए मनुष्य ने अपनी भावनाओं, संवेदनाओं, मान्यताओं, कल्पनाओं और विचारों के ताने-बाने से बुनकर विश्वास प्रणाली के रूप में अपने लिए एक मानसिक-कवच तैयार किया है और उस मानसिक -कवच से सुरक्षा की भावना और जीवन की शक्ति प्राप्त की है।

इस जिंदगी में जहां कदम-कदम पर सामाजिक और प्राकृतिक विपदाएं, कठिनाइयां, प्रतिकूलताएं और कष्ट हैं तथा कदम-कदम पर रक्षा की समस्या है, यह विश्वास प्रणाली मनुष्य की एक जीवनी शक्ति "डूबते को तिनका का सहारा" बन जाती है। विपदा में धैर्य का हेतु बन जाती है। जहां कहीं और जब कभी मनुष्य अपने को परास्त अनुभव करता है,वहीं मन के अज्ञात स्तरों से कोई रहस्यमयी शक्ति उसे आश्वस्त करती है, वह उसका विश्वास या अंतर्निहित भाव ही है। उस विश्वास या अंतर्निहित भाव से मनुष्य ब्रह्मांड में सर्वत्र एक दिव्य शक्ति का आभास पाता है। यह अंतर्निहित भाव ही देवता का मूल कारण है। संस्कृत में कहावत है- देवाः भावस्तु कारणम्!

अवश्य ही यह देवभावना हार की मनः स्थिति से जन्म लेती है, परंतु उसका कार्य विजय प्राप्त करना होता है। जब मन देवता को आत्मसमर्पण करता है तब वह अवश्य ही निरीह ही प्रतीत होता है, परंतु उसकी जीवनयात्रा इस विश्वास शक्ति के संबल से ही पूर्ण होती है आशा और विश्वास इस देव-भावना का सार तत्व है। यह देवता की ही शक्ति है, जो गहन संकटों में उसे सहारा देती है तथा अत्याचारी एवं बर्बर शक्ति के सामने भी तनकर खड़ी हो जाती है। विराट परिवेश में दुखों और कष्टों के बीच मन को सहारा देने वाले इस सुरक्षा कवच अर्थात् विश्वास प्रणाली को लोकमन धर्म के रूप में स्वीकार कर लेता है। मनुष्य का मन जहां अपनी भौतिक-शारीरिक शक्ति की सीमा देखता है, वहीं से उसके मन में यह देव भावना प्रारंभ हो जाती है। अपनी भौतिक शारीरिक शक्ति की क्षतिपूर्ति मनुष्य अपने मन की अज्ञात स्तरों से रहस्यमयी मनोवैज्ञानिक या आंतरिक शक्ति के रूप में "दिव्य शक्ति की परिकल्पना" के द्वारा प्राप्त करता है। इस परिकल्पना को मन की क्षति-पूरक प्रक्रिया भी कह सकते हैं। सामाजिक समायोजन के लिए देव भावना में एक नैतिकता का आधार है कि वह ईश्वर या देवता मूल्य विरुद्ध आचरण करने वाले पापी को दंड देता है तथा सामाजिक पुण्य का आचरण करने वाले को पुरस्कार दे देता है। यह देवता कंस, रावण, शिशुपाल, जरासंध जैसे असुरों राक्षसों और दैत्यों का वध करता है तथा संतों-भक्तों या निर्बल के ऊपर अनुग्रह करता है। हिरण्यकशिपु के सामने ईश्वर प्रह्लाद के साथ रहता है और सुरुचि के सामने ईश्वर ध्रुव के साथ रहता है। कंस के सामने ईश्वर मथुरा निवासी पीड़ितों के साथ है तथा दुर्योधन के सामने वह युधिष्ठिर धर्मराज के पक्ष में खड़ा रहता है। यही देवभावना की गहरी सामाजिकता है। अहंकार, ममता और स्वार्थ के सामने वह सदा समाज हित, प्राणि मात्र के हित और परमार्थ के साथ खड़ा है। दुर्योधन और दुःशासन के सामने वह द्रौपदी के साथ खड़ा है। देवभाव,अहंकार, काम, क्रोध, लोभ, हिंसा, अत्याचार और शोषण के विरुद्ध है। क्षमा, सत्य, विनय, अहिंसा, करुणा, मैत्री और शांति की सामाजिक शक्तियों का आश्रय देवभाव में है।

इसमें कोई संदेह नहीं कि देव भाव में मनुष्य की मूल प्रवृत्तियों के प्रवाह का सहज मार्ग है। लोकमन देवता से सौभाग्य सुख की कामना करता है-पुत्र प्राप्ति का वरदान मांगता है, भय से निवारण की अभिलाषा करता है, विजय की इच्छा करता है, धन संपत्ति वैभव विलास के वरदान की कामना करता है। देवभाव मंगल का केंद्र है। देव भावना में रति सिसृक्षा, तृष्णा, प्रभुता, गौरव आदि मूल प्रवृत्तियां सक्रिय हैं। शास्त्रों में जितने भी स्तोत्र मंत्र आदि हैं,सबके साथ फल श्रुति के रूप में इन मूल प्रवृत्तियों को हम देख सकते हैं। अमुक कथा सुनने से सौभाग्य मिलता है, अमुक व्रत करने से पुत्र प्राप्त होता है, अमुक यज्ञ करने से राज्य लाभ होता है, अमुक देवता को पूजने से प्रभुता प्राप्त होती है। अमुक स्तोत्र पढ़ने से लक्ष्मी प्राप्त होती है, धन मिलता है। यह मूल प्रवृत्तियां ही तो हैं।

देवभाव की संरचना में मानवमन का प्रतिबिंब सर्वत्र देखा जा सकता है। वह देवता निर्गुण निराकार है या सगुण साकार है, साकार में भी वह किसी अन्य प्राणी के रूप में है या मानव शरीर में, वह प्रत्येक रूप में मानव मन है, जो प्रसन्न होता है तो कृपा करता है, प्रसन्न होने पर वरदान देता है और अप्रसन्न होने पर अनिष्ट कर देता है।

यह बिल्कुल मानवीय स्वभाव है, क्योंकि देवभावना का स्रोत ही मानव मन है। देवभाव में मानव मन का होना नितांत स्वाभाविक ही है। इतना ही नहीं, देव भावना पारिवारिक परिवेश के अनुकरण पर आधारित भी है। देवता माता और पिता है- तुम्हीं हो माता, पिता तुम्हीं हो। माता-पिता का यह भाव हमें अपने पारिवारिक परिवेश से ही प्राप्त होता है। जगदंबा हो या परमपिता परमेश्वर यह दोनों अवधारणाएं परिवार से प्राप्त होती हैं।

# जागना जीवन की स्वाभाविक प्रक्रिया



द्वारिका प्रसाद अग्रवाल
वरिष्ठ लेखक, बिलासपुर

हम नींद में हैं या उस्नींदे हैं या जाग रहे हैं, लेकिन आंखें बंद करके पड़े हुए हैं। इसका अर्थ यह है कि हम अपने जीवन के महत्वपूर्ण क्षणों को यूं ही जाने दे रहे हैं। घड़ी की हर एक टिकटिक के साथ आपका जीवन कम होता जा रहा है। अपनी जागरूकता से इन अमूल्य पलों की महत्ता को समझा जा सकता है, लेकिन प्रश्न यह है कि खुद को जागरूक कैसे करें?

सोना और जागना हमारे जीवन की स्वाभाविक प्रक्रिया है। पूरे दिन का एक तिहाई समय सोने और दो तिहाई जागकर रहने के लिए होता है। जागकर रहने का मतलब केवल आंखें खोलकर रहना नहीं होता, मन को जागृत करके रखना होता है, हरेक गतिविधि पर सतर्कता कायम रखना होता है, जो भी हो रहा है, यदि हम बेहोशी में कर रहे हैं तो इसका मतलब है कि हम कुछ नहीं कर रहे हैं, वह अपने आप ही हो रहा है। टू-व्हीलर या फोर-व्हीलर चलाते समय हमारी मानसिक स्थिति गौर किया जाए तो हम लगभग बेहोशी में चलाते हैं। व्हील, एक्सीलरेटर और ब्रेक स्वाभाविक रूप से संचालित होते रहते हैं। हमारा ध्यान कहीं और रहता है। इस ध्यान की अनुपस्थिति का अर्थ है, मन का जागृत न होना।

मन को जागृत करने का अर्थ है, प्रत्येक क्रिया के प्रति मानसिक रूप से सतर्क रहना। जो भी हम कर रहे हैं या जो कुछ हमारे आसपास हो रहा है उसके प्रति सजग रहना। हमारे जीवन में एक क्रिया निरंतर होती है, श्वांस लेने की। वह आती-जाती रहती है, लेकिन एक मिनट के लिए यदि श्वांस को अवरुद्ध कर दिया जाए तो उसकी उपयोगिता समझ में आ जाएगी। हमारे शरीर के लिए इतनी अधिक आवश्यक क्रिया के प्रति हम सचेत नहीं रहते, उसे ध्यान से नहीं देखते। ऐसी अनेक लापरवाहियां हमारे साथ निरंतर घटती रहती हैं और हम उसके प्रति जरा भी गंभीर नहीं रहते।

# पहली महिला राज्यपाल सरोजिनी नायडू



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

सन् 1925 में सरोजिनी नायडू भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कानपुर अधिवेशन की अध्यक्ष चुनी गईं। तब तक वह गांधीजी के साथ दस वर्ष तक काम कर चुकी थीं और गहरा राजनीतिक अनुभव पा चुकी थीं। आजादी के पूर्व भारत में कांग्रेस का अध्यक्ष होना बहुत बड़ा राष्ट्रीय सम्मान था और वह जब एक महिला को दिया गया तो उसका महत्व और भी बढ़ गया।

गांधीजी ने सरोजिनी नायडू का कांग्रेस प्रमुख के रूप में बड़े ही उत्साह भरे शब्दों में स्वागत किया, 'पहली बार एक भारतीय महिला को देश की यह सबसे बड़ी सौगात पाने का सम्मान मिलेगा। अपने अधिकार के कारण ही यह सम्मान उन्हें प्राप्त होगा।' सरोजिनी ने स्वयं अपने बारे में कहा-'अपने विशिष्ट सेवकों में मुझे मुख्य स्थान के लिए चुनकर आप लोगों ने कोई नई मिसाल नहीं रखी है। आप तो केवल पुरानी परंपरा की ओर ही लौटे हैं और भारतीय नारी को फिर से उसके उस पुरातन स्थान में ला खड़ा किया है, जहां वह कभी थी।' अपने अध्यक्षीय भाषण में सरोजिनी नायडू ने भारत के सामाजिक, आर्थिक औद्योगिक और बौद्धिक विकास की आवश्यकता की बात की। प्रभावशाली शब्दों में उन्होंने भारत की जनता को अपने देश की स्वाधीनता के लिए हिम्मत और एकता के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया।

गोलमेज कांफ्रेंस में महात्मा गांधी के प्रतिनिधि मंडल में सरोजिनी नायडू भी सम्मिलित थीं। रॉलेट एक्ट का विरोध करने के लिए सरोजिनी नायडू ने महिलाओं को संगठित किया। जब 1932 में महात्मा गांधी जेल गए थे, उस समय आंदोलन को रफ्तार देने और बढ़ाने का दायित्व सरोजिनी नायडू को सौंप कर गए थे। गांधीजी ने कहा था- 'तुम्हारे हाथों में भारत की एकता का काम सौंपता हूं।' भारत का पक्ष रखने के लिए महात्मा गांधी ने उन्हें अमेरिका भेजा था। सरोजिनी नायडू ने महिलाओं का नेतृत्व करते समय नारी समाज की उन्नति के अथक प्रयास किए। देश के स्वतंत्र होने पर उन्हें उत्तर प्रदेश का राज्यपाल नियुक्त किया गया, जो भारत की पहली महिला राज्यपाल भी थीं।

# उच्च शिक्षा में अस्तित्व की तलाश में हिंदी बाल साहित्य



प्रो. मीना यादव
हिंदी विभाग, बरेली कॉलेज बरेली

हिंदी साहित्य के स्नातक और स्नातकोत्तर को पाठ्यक्रम की गहनता से देखें तो स्पष्ट होता है कि स्नातक के सभी सेमेस्टर्स और स्नातकोत्तर के चारों सेमेस्टर में बाल साहित्य को कहीं भी स्थान नहीं दिया गया है।

साहित्य वह माध्यम है जिससे लेखक अपने विचार, भावनाएं और विचारों को पढ़ने व समझने वाले लोगों के साथ साझा करता है। साहित्य विशेष रूप से रचनात्मकता और भावनाओं को व्यक्त करने का माध्यम है जिससे पाठकों को उनके विचारों और भावनाओं का सामंजस्य बनाने में मदद मिलती है। इसके कई रूप होते हैं जैसे कविता, कहानी, उपन्यास, नाटक, गजल और अन्य। हर एक रूप में भाषा का अद्वितीय उपयोग किया जाता है।

बाल साहित्य एक ऐसा साहित्य है, जो बच्चों के लिए विशेष रूप से तैयार किया जाता है और उन्हें उनके विकास के सभी पहलुओं में सहायक साबित होता है। बच्चों की नींव से उन्हें समाज, विज्ञान, भौतिकी, संस्कृति, इतिहास और मनोविज्ञान जैसे विभिन्न विषयों में रूचि उत्पन्न होती है। बाल साहित्य सरल भाषा में लिखा गया होता है ताकि बच्चे आसानी से उसे समझ सकें और उससे प्रेरित हो सकें। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 छात्र आधारित शिक्षा नीति है। वार्षिक शिक्षा प्रणाली के स्थान पर सेमेस्टर प्रणाली को लागू किया गया है। स्नातक स्तर पर परंपरागत व्यवस्था के स्थान पर तीन मेजर विषय और एक माइनर विषय का प्रावधान है। इसमें मुख्य विषय के साथ-साथ को करिकुलर/व्यावसायिक पाठ्यक्रम/(वोकेशनल)/ स्किल डेवलपमेंट आदि को पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है। को-करिकुलर के रूप में प्रत्येक सेमेस्टर में एक विषय को अनिवार्य बनाया गया है। को-करिकुलर विषय-खाद्य पोषण एवं स्वच्छता, प्राथमिक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, शारीरिक शिक्षा एवं योग, मानव मूल्य एवं पर्यावरण, विश्लेषणात्मक योग्यता एवं डिजिटल अवेयरनेस, संचार कौशल एवं व्यक्तित्व विकास हैं। व्यावसायिक पाठ्यक्रम में स्थानीय आवश्यकताओं की अनुसार विश्वविद्यालयों को पाठ्यक्रम निर्धारण की छूट दी गई है।

इसमें तीन मेजर विषय और एक माइनर के साथ प्रत्येक सेमेस्टर में एक को-करिकुलर तथा व्यावसायिक पाठ्यक्रम को अनिवार्य बनाया गया है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विश्वविद्यालयों में उपलब्ध संसाधनों के आधार पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति के दृष्टिगत सभी विषयों को पांच संकायों/ स्ट्रीम/ भागों में बांटा गया है जैसे- संकाय 1-कला एवं मानविकी, संकाय 2-लैंग्वेज/लिटरेचर, संकाय 3- विज्ञान, संकाय 4- कॉमर्स, संकाय 5- मैनेजमेंट। अर्हता के अनुसार छात्र एक संकाय से दो मेजर विषयों का चयन करेगा। यह छात्र का अपना संकाय कहलाएगा। तीसरा मेजर वह किसी भी संकाय से ले सकता है इसके लिए कोई प्रतिबंध नहीं है। छात्र का अध्ययन एक या दो अधिक संकायों तक ही सीमित न रहे इसलिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति में माइनर की संकल्पना की गई कि वह तीसरे संकाय के किसी विषय को भी अपने अध्ययन में शामिल कर सकता है। किसी भी विषय के माइनर का पाठ्यक्रम बनाते समय यह ध्यान रखना होगा कि उस विषय के मुख्य मुख्य उपयोगी भाग/सिद्धांत पाठ्यक्रम का हिस्सा हो और संपूर्ण विषयवस्तु पाठ्यक्रम में समाहित हो ताकि विषय की सामान्य जानकारी छात्र को हो सके।

हिंदी साहित्य के स्नातक और स्नातकोत्तर को पाठ्यक्रम की गहनता से देखें तो स्पष्ट होता है कि स्नातक के सभी सेमेस्टर्स और स्नातकोत्तर के चारों सेमेस्टर में बाल साहित्य को कहीं भी स्थान नहीं दिया गया है। सेमेस्टर ही नहीं अपितु पाठ्यक्रम का कोई अंश भी बाल साहित्य के रूप में नहीं है। माइनर विषय के रूप में स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर बाल साहित्य को पाठ्यक्रम में शामिल किया जा सकता है। स्नातक स्तर पर किसी एक सेमेस्टर में बाल साहित्य को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया जा सकता है। स्नातकोत्तर स्तर पर एक पेपर के रूप में विभिन्न बाल साहित्यकारों का अध्ययन पाठ्यक्रम में शामिल किया जा सकता है उनके कृतित्व और व्यक्तित्व से छात्र प्रेरणा लेंगे। जब तक बाल साहित्य पाठ्यक्रम में शामिल नहीं होगा, शोधार्थी बाल साहित्य के विभिन्न अवयवों को अपनी शोध की विषय वस्तु नहीं बना सकते, जो हिंदी बाल साहित्य के क्षेत्र में शोध की अपूर्णीय क्षति होगी।

# मर्यादा और पाखंड



मटुक नाथ चौधरी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

लोग दो तरह से जीते हैं। एक, अपने अनुसार। दो, दूसरों के अनुसार। अपने अनुसार जीना सुख है, दूसरों के अनुसार जीना दिखावा या पाखंड। दिखावा को ही पाखंडी लोग मर्यादा कहते हैं। मर्यादा दो प्रकार की होती है-उच्च कोटि की और निम्न कोटि की। जिस मर्यादा का संबंध समझदारी से होता है, वह उच्च कोटि की होती है और जिसका संबंध समझ से रहित लोक प्रचलित धारणा से होता है, वह निम्न कोटि की होती है। दूसरी कोटि की मर्यादा को ही पाखंडी लोग मर्यादा कहते हैं। प्रथम कोटि की मर्यादा उनकी समझ में नहीं आती।

एक उदाहरण से अपनी बात समझाने का प्रयत्न कर रहा हूं। मुझे दाल पकानी है। एक समय आएगा जब दाल पक जाएगी। जिस बिंदु पर दाल पक जाएगी, वहीं बिंदु उसकी मर्यादा हुई। उससे कम आंच में वह कच्ची रह जाएगी और अधिक आंच में जल जाएगी। कम या अधिक आंच मर्यादा का उल्लंघन है। मर्यादा के उल्लंघन का माने हुआ आपका नुकसान। अगर आपके कार्य से आपका और किसी अन्य का नुकसान न हो तो आपने मर्यादा का उल्लंघन नहीं किया।

कुछ दालें दो सीटियों में सीझ जाती हैं, कुछ चार में, कुछ छह में। उनकी मर्यादा एक नहीं हुई। अनुभवी लोग इसे जानते हैं और तद्नुसार अपने हित में मर्यादा का निर्धारण करते हैं, लेकिन जिनके पास अनुभव नहीं है, जिन्होंने सुन रखा है कि दाल चार सीटियों में सीझती है तो वह आदमी चक्कर में पड़ सकता है। दाल दो सीटियों वाली हुई, तो जल जाएगी और छह सीटियों वाली हुई तो कच्ची रह जाएगी। समाज में जो मर्यादा का अर्थ प्रचलित है, वह इसी तरह सुनी-सुनाई बातों पर आधारित है, बोध पर आधारित नहीं है। बोध पर आधारित मर्यादा देशकाल और व्यक्ति के अनुसार अलग-अलग होती है, जबकि जड़ लोगों की मर्यादा देशकाल और व्यक्ति का ख्याल न रखकर सदा एक समान होती है। इस जड़ता का श्रेय हमारी शिक्षा प्रणाली को जाता है,जो बोध पर केंद्रित नहीं है। पुरानी मर्यादा है कि जो पुरुष स्त्रियों की उनके काम में मदद करते हैं, वे मौगा कहलाते हैं और स्त्री-पुरुषों के बीच हेय दृष्टि से देखे जाते हैं। इसलिए पुरुष सार्वजनिक रूप से उनकी सेवा करने से कतराते हैं। कोई नहीं देख रहा है, तब उन्हें कोई दिक्कत नहीं होती।

एक समय की बात है। मेरी प्रेमिका नहाकर निकली। उसे जल्दी से कहीं जाना था। देर हो रही थी। इसी बीच उसे छत पर धूप में कपड़े भी सुखाने टंगनी पर डालने थे। मैंने कहा, तुम निकल जाओ। मैं इसे छत पर धूप में डाल दूंगा।

"लोग क्या कहेंगे?" वह बोली।/ "तुम भी लोगों के अनुसार चलोगी?" मैंने कहा। उसने एक नजर मुझ पर डाली और मुस्कुराकर चली गई। मैं छत पर गया और बाल्टी से एक-एक वस्त्र निकाल कर टंगनी पर लटकाने लगा-साड़ी,ब्लाउज आदि। सटी दूसरी छत पर खड़ी एक-एक स्त्री लगातार मुझे घूरती रही। आजतक उन्होंने मुझे उस नजर से नहीं देखा था, जिस नजर से आज देख रही थी। इसी नजर से बचने के लिए तो पुरुष यह कर्म नहीं करते हैं।

मैं सोचने लगा कि वह स्त्री मेरे बारे में किस तरह की धारणा बना रही होगी। एक मन से तो वह भर्त्सना कर रही होगी-कैसा मौगा मर्दाना है। शायद दूसरे मन से अपने पति को कोस भी रही होगी और मेरी प्रिया के भाग्य की सराहना भी कर रही होगी। काश, मेरे पति भी ऐसा कर देते। जाते-जाते मेरी प्रिया हिदायत भी देती गई थी कि घर में पोंछा नहीं लगाइएगा। मैं आऊंगी, तो लगाऊंगी, लेकिन इस तरह की हिदायत मानता कौन है? बोध वाले लोग पुरानी मर्यादा अथवा पुराने संस्कारों से एक झटके में बाहर हो जाते हैं, जबकि अबोध लोग उसे प्रतिष्ठा की बात समझकर ढोते रहते हैं। निष्कर्ष यह कि बोध केंद्रित मर्यादा मर्यादा है और लोग केंद्रित मर्यादा दिखावा या पाखंड।

## एक नजर

### आपात सेवाओं के बारे मे किया जागरूक

**बाबागंज, बहराइच :** रूपईडीहा थाना अंतर्गत कस्बा बाबागंज चौराहे पर एनजीओ शुभ सेवा संस्थान लखनऊ के नाट्य कलाकारों द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। नुक्कड़ नाटक के जरिये डायल 112 की विभिन्न आपात सेवाओं की जानकारी दी गई। महिला सुरक्षा, साइबर अपराध, अग्निशमन, दुर्घटना व आपदा मे डायल 112 के उपयोग व महत्व के बारे मे "दिन हो या रात, 112 है आपके साथ" का नारा देकर उपस्थित लोगों को जागरूक किया गया। इस मौके पर पीआरवी 1561 से आरक्षी बबलू यादव, दीप चंद विश्वकर्मा, चालक अमित पाण्डेय, नाट्य मण्डली से टीम लीडर सलमान, कलाकार लविश तिवारी, जूही वर्मा, शैफली कुशवाहा, वारिस खान सहित काफ़ी संख्या मे लोग मौजूद रहे।

### 4 घंटे होगी बिजली कटौती

**बहराइच :** शहर में रविवार को 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र सिविल लाइन पर आइसोलेटर बदलने का कार्य कराया जाना प्रस्तावित है। जिस कारण 33/11 केवी0 सिविल लाइन उपकेंद्र के समस्त फीडर प्रात: 10 से अपराह्न 2 बजे तक बन्द रहेंगे। अधिशाषी अभियंता शैलेंद्र कुमार ने बताया कि बिजली कटौती के दौरान पंचवटी माधवरेती, वीआईपी, फायर स्टेशन, नवोदय, दीवानी कचेहरी, टेलीफोन आदि क्षेत्र विद्युत आपूर्ति से प्रभावित होंगे। ऐसे में सभी लोग पानी का इंतजाम समय से कर लें।

### विश्व वन्य जीव दिवस पर आयोजित होगा कार्यक्रम

**बहराइच :** विश्व वन्य जीव दिवस के अवसर पर कतर्नियाघाट फ्रेन्डस क्लब की ओर से शहर के गोंडा रोड चिलवरिया चीनी मिल के निकट स्थित विहान बालक आवासीय विद्यालय में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम के अंत में स्कूल में पढ़ने वाले सभी 100 स्कूली छात्रों को शिक्षण सामग्री एवं चॉकलेट का वितरण किया जायेगा।

# भाजपा राज में भी महिला की जमीन पर हो गया कब्जा

**मोतीपुर, बहराइच, अमृत विचार :** जिले के नगर पंचायत मिहीपुरवा निवासी एक महिला को न्याय नहीं मिला। तहसील के अधिकारियों की मिलीभगत से सपा नेता ने उसकी जमीन पर कब्जा कर लिया। मिहींपुरवा नगर पंचायत के वार्ड नंबर 15 में लगभग 60 वर्ष से निवास कर रही महिला को मृतक दिखाकर उसकी जमीन 20 बाई 12 फर्जी तरीके से बैनामा कराकर पूरी चौहद्दी लिखवा ली गई। पीड़ित महिला अपनी फरियाद लेकर डीएम के पास पहुंची थी। इसके बाद थोड़ी बहुत कार्यवाही दिखाई पड़ी थी।जिसमें निवास कर रही महिला की जमीन आबादी के नाम पर दर्ज होने की बात राजस्व कर्मियों द्वारा दी गई थी।उसके सुबह अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मिली भगत से उस पीड़ित परिवार के लोगों को समाचार पत्र में खबर प्रकाशित कराने को लेकर धमकी दी जा रही थी कि आपने अखबार में समाचार छपवाकर गलत कर दिया है।अब जो मिलना था वह भी नहीं मिलेगा। उसके बाद आधी आधी जमीन बंटवारे की बात की जा रही थी।ज्ञात होगी मामला हाई कोर्ट में चल रहा है।उसके बावजूद अमल बरामद कैसे हो सकता है।वह भी पैसे की खनक एवं सपा नेता की दबंगई से पूरा हो गया।पीड़ित महिला फूलमती का कहना है कि मुख्य मंत्री मैं अभी जीवित हूं।मुझे नगर पंचायत की तरफ से वार्ड में प्रथम आवास मिला था।जिसे सभासद द्वारा यह बताकर वापस करवा दिया गया कि आपके पास जमीन नहीं है।जो जमीन है वह विवादित है। आखिर इस पीड़ित महिला पर कब पड़ेगी योगी सरकार की नजर। इस मामले में एसडीएम संजय कुमार से बात की गई तो गई तो उन्होंने बताया कि कागजात देखने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

# 33 मामलों का अधिकारियों ने किया निस्तारण

बहराइच/कैसरगंज


कैसरगंज में सुनवाई करते मंडलायुक्त। अमृत विचार

**अमृत विचार :** समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवसों की कड़ी में माह मार्च के प्रथम शनिवार को कैसरगंज में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में आयुक्त ने सुनवाई की। पूरे जिले में 33 मामलों का निस्तारण किया गया।

कैसरगंज तहसील में आयुक्त देवी पाटन मण्डल योगेश्वरराम मिश्र ने अन्य अधिकारियों के साथ आये हुए फरियादियों की समस्याओं की सुनवाई करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिये। जबकि तहसील महसी में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी मोनिका रानी ने पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला, मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर. उप जिलाधिकारी राकेश कुमार मौर्या, सीओ अनिल कुमार सिंह व अन्य अधिकारियों के साथ जनसमस्याओं की सुनवाई करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जनसुनवाई के दौरान डीएम ने राजस्व व पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस व थाना समाधान दिवस में भूमि से सम्बन्धित प्राप्त होने वाले प्रकरणों को नियमानुसार गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित कराया जाय। उन्होनें अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त शिकायतों का पूरी संवेदनशीलता के साथ निस्तारण करते हुए गरीब व पीड़ित व्यक्तियों को त्वरित न्याय दिलाये साथ ही पात्रता के अनुसार उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शासकीय योजनाओं से आच्छादित कर मुख्यमंत्री के निर्देशों को अमलीजामा पहनाया जाय। इस अवसर पर डीएफओ बहराइच संजय कुमार, जिला विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार पाण्डेय, पीडीडीआरडीए राज कुमार व अन्य जिला स्तरीय अधिकारी, बीडीओ, बीईओ, सीडीपीओ व थानाध्यक्षगण मौजूद रहे। मालूम हो कि तहसील महसी में सम्पूर्ण समाधान दिवस में 57 प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुए जिसमें से 07 का मौके पर निस्तारण किया गया। इसी प्रकार अन्य तहसीलों मिहींपुरवा(मोतीपुर) में प्राप्त 19 में 02, सदर बहराइच में प्राप्त 24 में 06, कैसरगंज में प्राप्त 82 में 05, नानपारा में प्राप्त 33 में 07 तथा पयागपुर में प्राप्त 89 में 06 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण मौके पर किया गया।

# सड़क हादसों में दो की मौत, तीन घायल

## कोतवाली देहात और मोतीपुर में हुईं दुर्घटनाएं, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

बहराइच/उर्रा




**अमृत विचार :** जिले के कोतवाली देहात और मोतीपुर थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में दो युवक और सेवानिवृत्त एडीओ की मौत हो गई। जबकि तीन लोग घायल हो गए। नानपारा लखमीपुर मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बिना वाहन नंबर के हादसे का शिकार हुए युवक की गाड़ी का चेचिस नंबर भी सही नहीं है।

नानपारा लखीमपुर मार्ग पर मोतीपुर थाना क्षेत्र के खैरी जंगल के पास शुक्रवार रात को बाइक सवार मिहीपुरवा की ओर जा रहा था। रात 10.30 बजे लखीमपुर से आ रहे युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे युवक की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की जानकारी होने पर चौकी इंचार्ज अरुण कुमार द्विवेदी, दीवान राम आशीष वर्मा, अमित कुमार समेत अन्य मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया। इसके बाद आसपास के लोगों से शिनाख्त के लिए पूछताछ की। फोटो से मृतक के परिवार के लोगों ने पहचान की। उसकी पहचान मोतीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत गायघाट के मक्कापुरवा निवासी त्रिमोहन पुत्र मुनेसर के रूप में हुई। जिस पर पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। चौकी इंचार्ज ने बताया कि मृतक की उम्र लगभग 25 वर्ष है। उन्होंने बताया कि बाइक में वाहन नंबर नहीं है और चेचिस नंबर भी सही नहीं है। मृतक के भाई गोलू की सूचना पर लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उधर देहात कोतवाली के महसी बहराइच मार्ग पर विजयनगर चौराहे के पास शुक्रवार शाम लगभग पांच बजे तेज रफ्तार बाइक ने साईकिल मे टक्कर मार दी। जिसके चलते साईकल सवार सबलापुर निवासी 67 वर्षीय कैलाश मणि महेन्द्र कुमार पुत्र कैलाश नाथ की मौत हो गई। शव को कब्जे मे लेकर पुलिस ने शहर स्थित मार्च्युरी में रखवाया है। वह सेवानिवृत्त सहकारिता के पद पर थे। इसी कोतवाली क्षेत्र के बहराइच लखनऊ हाईवे के संजीवनी इंस्टीट्यूट के पास शुक्रवार रात लगभग दस बजे तेज रफ्तार वाहन ने विपरीत दिशा से आ रही बाइक में टक्कर मार दी। जिसके चलते बाइक सवार जरवलरोड थाने के तपे सिपाह के मजरे कालीपुरवा निवासी 25 वर्षीय कुलदीप पुत्र नान्हू, 24 वर्षीय पंकज पुत्र रामजस घायल हो गए। दुर्घटना होते ही चालक वाहन सहित फरार हो गया। आसपास के लोगों ने घायलो को एंबुलेंस से मेडिकल कालेज भेज दिया है।

# लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष बने नंदेश्वर नंद

बहराइच


लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष का स्वागत करते कार्यकर्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी ने जिले के सभी फ्रंटल संगठनों पर अपने जिलाध्यक्ष घोषित कर दिए हैं। समाजवादी पार्टी ने सभी यूथ विंग पर जिलाध्यक्षों की तैनाती कर जिलाध्यक्षों से 15 दिनों के अन्दर अपनी कार्यकारिणी गठित कर प्रदेश नेतृत्व से अनुमोदन करने के लिये कहा है।

समाजवादी लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष नामित हुए नन्देश्वर नन्द यादव एक मार्च को जिलाध्यक्ष नामित होने के बाद जनपद पहुँचे तो जिले की सीमा से शुरू हुआ स्वागत का सिलसिला जिला मुख्यालय पर समाप्त हुआ। सपा नेताओं ने यादव को फूल मालाओं एवं पुष्पगुच्छ देकर जोरदार स्वागत किया। लगभग 15 वर्षों से समाजवादी पार्टी में तन मन धन से समर्पित नन्देश्वर नन्द यादव बेहद गरीब एवं कमजोर परिवार से ताल्लुक रखते हैं। वह अनवरत वर्ष 2009 से 2020 तक समाजवादी छात्र सभा के जिलाध्यक्ष रहे फिर वर्ष 2021 में समाजवादी लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष बने। दूसरी बार सपा लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष बनकर बहराइच पहुँचे नन्देश्वर नन्द यादव ने कार्यकर्ताओं के स्वागत से अभिभूत होकर कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा किसान परिवार के बेटे को जिलाध्यक्ष बनाकर जो विश्वास जताया है उनके विश्वास पर पूरी ईमानदारी एवं निष्ठा से खरा उतरने का प्रयास करूंगा। इस दौरान स्वागत करने वालों में जिले की सीमा घाघरा घाट पर डॉ अनिल कुमार के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। जरवल एवं कैसरगंज में विधायक प्रतिनिधि अभिषेक यादव के नेतृत्व में मित्रसेन यादव, निरंकार सिंह, डॉअर्जुन सिंह यादव, सुनील यादव, रिंकू सिंह, राजितराम, मयंक मिश्रा सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया, फखरपुर में राशिद, अमरदीप, विनोद, कमलेश सहित अन्य पदाधिकारियों ने अभिनन्दन किया, टिकोरा मोड़ पर शेखर, विकास शिवम यादव, दिनेश, रितेश यादव, मुबीन, रियाज अली सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का फूल मालाओं से स्वागत किया।

# पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल की व्यवस्थाएं करें दुरुस्त

▸▸ जिलाधिकारी ने वीवीपैट वेयर हाउस का निरीक्षण कर लिया जायजा

श्रावस्ती


स्ट्रांगरूम व ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस का निरीक्षण करते अधिकारी।

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी कृतिका शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक घनश्याम चैरसिया ने आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल, निष्पक्ष एवं व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट में बनाये गये पोलिंग पार्टी रवाना स्थल, स्ट्रांगरूम व ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस का निरीक्षण कर जायजा लिया तथा सभी तैयारियों को पूर्ण करने का निर्देश दिया।

इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने विधानसभा क्षेत्र 289-भिनगा एवं 290-श्रावस्ती हेतु बनाये गये स्ट्रांग रूम का भी मुआयना किया जहां पर मतदान के बाद ईवीएम/वीवीपैट मशीनें रखी जायेंगी। उन्होने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम करने का भी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिया कि दोनों विधान सभाओं हेतु पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल व ईवीएम मशीनों को स्ट्रांगरूम में जमा करने हेतु सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली जाएं। उन्होने बताया कि विधानसभा क्षेत्र 289-भिनगा हेतु स्ट्रांगरूम न्यायालय अपर जिला मजिस्ट्रेट बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी तथा 290-श्रावस्ती हेतु ईवीएम वेयर हाउस को बनाया जाएगा। इसके अलावा जिला निर्वाचन अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने दोनों स्थानों के रवानगी स्थल, कैम्पस, स्ट्रांगरूम के आस-पास साफ-सफाई, पेयजल आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए सम्बन्धित को निर्देशित किया है, ताकि व्यवस्थापूर्ण ढंग से निर्वाचन को सम्पन्न कराया जा सके। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमरेन्द्र कुमार वर्मा, अपर जिलाधिकारी न्यायिक राम दत्तराम, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी छोटेलाल, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी(पं0) उमेश आर्य सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में नदी में कूदा पूरा परिवार

**श्रावस्ती, अमृत विचार:** थाना सोनवा क्षेत्र के भगवान पुर निवासी सलीम ने परिवार के 6 सदस्यों के साथ शुक्रवार की रात को राप्ती नदी में छलांग गला दी। सूत्रों की माने तो सलीम अपनी पत्नी, 1 बेटा व 3 बेटियों के साथ राप्ती नदी के पास आया था। वहीं पर संदिग्ध परिस्थितियों में सभी नदी में कूद गए। पुलिस प्रशासन को इसकी जानकारी होने पर वे मौके पर पहुंचे। पांच सदस्यों को तो पानी से निकाल लिया गया है किंतु 18 वर्षीय सबा का अभी तक कोई सुराग नही लगा है। पुलिस प्रशासन गोताखोरों की मदद से खोजबीन में जुटा है

# साकेत मिश्रा को टिकट मिलने पर समर्थकों में खुशी



**श्रावस्ती, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी ने श्रावस्ती लोकसभा सीट पर साकेत मिश्रा को उम्मीदवार बनाए जाने पर साकेत मिश्रा के खेमे जहां खुशी व्याप्त है वही टिकट की मांग कर रहे अन्य भाजपा नेताओं में उदासी का माहौल छा गया है। भिन्गा मुख्यालय पर स्थित साकेत मिश्रा के कार्यालय पर समर्थको ने खुशी में जमकर नारेबाजी की और मिठाइयां बांटी। पिछली बार भाजपा को मिली कम वोटों से हार क्या साकेत मिश्रा जीत में बदल पाएंगे कि नहीं यह जनता के ऊपर है। टिकट पा चुके साकेत मिश्रा काफी दिनों से क्षेत्र में बने हुए और आम जनमानस में पार्टी के उपलब्धियां बता कर भाजपा में वोट करने की अपील करते कर रहे थे। पार्टी हाईकमान द्वारा साकेत मिश्रा को टिकट देकर श्रावस्ती में राजनैतिक गलियारों को गर्म कर दिया है। ऐसे में देखना है कि साकेत मिश्रा भाजपा की नैया पर लगाने में कितने कामयाब होंगे।

# दुष्कर्म के दोषी को कोर्ट ने सुनाई उम्रकैद की सजा

श्रावस्ती

**अमृत विचार :** शादी का झांसा देकर बलात्कार करने की एक मामले की सुनवाई करते हुए विद्वान न्यायाधीश ने एक अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। और 74000 का अर्थ दंड भी लगाया अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी कर रहे शासकीय अधिवक्ता फौजदारी उमाकांत त्रिपाठी ने बताया कि सिरसिया थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने थाना सिरसिया में दिनांक 29 अगस्त 2017 को शिकायत दर्ज कराई थी की उसकी 16 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ सिरसिया थाना क्षेत्र के ही एक गांव निवासी आरोपी मिनतीराम पुत्र भगेडु ने किशोरी को बहला फुसला कर शादी का झांसा देकर किशोरी के साथ बलात्कार किया था। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोप पत्र न्यायलय में भेजा था। जिसका विचारण कर अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश अनन्य रूप से पास्को सुदामा प्रसाद ने आरोपी को दोषसिद्ध कर आजीवन कारावास व 74000 रुपए के अर्थदंड से दंडित करने का आदेश दिया और यदि आरोपी अर्थदंड नही अदा करता है तो उसे 2 वर्ष का अतरिक्त कारावास भुगतना होगा।

## वर्ग पहेली-360



**बाएं से दाएं**

1. काम-काज अथवा उद्योग-धंधे में लगा रहने वाला, जिसके हाथ में अनेक काम रहते हों, उद्यमी।
4. 1. सुंदर, आकर्षक, मनोहर 2. जिसपर चिह्न या निशान हो, चिह्नित, अंकित।
5. 1. गाड़ी या हल के जुए की लकड़ी जिसके दोनों ओर बैल जोते जाते हैं 2. गाटा।
7. श्मशान में रहने वाली स्त्री, डाकिनी, पिशाचिनी।
8. 1. जिसमें चुंबक या उसके समान गुण हो 2. चुंबक संबंधी।
11. 1. विस्तृत, लंबा-चौड़ा, फैला हुआ 2. जो संकरा न हो।
12. 1. धोखा या चकमा देकर शत्रु पर प्रहार करने वाला व्यक्ति 2. गमन 3. पलायन।, 1. सरका हुआ, खिसका हुआ 2. गत 3. विचलित।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. कार्य, काम, रोज़गार, धंधा, व्यापार, व्यवसाय 2. कारण, प्रयोजन, हेतु 3. विवाह आदि कोई शुभ कार्य 4. कपड़े में बटन लगाने का छेद।
2. रसायन विज्ञान की वह शाखा जिसमें जीवित वस्तुओं में होने वाले रासायनिक प्रक्रमों और वस्तुओं का अध्ययन होता है।
3. 1. ठुमककर चलने की अवस्था
6. छोटा नगाड़ा जिसे बजाकर किसी प्रकार की घोषणा की जाती है, डुग्गी, डुगडुगी।
9. 1. किसी कार्य या उपलब्धि में अपने प्रतिद्वंद्वी से आगे बढ़ जाने की स्थिति 2. चुनाव आदि में एक दल के प्रत्याशी का दूसरे दल के प्रत्याशी से मतों की संख्या में आगे बढ़ जाना, (लीड)।
10. 1. आघात, टक्कर 2. समूह, जमाव, समष्टि 3. हत्या, वध 4. निवास, रहने की जगह 5. शरीर, देह।

## वर्ग पहेली - 359 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 उ | ■ | ■ | 2 त | ■ | 3 रा |
| हूँ | ■ | 4 सा | र | को | मा |
| ■ | 5 कु | ली | न | ■ | यु |
| ■ | ■ | ■ | ता | ■ | ध |
| ■ | ■ | 6 अ | र | थी | ■ |
| 7 तृ | षा | वा | न | ■ | ■ |
| ■ | ■ | री | ■ | 8 अ | भि |

## सुडोकू -77

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | | | 1 | | |
| | 5 | | 9 | 4 | | | 6 | 8 |
| 6 | | | | | 3 | 9 | | |
| 3 | 2 | | 7 | | | 6 | | 4 |
| | | 4 | | 2 | | | 5 | |
| 1 | | 9 | | | 6 | 8 | | 3 |
| | 1 | | 8 | | 4 | | | |
| | 9 | 6 | | | | 5 | | 7 |
| | | | 5 | | | 4 | | |

## सुडोकू - 76 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 1 | 7 | 8 | 9 | 6 | 5 | 2 | 3 |
| 2 | 3 | 6 | 4 | 1 | 5 | 8 | 7 | 9 |
| 9 | 8 | 5 | 7 | 3 | 2 | 4 | 1 | 6 |
| 8 | 2 | 4 | 6 | 7 | 9 | 1 | 3 | 5 |
| 6 | 5 | 1 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 4 |
| 7 | 9 | 3 | 1 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 |
| 5 | 4 | 2 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 | 1 |
| 3 | 7 | 8 | 9 | 4 | 1 | 6 | 5 | 2 |
| 1 | 6 | 9 | 5 | 2 | 8 | 3 | 4 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 3 मार्च, रविवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-सप्तमी 08.44 तक तत्पश्चात अष्टमी।

**मेष** – आज आप किसी अटके हुए कार्य के कारण काफी परेशान हो सकते हैं। तनाव के कारण आप अपने काम पर ध्यान नहीं दे पा रहे हैं। ऐसे लोगों से अपने मन की बातें शेयर न करें जो आपकी भावनाओं को उचित महत्व न देते हों।

**वृष** – आज यदि कहीं बाहर का भोजन ग्रहण कर रहे हैं तो सावधानी बरतें। स्थितियां आपके अनुकूल रहेंगी। आपको कुछ नया और रोमांचक करने का अवसर मिलेगा, जो भी काम शुरू करेंगे उसे सफलतापूर्वक अंजाम तक भी पहुंचा लेंगे।

**मिथुन** – आज दूसरों के साथ तालमेल बैठाने में कई बार थोड़ी परेशानी महसूस होगी। स्वयं की गलतियों को पहचानें और उसे दूर करने का प्रयास करें। जॉब में उच्चाधिकारी आपके प्रदर्शन से संतुष्ट रहेंगे। व्यवसाय की गति काफी अच्छी रहेगी।

**कर्क** – आज बिगड़े रिश्तों को सुधारने की दिशा में प्रयास कर सकते हैं। प्रेमी जन के साथ विवाह को लेकर चर्चा करेंगे। दोस्तों के साथ बाहर कहीं घूमने की योजना बना सकते हैं। पारिवारिक समस्याओं को लेकर आप थोड़ा संवेदनशील रहेंगे।

**सिंह** – आज बुद्धिमान लोगों की संगत प्राप्त होगी। सरकारी कार्य थोड़े उलझते हुए प्रतीत हो रहे हैं। संपत्ति के माध्यम से आपको धन लाभ भी हो सकता है। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। कारोबार में आर्थिक लाभ अपेक्षा से कम होगा।

**कन्या** – आज आप अपनी उपलब्धियों के कारण आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे। परिजनों के साथ आप घूमने की योजना बना सकते हैं। आपको एक साथ कई शुभ समाचार सुनने को मिलेंगे। धार्मिक कार्यों में आप काफी सक्रिय रहेंगे।

**तुला** – आज शाम के समय पुराने दोस्तों से मिलकर के मन प्रसन्न होगा। आप किसी काम के अटकने के कारण थोड़े व्यथित हो सकते हैं। धैर्यवान बने रहें जल्द ही आपके सभी कार्य बनते नजर आएंगे। आय के नए स्रोत बनने की संभावना भी प्रबल है।

**वृश्चिक** – आज आप काफी प्रसन्न मुद्रा में रहेंगे। प्रेमी जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधने को लेकर योजना बना सकते हैं। पारिवारिक जीवन आनंदमय रहेगा। नए कारोबारी संबंध विकसित हो सकते हैं। काम के साथ ही आप समाज को भी पर्याप्त महत्व देने वाले हैं।

**धनु** – आज दूसरों के काम की जिम्मेदारी बिल्कुल न लें। घर का माहौल शाम के समय अच्छा रहेगा। मैनेजमेन्ट से जुड़े हुए क्षेत्र में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। आप जैसा चल रहा है बस उसे वैसा ही चलने दें। गुस्से पर नियंत्रण रखें।

**मकर** – आज रिश्तेदारों के साथ किसी आयोजन में सम्मिलित हो सकते हैं। बच्चों की सफलता पर आपको गर्व की अनुभूति होगी। ऐश्वर्य और विलासिता के संसाधनों पर धन खर्च करेंगे। पुराने निवेश का लाभ आपको मिल सकता है।

**कुंभ** – आज आप नए काम की शुरुआत कर सकते हैं। नौकरीपेशा लोग परिवार के साथ क्वालिटी समय बिताना चाहेंगे। स्वजनों से खूब प्रेम व सत्कार मिलेगा। छात्रों के करियर को लेकर दिन बड़ा भाग्यशाली है। सभी जरूरी काम आप समय पर कर लेंगे।

**मीन** – आज बेरोजगार लोगों को नई नौकरी मिल सकती है। करियर को लेकर आप काफी उत्साहित और सकारात्मक रहेंगे। धार्मिक पूजा-पाठ में सम्मिलित हो सकते हैं। लोग आपको सुनना पसंद करेंगे। आपका व्यवहार सभी के प्रति बहुत उदार रहेगा।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वसंत। चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ। ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-अनुराधा 15.55 तक तत्पश्चात ज्येष्ठा।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
तकदीर का तमाशा – सुबह : 09.26
भाई जी सुपरहिट – रात : 08.28

**SONY MAX**
ता रा रम पम – सुबह : 09.45
12 वीं फेल – रात : 07.00

**SONY PIX**
स्पाइडर मैन – सुबह : 10.49
सर्चिंग – रात : 08.59

**ZEE CINEMA**
तलाश – सुबह : 10.30
कृष – रात : 10.00

**colors CINEPLEX**
दोस्ताना – सुबह : 09.35
कभी खुशी कभी गम – रात : 10.18

### आज की सुपरहिट फिल्म


सोनी मैक्स पर रात-07.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति-पत्नी दोनों कार ऐक्सिडेंट में गुजर गए।
पति भूत बना और बीवी बनी चुड़ैल कुछ समय बाद दोनों मिले।
बीवी-कितने अलग लग रहे हो भूत बनकर।
पति-पगली तू तो बिल्कुल नहीं बदली।

टीचर- अच्छा बच्चों बताओ ड्राइवर और कंडक्टर में क्या फर्क होता है।
छात्र-गुरुजी, कंडक्टर सो गया तो किसी का टिकट नहीं कटेगा, लेकिन अगर ड्राइवर सो गया तो सबका टिकट कट जाएगा।

## एक नजर

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

सुलतानपुर, अमृत विचार। शनिवार को धनपतगंज थाना क्षेत्र के अगई गांव निवासी वीरु (22) पुत्र नंदलाल का शव घर के अंदर कमरे में साड़ी के सहारे लटकता मिला। घटना की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक पंडित त्रिपाठी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। युवक के आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं है। जांच की जा रही है।

### लैंप लाइटिंग एवं ओथ सेरेमनी आज

सुलतानपुर, अमृत विचार: केएनआईएमटी के नर्सिंग विभाग की ओर से रविवार को फरीदीपुर कैंपस में लैंप लाइटिंग एवं ओथ टाकिंग सेरेमनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। एएनएम और जीएनएम के छात्राएं सहभागिता करेंगी। यह जानकारी प्राचार्य रजनी नगपुरे ने दी है।

### चीनी मिल के जीएम समेत आठ कर्मी सेवानिवृत्त

गोसाईंगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार: गुरुवार को किसान सहकारी चीनी मिल के प्रधान प्रबंधक प्रताप नारायण सहित आठ कर्मी सेवानिवृत्त हो गए। इसके बाद चीफ केमिस्ट को प्रभारी जीएम की जिम्मेदारी सौंपी गई है। किसान सहकारी चीनी मिल जीएम प्रताप नारायण, प्रभारी सीसीओ राम तेज वर्मा, लिपिक शशिनाथ मिश्रा व टाइम कीपर अखिलेश कुमार जायसवाल सहित कुल आठ कर्मी गुरुवार को सेवानिवृत्त हो गए। प्रताप नारायण के रिटायर्ड होने के बाद चीफ केमिस्ट नरसिंह गौड़ को प्रभारी जीएम की जिम्मेदारी दी गई है। महादेवपुर गांव निवासी दीप नारायण वर्मा ने गन्ना किसानों की ओर से प्रभारी जीएम को गुलदस्ता भेंट कर बधाई दी है।

# 10 वर्षों में बदली भारत की दशा: जितेंद्र सिंह

## 56 इंच वाले प्रधानमंत्री से थर-थर कांपते हैं आतंकवादी: नंदी, भाजपा के प्रबुद्धवर्ग सम्मेलन का आयोजन

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** शनिवार को पंडित रामनरेश त्रिपाठी सभागार में भारत सरकार के मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि 10 वर्षों में भारत की दशा बदली है। 2014 के पहले के भारत और आज के भारत में बहुत अंतर आया है। पीएम के नेतृत्व में देश ने सभी मोर्चों पर विकास के नये आयाम स्थापित किए हैं। मोदी की गारंटी वाली योजनाओं से लोगों के जीवन में बदलाव आया है।

यहां प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत 11 वीं विश्व की पांचवीं अर्थव्यवस्था बन चुका है। भारत चांद के साउथ पोल पर पहुंचने वाला दुनिया का पहला देश है। उन्होंने कहा जो नौजवान फर्स्ट टाइम वोट करेगा उसने 2014 से पहले का जमाना नहीं देखा जब बहाली ही बहाली थी। भ्रष्टाचार घोटाला, आतंकवाद, अखबारों की हेडलाइन बनते थे। देश में निराशा का माहौल था। प्रधानमंत्री ने 2014 में शपथ ग्रहण के बाद नौजवानों को तोहफा देते हुए अधिकारियों द्वारा सर्टिफिकेट प्रमाणित करने के आदेश को बदल कर स्वप्रमाणित करने का आदेश किया, नौकरी में इंटरव्यू की प्रथा समाप्त कर देश के युवाओं पर भरोसा जताया। केंद्रीय मंत्री ने कहा जनमानस का मत है मोदी जी भारी बहुमत से तीसरी बार देश का नेतृत्व करें। उन्होंने कहा प्रबुद्ध वर्ग हमारे लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि आपकी बात समाज गौर से सुनता है। वह ओपिनियन मेकर्स होते हैं। केंद्रीय मंत्री ने इंडिया गठबंधन पर कहा पहले भी आप देख चुके हैं। इस बार एक तरफा चुनाव होगा।



भाजपा के प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन को संबोधित करते केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह।

विशिष्ट अतिथि यूपी सरकार के मंत्री व क्लस्टर प्रभारी नंद गोपाल नंदी ने कहा कि 56 इंच के सीने वाले प्रधानमंत्री को आप बागडोर देते हैं तो आतंकी थर-थर कांपते हैं। मंत्री ने कहा 2019 में हमारे सीआरपीएफ जवानों पर आतंकियों ने घर लगाकर हमला किया तो प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सेना ने सर्जिकल स्ट्राइक करके घर में घुसकर मारा करके जवाब दिया। आज प्रधानमंत्री के नेतृत्व में तीसरी महाशक्ति के रूप में देश उभरा है। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. आरए वर्मा, सौरभ कांत, पालिकाध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल, जिला संयोजक डॉ. अनुराग पांडेय, सुशील त्रिपाठी, एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ. आद्या प्रसाद पांडेय, डॉ. वेद प्रकाश सिंह, पार्टी प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी, वीणा पांडेय व संजय सिंह सोमबंशी आदि मौजूद रहे।

# ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध की मौत, परिवार में कोहराम

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार:** बेटी की गोदभराई कर परिजन शादी की तैयारी में जुटे थे। इसी बीच ट्रेन की चपेट मे आने से पिता की मौत हो गई। पिता के मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के वाराणसी-लखनऊ रेल खंड के पखरौली फतेपुर गांव के पास शनिवार को एक व्यक्ति की ट्रेन की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। रेलवे ट्रैक पर दुर्घटना होने के बाद लोको पायलट ने इसकी सूचना सुलतानपुर स्टेशन मास्टर को दी। दुर्घटना की सूचना स्टेशन अधीक्षक ने स्थानीय पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू की तो मृतक की पहचान अवधेश गुप्ता (60) पुत्र रामकेदार निवासी शिवपुर गौरा के रूप में हुई है। कोतवाली देहात पुलिस ने सूचना परिजनों को देते हुए जीआरपी को अवगत कराया। परिजनों की मानें तो मृतक अवधेश गुप्ता एक वर्ष से मानसिक रूप से पीड़ित थे। जिसकी दवा हो रही थी। शुक्रवार रात लगभग 12 बजे वह साइकिल लेकर घर से शौच के लिए निकले थे। मृतक अवधेश के पांच पुत्री व दो पुत्र हैं। सबसे छोटी पुत्री पिंकी की गोदभराई तीन दिन पहले हुई थी। शनिवार को शादी की तिथि निश्चित होनी थी। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## यौन अपराध के तीन दोषियों को कोर्ट ने सुनाई सजा

**सुलतानपुर, अमृत विचार:** जिले में किशोरियों के साथ हुए यौन अपराध के तीन दोषियों को पॉक्सो कोर्ट के जज पवन शर्मा ने शनिवार को सजा सुनाई है। सरकारी वकील रमेश चंद्र सिंह ने बताया कि कोतवाली देहात थाना क्षेत्र में घर में घुसकर किशोरी से मारपीट व धमकी के आरोपी अवधेश कुमार को कोर्ट ने एक साल जेल और 5000 अर्थदंड की सजा सुनाई है। इसी अदालत ने कादीपुर थाना क्षेत्र में नाबालिक किशोरी से छेड़छाड़ के आरोपी महेंद्र पाल को तीन साल की जेल और तीन हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। एक अन्य मामले में इसी थाना क्षेत्र में कक्षा सात की छात्रा से पांच साल पूर्व छेड़छाड़ करने के आरोपी बृजेंद्र को कोर्ट ने तीन साल जेल और तीन हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है।

# न्यायालय में हाजिर नहीं हुए सांसद राहुल गांधी, सुनवाई 13 को

▸▸ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने का मामला

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में आरोपित कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी शनिवार को विशेष कोर्ट में हाजिर नहीं हुए। उनके अधिवक्ता काशी शुक्ल ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा की बात कहते हुए हाजिरी माफ करने की अर्जी दी, जिस पर परिवादी के वकील संतोष पांडेय ने विरोध जताया।

कोर्ट ने राहुल गांधी के बयान दर्ज करने के लिए 13 मार्च की तारीख नियत की है। कोतवाली देहात थानाक्षेत्र के हनुमानगंज निवासी बीजेपी नेता विजय मिश्र ने राहुल गांधी के खिलाफ गृहमंत्री अमित शाह पर अभद्र टिप्पणी करने के आरोप में मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया है। राहुल गांधी के खिलाफ चार अगस्त 2018 को मानहानि का वाद दायर किया गया था।

### गृहमंत्री अमित शाह के मामले में सुनवाई टली

सुलतानपुर: राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह व दो अन्य के खिलाफ दायर मानहानि केस में गवाह के न आने के कारण सुनवाई के लिए कोर्ट ने चार मार्च की तारीख नियत की है। एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट में परिवादी वरुण मिश्र का बयान कोर्ट में दर्ज किया जा चुका है। कोर्ट में शनिवार को परिवादी के अन्य गवाह का बयान होना था। यूथ कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष वरुण मिश्र ने गृहमंत्री अमित शाह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अजय जायसवाल और विनय मालवीय के खिलाफ 22 फरवरी 2018 को कोर्ट में परिवाद दायर किया था। परिवादी का आरोप है कि गृहमंत्री अमित शाह ने 10 जून 2017 को छत्तीसगढ़ में महात्मा गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। अजय जायसवाल और विनय मालवीय पर सोशल मीडिया में आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप है। इससे परिवादी की भावनाएं आहत हुईं।

### जानलेवा हमले के दो आरोपियों की जमानत खारिज

संवाददाता, सुलतानपुर: अमेठी जिले के थाना क्षेत्र जगदीशपुर के पिछूती में बीते साल रात में खेत की रखवाली कर रहे दलित घिसई पर धारदार हथियार व लाठी डंडे से मारपीट कर जानलेवा हमला करने के दो आरोपियों शुभम सिंह और रघुवीर सिंह की जमानत न्यायाधीश त्रिभुवन नाथ पासवान ने आरोपों को गंभीर पाते हुए खारिज कर दी। वादी निर्मला के वकील रोहित अवस्थी ने जमानत पर विरोध जताया। उन्होने बताया कि वादी के पति घिसई 29 जनवरी 2023 की रात खेत की रखवाली करने गए थे जिन्हें अज्ञात लोगों ने धारदार हथियार व लाठी डंडे से जानलेवा हमला कर मृत छोड़कर भाग गए थे। गंभीर हालत में घिसई को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जगदीशपुर ले जाया गया जहां पर चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए लखनऊ रेफर कर दिया। मामले में अज्ञात में मुकदमा दर्ज होने के बाद दौरान विवेचना आरोपियों का नाम प्रकाश में आया तथा गंभीर चोट को देखते हुए जानलेवा हमला व दलित उत्पीड़न के आरोप में चार्जशीट दाखिल हुई।

### वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से पाक्सो कोर्ट में हुई डॉक्टर की गवाही

संग्रामपुर थाना क्षेत्र में करीब तीन माह पूर्व नौ साल की बच्ची से हुए दुराचार के मामले में पॉक्सो कोर्ट के जज पवन शर्मा ने शनिवार को लखनऊ में तैनात डॉक्टर सुधीर सिंह का बयान दर्ज किया। आरोपी के वकील अरविंद सिंह राजा ने डॉक्टर से जिरह की। अधिवक्ता ने बताया कि थाना क्षेत्र के दिनेश पाल पर तीन माह पूर्व नौ साल की बच्ची से छेड़छाड़ व दुराचार करने के आरोप में मुकदमा दर्ज हुआ था।जिसमें पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। मामले की त्वरित सुनवाई जारी है, जिसमें शनिवार को अभियोजन साक्षी आठ का बयान दर्ज हुआ। शनिवार को लखनऊ के डॉक्टर को गवाही में आना था लेकिन उनके नहीं पहुंचने से कोर्ट ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए बयान और जिरह दर्ज की। मामले की अगली सुनवाई 4 मार्च को फिर नियत की गई है।

# कानून व्यवस्था पर कांग्रेसियों ने घेरा कलेक्ट्रेट

● धरना-प्रदर्शन करने के बाद राज्यपाल को ज्ञापन भेजा

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार।** वाराणसी में भाजपा के पदाधिकारियों द्वारा बीएचयू की छात्रा से सामूहिक बलात्कार, रामपुर में दलित युवक की हत्या, जिले के पेट्रोल पंपों पर लूट की वारदात, व्यापारियों से छिनैती की घटनाओं समेत बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर शनिवार को कांग्रेसी सड़क पर उतर पड़े। जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा की अगुवाई में दर्जनों कांग्रेसियों ने जिला कांग्रेस कमेटी से जुलूस निकालकर भाजपा सरकार को घेरते हुए कलेक्ट्रेट में जमकर प्रदर्शन किया और राज्यपाल को संबोधित मांग पत्र सौंपा।



कलेक्ट्रेट में डीएम कार्यालय का घेराव कर धरने पर बैठे कांग्रेसी। अमृत विचार

जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश अपराध का गढ़ बन गया है। नाबालिग बच्चियां सुरक्षित नहीं है। उनके साथ अक्सर गैंगरेप की घटनाएं हो रही हैं। व्यापारियों से लूट की बात आम हो चुकी है। बीते दिनों रामपुर में 10वीं के छात्र सुमेश की पुलिस की पिटाई में मौत हो गई। पीएम मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में मोदी की आईटी सेल के भाजपा के युवाओं द्वारा छात्रा से गैंगरेप किया जाना शर्मनाक है। भाजपा सरकार के खिलाफ बोलने पर लोगों को सरकारी मशीनरी से डराया धमकाया जा रहा है। शहर अध्यक्ष शकील अंसारी ने कहा शहरों में आवारा पशुओं ने तांडव मचा रखा है। बीते दिनों सांड ने एक अधेड़ को मार डाला। लूट छिनैती और चोरी की घटनाएं शहर में आम है। घर के अंदर से वाहन चोरी हो रहे हैं। नगर कोतवाली की पुलिस मुकदमा न लिखकर घटनाओं को छिपाने में जुटी हुई है। लेखपाल व पटवारी आए दिन वीआईपी ड्यूटी से परेशान है। उनका आर्थिक और मानसिक शोषण भाजपा द्वारा किया जा रहा है। धरना प्रदर्शन में प्रमुख रूप से वरिष्ठ नेता हरीश त्रिपाठी, युवा कांग्रेस के अध्यक्ष विपिन कुमार कनौजिया, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ओपी चौधरी, जिला महासचिव निकलेस सरोज, मीनू यादव, सपना पाठक, युवा उपाध्यक्ष मानस तिवारी, प्रदेश सचिव मोहित तिवारी, सुब्रत सिंह सनी, प्रवक्ता अमोल बाजपेई आदि मौजूद रहे।

# समाधान दिवस में आईं 138 शिकायतों में से 7 निस्तारित

**सुलतानपुर, अमृत विचार:** मार्च माह के पहले शनिवार को डीएम, एसपी का सम्पूर्ण समाधान दिवस जयसिंहपुर तहसील में आयोजित होना था। सुबह से ही फरियादी अपनी समस्याओं को लेकर तहसील पहुंचे थे। डीएम, एसपी की नमौजूदगी में सीडीओ अंकुर कौशिक ने संपूर्ण समाधान दिवस की कमान संभाली।

डीएम-एसपी को सम्पूर्ण समाधान दिवस पर ना पाकर कुछ फरियादी मायूस भी हुए। सीडीओ अंकुर कौशिक ने अधिकारियों के साथ जन सुनवाई करते हुए अधिकारियो को निस्तारण के निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 138 शिकायती पत्र विभिन्न विभागों के आए। जिनमे से 7 शिकायतो का मौक़े पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष 131 शिकायतो के निस्तारण का निर्देष एसडीएम जयसिंहपुर को दिया। सीडीओ द्वारा तहसील दिवस में आम जनमानस की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक समझ कर सभी सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को मौके पर ही एकीकृत प्रयास कर निस्तारण के निर्देश दिये गये। उन्होंने सभी प्रेषित शिकायती प्रार्थना पत्रों के संबंध में सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि समस्याओं का निस्तारण कर अवगत कराएं।

## सार-संक्षेप

### विद्यालय के वार्षिकोत्सव पर बच्चों की प्रस्तुति ने मोहा मन

सुलतानपुर, अमृत विचार: उच्च प्राथमिक विद्यालय सखौली कला की प्रधानाध्यापक शैल कुमारी मिश्रा ने कहा कि बच्चों को सही शिक्षा मिल जाए तो वह देश के विकास में एक नींव की भांति कार्य करते हैं। सरकार तमाम योजनाएं चलाकर सभी को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने का काम किया है। वे विद्यालय के वार्षिकोत्सव एवं शिक्षक अभिभावक गोष्ठी को संबोधित कर रही थी। इस दौरान बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बच्चों ने नृत्य, सामूहिक गान व अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत किए। यहां सहायक अध्यापक संजय कुमार और राकेश कुमार समेत बड़ी संख्या में अभिभावक व बच्चे उपस्थित रहे।

### अचानक धूधू कर जली कार, कूदकर भागा चालक

चांदा, सुलतानपुर, अमृत विचार। नगर पंचायत पट्टी प्रतापगढ़ के मौर्यनगर निवासी विश्व दत्त तिवारी पुत्र राम विशाल तिवारी अपनी कार से सुलतानपुर से पट्टी जा रहे थे। चांदा कोतवाली क्षेत्र के पूनी भीम पट्टी गांव के पास कार में अचानक आग लग गई। विश्व दत्त ने किसी तरह कूद कर अपनी जान बचाई। जिसके कारण वह झुलस गए और उसके सिर में भी चोट आई है। पीआरवी और स्थानीय पुलिस के सहयोग से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर कमैचा भर्ती कराया गया, जहां से चिकित्सकों ने उसे मेडिकल कालेज सुलतानपुर रेफर कर दिया। थानाध्यक्ष चांदा रविंद्र सिंह ने बताया कि घटना में कार पूरी तरह जल गई है। घायल चालक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल अभी कोई भी तहरीर नहीं मिली है।

### नलकूप का दरवाजा तोड़कर चोरी के बाद लगाई आग

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार: शुक्रवार की रात अराजक तत्वों ने नलकूप का दरवाजा तोड़कर आगजनी करते हुए कृषि यंत्र चुरा ले गए। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। कुड़वार थाना क्षेत्र के भंडरा निवासी लल्लू सिंह पुत्र राम करन सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनकी नलकूप में बीती रात अज्ञात चोरों ने दरवाजा तोड़कर विद्युत मीटर, दो झटका मशीन, दो बैटरी और एक चार्जर चुरा ले गए। वहां रखे पम्पिंग सेट, 20 किलो पानी की पाइप और अन्य जरूरी उपकरण को आग के हवाले कर दिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक अरुण द्विवेदी ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच की जा रही है।

### 65 जोड़ों ने लिए सात फेरे तो एक ने कबूला निकाह

चांदा, सुलतानपुर, अमृत विचार। स्थानीय ब्लॉक मुख्यालय परिसर में शनिवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। इसमें 65 जोड़ों का हिंदू रीति रिवाज व एक जोड़े का निकाह कराया गया। ब्लॉक प्रमुख सुषमा जयसवाल ने सभी नवविवाहित जोड़ों को नए जीवन की शुरुआत करने का आशीर्वाद दिया। समाज कल्याण अधिकारी अमित कुमार सिंह के नेतृत्व में अखण्डनगर, कादीपुर व बल्दीराय ब्लाको से भी जोड़ो ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में भाग लिया। उन्होंने बताया कि सामूहिक विवाह में 65 जोड़ों का वैदिक रीति से विवाह संपन्न कराया गया। वहीं एक मुस्लिम जोड़े का निकाह हाजी ने कराया।भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष अरूण जयसवाल ने सभी जोड़ों पर पुष्पवर्षा कर आशीर्वाद दिया। नव विवाहित जोड़ों का प्रमाणपत्र दिया गया। एडीओ समाज कल्याण अधिकारी कृष्णा नंद यादव ने बताया कि सामूहिक विवाह के लिए 51 हजार रुपये मिलते हैं। इसमें में से 35 हजार रुपये कन्या के खाते में जमा किए जाएंगे। शेष धनराशि से कपड़ा, गहना व बर्तन खरीदा गया है। इस मौके पर विकास खंड अधिकारी प्रतापपुर कमैचा देव नायक सिंह व एडीओ पंचायत हरिकेश कनौजिया, रमेश यादव, वसीम खान, हिमांशु पांडेय, प्रधान मनोज गोस्वामी की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।




अधिवक्ताओं की टीम को अयोध्या दर्शन को रवाना करते विधायक राजेश गौतम।

### रामलला के दर्शन को गया अधिवक्ताओं का जत्था

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार: क्षेत्रीय विधायक राजेश गौतम ने अधिवक्ताओं की टीम को केसरिया झंडी दिखाकर अयोध्या में रामलला केदर्शन के लिए रवाना किया। शनिवार को इस अवसर पर अपने संबोधन में विधायक ने कहा कि मुझे गर्व हो रहा है कि मैं प्रभु राम के भव्य मंदिर निर्माण के बाद कादीपुर के अधिवक्ता बंधुओं को दर्शन कराने के लिए भेज रहा हूं। कादीपुर बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं को दो बसों से क्षेत्रीय विधायक राजेश गौतम ने अपने खर्चे से अयोध्या धाम दर्शन के लिए भेजा है। भेजने के पूर्व लंच पैकेट से लेकर अन्य व्यवस्थाएं बसों में रखी गई। अधिवक्ताओं के जय श्री राम के उद्घोष से वातावरण गूंजायमान हो उठा। इस दौरान बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रणजीत सिंह, सचिव लालचंद शुक्ल, पूर्व अध्यक्ष जयशंकर तिवारी, विजय शंकर पांडेय, दयाराम पांडेय, दिवाकर सिंह, रिंकू सिंह आदि मौजूद रहे।

# अधिवक्ता-कर्मचारी मारपीट में क्रास केस

कादीपुर, सुलतानपुर

कार्रवाई

▸▸ पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर दर्ज किया मामला

**अमृत विचार।** अधिवक्ता एवं तहसीलदार के न्यायालय में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के बीच मुकदमे के पत्रावली को लेकर मारपीट हो गई। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर केस दर्ज किया है।

अधिवक्ता जयकृष्ण पांडेय का आरोप है कि वे शुक्रवार को संतोष पांडेय के मुकदमे की पत्रावली के सिलसिले में तहसीलदार न्यायालय में गए थे। जिस मामले में वे अधिवक्ता है। उनका कहना है कि पेशकार की सीट पर अनधिकृत रूप से चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी अंजनी मिश्र बैठे थे। उनसे उन्होंने संतोष पांडेय के मुकदमे की पत्रावली के संबंध में जानकारी चाही। अंजनी ने कोई भी जानकारी देने से मना किया। जानकारी न देने के विषय में पूछने पर अंजनी मिश्र, नवीन मौर्य तथा दो अज्ञात व्यक्तियों के साथ अधिवक्ता का कालर पकड़ कर लात घूसों से मारने पीटने लगे और जेब में रखा एक हजार भी छीन लिए। अधिवक्ता की गुहार पर आते हुए लोगों को देखकर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। अधिवक्ता ने संदेह व्यक्त किया है कि उसके मुअक्किल संतोष पांडेय की पत्रावली को अंजनी मिश्र ने गायब कर दिया है। पीड़ित अधिवक्ता की तहरीर पर पुलिस ने अंजनी मिश्र, नवीन मौर्य एवं दो अज्ञात के विरुद्ध शुक्रवार की देर रात केस दर्ज कर लिया है। उधर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी अंजनी मिश्र का आरोप है कि वह तहसीलदार न्यायालय में सुनवाई पत्रावलियों को रख रहा था। इस समय अधिवक्ता जयकृष्ण न्यायालय पर आए और भद्दी भद्दी गलियां देते हुए रेखा देवी बनाम झल्लू एवं अब्दुल कलाम बनाम नसरीन की धारा 34 की पत्रावली छीन कर फाड़ दिए। विरोध करने पर लात घुसे एवं थप्पड़ से मरने लगे। लोगों के बीच बचाव करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित कर्मचारी की तहरीर पर अधिवक्ता जयकृष्ण पांडेय एवं पांच अज्ञात के विरुद्ध पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

# संकल्प पत्र में शामिल होंगे जनता के सुझाव

● विकसित भारत बनाने के लिए भाजपा 3 से 15 मार्च तक जनता से लेगी सुझाव

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** शनिवार को जिला पंचायत सभागार में विकसित भारत संकल्प पत्र मोदी की गारंटी की पेटी का विमोचन किया गया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ आरए वर्मा ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए विकसित भारत संकल्प पत्र मोदी की गारंटी अभियान की खासियत के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस अभियान के माध्यम से भाजपा द्वारा 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने हेतु नागरिकों से सुझाव एकत्रित किए जाएंगे। 3 से 15 मार्च के मध्य चलने वाले अभियान में दो एलईडी वैन नागरिकों के सुझाव लेने के लिए जगह-जगह जाएगी। जिलाध्यक्ष ने बताया पार्टी द्वारा समाज के विभिन्न वर्गों अध्यापक, डॉक्टर्स, पत्रकार, किसान, इंजीनियर्स, व्यवसायिक, योजना लाभार्थी, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, समूह की महिलाएं, एनजीओ के प्रमुख आदि लोगों से सुझाव एकत्रित करेंगी। लोकसभा चुनाव में जनता के प्रमुख सुझावों को पार्टी अपने संकल्प पत्र में भी रखेगी। इस दौरान पत्रकारों ने पार्टी द्वारा दिए गए पत्रक में लिखकर अपने सुझाव बाक्स में डालें। प्रेस वार्ता में प्रमुख रूप से काशी क्षेत्र महामंत्री सुशील त्रिपाठी, अभियान की संयोजक डॉ. प्रीति प्रकाश, पार्टी प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी मौजूद रहे।




प्रेसवार्ता को संबोधित करते भाजपा जिलाध्यक्ष डा. आरए वर्मा। अमृत विचार

आयोजन — सदर विधायक ने किया भवन का लोकार्पण, सौंपी चाबी

# जयसिंहपुर के मिश्रौली में खुला अन्नपूर्णा भवन

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** राशन कार्ड धारकों को उचित दर विक्रेता के घर का चक्कर लगाना पड़ता था। वहीं गोदाम से उचित दर विक्रेता द्वारा राशन उठान में अनिमियता भी हो रही थी। इन समस्याओं को दूर करते हुए सरकार ने राशन की डोर स्टेप डिलीवरी शुरु की थी। कुछ उचित दर विक्रेता के घर डोर स्टेप डिलीवरी नहीं हो पा रही थी, तो सरकार द्वारा अन्नपूर्णा भवन बनाने की योजना बनाई है।

जिले में अभी 75 अन्नपूर्णा भवन बने हैं। जिसमें से विकास खंड जयसिंहपुर के मिश्रौली में बने अन्नपूर्णा भवन का सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय ने शनिवार को लोकार्पण किया। शनिवार को अन्नपूर्णा भवन के लोकर्पण कार्यक्रम में पहुंचे सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय ने पूजा अर्चन कर लोकार्पण किया। जिला विकास अधिकारी अजय कुमार पांडेय सदर विधायक को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।




उचित दर विक्रेता को अन्नपूर्णा भवन की चाबी सौंपते सदर विधायक। अमृत विचार

वहीं खंड विकास अधिकारी निशा तिवारी ने भी स्वागत किया। बताते चलें कि जिले में 75 अन्नपूर्णा भवन महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना व राज्य वित्त आयोग से किया जा रहा है। अभी तक कुल 14 अन्नपूर्णा भवन बनकर तैयार हो चुके हैं। सदर विधायक ने बताया कि अब जरूरतमंदो को एक ही स्थान पर सभी गृह उपयोगी वस्तुएं कम दाम में सरकार उपलब्ध कराएगी। सरकार गरीबों के उत्थान के लिए कृत संकल्पित है। ग्राम पंचायत अधिकारी सुरेंद्र कुमार तिवारी के देख रेख में बने अन्नपुर्णा भवन की सदर विधायक ने सराहना करते उचित दर विक्रेता शिव कुमारी मिश्रा को चाबी सौंपी। कार्यक्रम का संचालन ग्राम पंचायत अधिकारी सुरेंद्र कुमार तिवारी ने किया।

# युवती की मौत मामले में पति समेत चार पर केस

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार।** विवाहिता खुशबू की मौत के मामले में पुलिस ने पति सहित चार लोगों के विरुद्ध दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया है।

शुक्रवार को कोतवाली के कटसारी गांव में अमित कुमार की पत्नी खुशबू (23) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। मौत की सूचना मिलने के बाद खुशबू के मायके वाले कटसारी आए। मृतका की माता अमरावती देवी की दी गई तहरीर के अनुसार उनकी पुत्री खुशबू की शादी कादीपुर कोतवाली के कटसारी गांव के शोभनाथ के पुत्र अमित कुमार के साथ 11 जनवरी 2022 को हुई थी। आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोग दहेज में पल्सर बाइक एवं दो लाख नगद की मांग कर रहे थे। मांग पूरी न होने पर लड़की को मार डालने की धमकी देते थे। घटना के 10 दिन पूर्व भी खुशबू की विदाई कराने गए लोगों को गाली गलौज देकर ससुराल वालों ने भगा दिया। आरोप है की शुक्रवार को घटना की सूचना मिलने पर मायके वालों के ससुराल पहुंचने पर उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए ससुराल के लोग दौड़ा लिए। मृतका की मां अमरावती देवी की तहरीर पर पुलिस ने पति अमित कुमार, ससुर शोभनाथ, सांस विद्या देवी, जेठ धर्मेंद्र कुमार के विरुद्ध दहेज हत्या सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

**एक नजर**

### एएसपी ने थाने का किया वार्षिक निरीक्षण

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) सिद्धार्थ ने थाना जोगिया उदयपुर वार्षिक निरीक्षण किया। एएसपी ने थाना जोगिया उदयपुर के थाने, मेस व बैरकों की साफ-सफाई तथा महिला हेल्प डेस्क व अभिलेखों की स्थिति को देखा। थाने के विवेचकों से लंबित विवेचनाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त कर समयबद्ध निस्तारण का निर्देश दिया। थाने के सक्रिय अपराधियों के संबंध में भी जानकारी ली। ऑपरेशन कन्विक्शन व आपरेशन क्लीन के तहत थाने द्वारा की गई कार्यवाही की समीक्षा की। आगामी लोकसभा चुनाव व अन्य बिन्दुओ पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### एसएसबी ने नेपाल बॉर्डर से तस्करों को दबोचा

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की सीमा चौकियों द्वारा प्रतिबंधित सामानों के साथ तस्करो को पकड़ा गया। सीमा चौकी पकरीहवा के गस्ती दल ने चावल के साथ चार तस्करों को पकड़ा। उनके पास से साइकिल भी बरामद की गई हैं। पकड़े गए लोगों के नाम गुलाब गुप्ता (23), मोहम्मद सफीक (18), बाबूलाल (55) और सागर गुप्ता (23) निवासी पलटादेवी, रमवापुर, शोहरतगढ़ हैं। सभी को गिरफ्तार कर सामन सहित अग्रिम कार्यवाही के लिए सीमा शुल्क कार्यालय खूनवा को सुपुर्द किया गया। इसके अलावा सीमा चौकी खूनवा के विशेष गस्ती दल ने 5 बोरी धान और साइकिल के साथ दो तस्करो को पकड़ा। जिनके नाम प्रदीप (27) निवासी वेदौला, थाना- शोहरतगढ़ तथा रामभजन (43) निवासी बगहवा, पोस्ट- चेतरा, थाना- शोहरतगढ़ हैं। वहीं सीमा चौकी ककरहवा के गस्ती दल ने अवैध तरीके से ले जा रहे दवाओं और एक मोटरसाइकिल के साथ तस्कर को पकड़ा। जिनके नाम सुरेन्द्र कलवार (23) निवासी मद्रहना, थाना- पुर्नियां को गिरफ्तार किया। यह जानकारी उज्जल दत्ता, कमान्डेंट 43वीं वाहिनी ने दी है।

# मरीजों के साथ अच्छा व्यवहार करें डॉक्टर: मुख्यमंत्री

## योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर एम्स में ब्लड बैंक और दस बेड की डायलिसिस यूनिट का किया लोकार्पण

गोरखपुर

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), गोरखपुर में ब्लड बैंक और 10 बेड की डायलिसिस यूनिट का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने डॉक्टरों को मरीजों के साथ अच्छा व्यवहार करने, सकारात्मक प्रतिस्पर्धी बनने तथा निरंतर रिसर्च करते को प्रेरित किया। कहा कि किसी मरीज की आधी बीमारी डॉक्टर के अच्छे व्यवहार से ही दूर हो जाती है। इसलिए ऐसा व्यवहार हो कि मरीज डॉक्टर से प्रभावित होकर जाए।



उद्घाटन के बाद ब्लड बैंक का निरीक्षण करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

ब्लड बैंक, डायलिसिस यूनिट के उद्घाटन और दोनों का निरीक्षण करने के बाद एम्स के ऑडिटोरियम में आयोजित लोकार्पण समारोह में सीएम योगी ने कहा कि नकारात्मकता किसी को कभी भी आगे नहीं बढ़ाती है। जबकि सकारात्मकता हमेशा आगे बढ़ने की राह दिखाती है। यदि कोई चिकित्सक नकारात्मक सोच का है तो मरीज का बेहतर उपचार नहीं कर सकता। डॉक्टर को सदैव यह ध्यान रखना होगा कि वह मानवता की सेवा से जुड़ा हुआ है। मुख्यमंत्री ने इंसेफेलाइटिस और कोरोना नियंत्रण में अंतर विभागीय समन्वय वाले टीम वर्क मॉडल का अनुभव साझा करते हुए कहा कि एम्स जैसे मेडिकल संस्थान में श्रेष्ठ परिणाम के लिए सकारात्मकता और टीम वर्क जरूरी है।

ब्लड बैंक व डायलिसिस यूनिट के लोकार्पण समारोह को सांसद रविकिशन शुक्ल, एम्स गोरखपुर के चेयरमैन देश दीपक वर्मा, कार्यकारी निदेशक व मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) प्रो. गोपाल कृष्ण पाल ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर महापौर डॉ मंगलेश श्रीवास्तव, विधायक विपिन सिंह, राजेश त्रिपाठी, महेंद्रपाल सिंह, प्रदीप शुक्ल, एमएलसी डॉ धर्मेंद्र सिंह, समेत कई जनप्रतिनिधि, एम्स फैकल्टी, विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

### किताबी नहीं, व्यावहारिक अनुभव ही वास्तविक ज्ञान

सीएम योगी ने चिकित्सकों से मेडिकल सर्विस क्वालिटी और रिसर्च पर फोकस करने का आह्वान किया। कहा कि किताबी ज्ञान परीक्षा पास कराने के काम आता है जबकि मरीज के इलाज के दौरान मिला अनुभव ही डॉक्टर के लिए वास्तविक ज्ञान होता है। अधिकाधिक व्यावहारिक अनुभव हासिल करने के लिए डॉक्टर को ओपीडी की संख्या सीमित नहीं करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर मरीज के इलाज के दौरान उससे जुड़े महत्वपूर्ण तथ्यों को नोट करने की आदत डालनी चाहिए। इसका अध्ययन कर जो निष्कर्ष निकले, उस पर सरकार के साथ मिलकर आगे बीमारियों के इलाज और उन्मूलन की कार्ययोजना को आगे बढ़ाना चाहिए। सीएम योगी ने एम्स और बीआरडी के चिकित्सकों के मध्य स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की जरूरत बताई। प्रतिस्पर्धा में जो आगे बढ़ेगा, वह लंबी दूरी तय करेगा।

### सरकार हर सुविधा देने के लिए तत्पर

कहा कि सरकार जनता के इलाज के लिए चिकित्सा संस्थानों हर सुविधा देने को तत्पर है। उत्तर प्रदेश में पांच करोड़ परिवारों को दुनिया की सबसे बड़ी हेल्थ स्कीम आयुष्मान योजना का लाभ उपलब्ध कराया गया है। सरकार सभी 75 जिलों में किसी न किसी अस्पताल के जरिये निशुल्क डायलिसिस की सुविधा भी उपलब्ध करा चुकी है।

### एम्स एक ब्रांड है, साबित भी करना होगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि एम्स एक ब्रांड है और उसके अनुरूप कार्य दिखने भी चाहिए। जन सामान्य की धारणा होती है कि एम्स के नाम से ही बीमारी दूर भागती है। इसे साबित भी करना होगा। पूरे देश में एम्स की बहुत डिमांड है। नई दिल्ली में पहले एम्स की स्थापना के बाद दशकों तक दूसरा एम्स नहीं बना था। श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी ने अपने प्रधानमंत्री काल में देश को 6 एम्स दिए। पीएम मोदी के नेतृत्व में देश में एम्स की संख्या अब 22 हो चुकी है। मुख्यमंत्री ने अनौपचारिक अंदाज में मेडिकल फील्ड से अपने जुड़ाव, इंसेफेलाइटिस और कोरोना नियंत्रण के अनुभव को साझा किया।

## परियोजनाओं की जांच को अधिकारी नामित

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्माणाधीन 629 पेयजल परियोजनाओं में विभिन्न मदों के लक्ष्य के सापेक्ष पूर्ति की स्थिति, परियोजनाओं कार्यों की गुणवत्ता की जांच स्थलीय सत्यापन किये जाने के लिए विभिन्न जनपद स्तरीय अधिकारियों को जांच अधिकारी नामित किया है। जिलाधिकारी ने जांच अधिकारियों को आवंटित परियोजनाओं/कार्यों की गुणवत्ता की जांच/स्थलीय सत्यापन कर सत्यापन रिपोर्ट अपने कार्यालयाध्यक्ष के माध्यम से जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। यह कहा है कि जांच के लिए किसी भी प्रतिस्थानी को न भेजा जाए। कहा है कि गुणवत्ता की जांच स्थलीय सत्यापन का कार्य प्रत्येक दशा में निर्धारित तिथि के अन्दर जांच आख्या रिपोर्ट उपलब्ध करायें।

# अपहृत बालिका बरामद, आरोपी फरार

उसका बाजार, सिद्धार्थनगर

**केस दर्ज**

▸▸ नाना के घर आयोजित भागवत कथा में आई थी पीड़िता

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के एक गांव में अपने नाना के घर आई बालिका का अपहरण कर लिए जाने का मामला सामने आया है। घटना का आरोपी गांव का ही निवासी 38 वर्षीय व्यक्ति है। वह तीन बच्चों का पिता है। पुलिस ने बालिका को बरामद कर लिया है और आरोपी के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार पीड़ित बालिका के नाना ने गांव के बाहर मकान बनवाया है। इसी उपलक्ष्य में वह भागवत कथा सुन रहे हैं। इसमें शामिल होने के लिए पीड़िता भी आई थी। पीड़िता के नाना का पुराना घर गांव के बीच में स्थित है। पुराने घर से नए घर के बीच का रास्ता सूनसान है। बताया गया कि शुक्रवार की रात बालिका एक बच्चे के साथ नए मकान पर जा रही थी। इसी बीच आरोपी ने मौका देखकर दोनों को हथियार दिखाकर धमकी देते हुए बच्चे को भगा दिया और बालिका को जबरन अपने साथ ले गया। कुछ देर बाद पीड़िता के साथ जा रहा बच्चा अपने घर पहुंचा तो उसे डरा-सहमा देख परिजन उससे बालिका के बारे में पूछने लगे। बच्चे ने सारी घटना परिजनों को सुनाई।

इसके बाद पीड़िता के परिजन ने डायल 112 को घटना की जानकारी दी, कुछ देर में पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी और बालिका की तलाश शुरु हुईं। इस दौरान एएसपी सिद्धार्थ और सीओ सुजीत राय भी मौके पर पहुंच गए। गांव के सीवान में गेहूं के खेत से लेकर नदी के किनारे तक पुलिस आरोपी को ढूंढती रही लेकिन वह कहीं नहीं मिला। एसओ रोहित उपाध्याय ने बताया कि पीड़िता की मां की तहरीर पर अपहरण का मुकदमा दर्ज किया गया है। पीड़िता मिल गई है, मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है। आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस टीम लगी है।

### आरपीएफ को डरी सहमी ट्रेन में बैठी मिली पीड़िता

शनिवार की सुबह में गोंडा रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ के जवान ट्रेन की बोगी चेक कर रहे थे, इसी दौरान उन्हें बोगी में एक बालिका डरी सहमी हुई दिखी। जवानों ने लड़की को सुरक्षा का भरोसा दिलाते हुए उसके बारे में पूछा तो बालिका ने अपने साथ घटित हुई घटना की जानकारी दी। इसी बीच मौका देखकर आरोपी वहां से फरार हो गया। पीड़िता के बताए अनुसार आरपीएफ के जवानों ने उसका पुलिस से संपर्क किया और लड़की अपने अभिरक्षा में होने की बात बताई।



## नवीन मंडी थरौली में गंदगी का अंबार

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** नगर पालिका सिद्धार्थनगर नवीन मंडी थरौली में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। मेन गेट के सामने नालियां गंदगी से भरी पड़ी हैं। नालियों पर कोई ढक्कन नहीं लगा है और गंदगी कूड़ा का ढेर सड़क पर लगा हुआ है। नालियों में गन्दगी होने के कारण बीमारियां फैल रही हैं। लोगों ने कहा कि भारत सरकार द्वारा डिजिटल स्वच्छता ऐप पर शिकायत पोस्ट करने पर भी न कोई सुनवाई है न ही कोई सफाई है। समय से यहां सफाई कर्मी नहीं आते हैं, गंदगी के चलते लोग गेट के बगल में लघु शंका करने लगे हैं। न कोई यहां पार्किंग की व्यवस्था है न ही पेयजल की व्यवस्था है। इस संबंध में नगर पालिका अधिशासी अधिकारी विंध्याचल ने बात करने पर कहा कि समस्या का निस्तारण कराया जाएगा।



# संयुक्त निदेशक ने डीपीआरओ कार्यालय में की समीक्षा बैठक

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** पंचायती राज निदेशालय लखनऊ की संयुक्त निदेशक प्रवीणा चौधरी ने शनिवार को जिले के डीपीआरओ कार्यालय में सभी सहायक विकास अधिकारी पंचायत के साथ विभागीय कार्यक्रमों की समीक्षा की। इस मौके पर मिली खामियों और कमियों को दूर करने का भी निर्देश दिया।

शनिवार को डीपीआरओ कार्यालय में समीक्षा के दौरान संयुक्त निदेशक प्रवीणा चौधरी ने राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान अंतर्गत निर्मित पंचायत भवन, केंद्रीय वित्त राज्य वित्त तथा मनरेगा से निर्मित पंचायत भवन, अंत्येष्टि स्थल, कॉमन सर्विस सेंटर के साथ ही साथ स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत आरआरसी निर्माण, मॉडल गांव की प्रगति, व्यक्तिगत एवं सामुदायिक शौचालय निर्माण, पंचायत सहायकों तथा सफाई कर्मियों के कार्यों, लंबित अनुशासनिक प्रकरणों तथा शिकायती प्रकरणों जानकारी ली। इसके बाद विकास खंड नौगढ़ की ग्राम पंचायत सिरवत में निर्मित पंचायत भवन का भी निरीक्षण किया। इस मौके पर जिला पंचायत राज अधिकारी पवन कुमार, अपर जिला पंचायत राज अधिकारी दिनेश कुमार राय, जिला सलाहकार संजय तिवारी आदि उपस्थित थे।

# फरियादियों को बार-बार परेशान न किया जाए

गोरखपुर

**अमृत विचार।** सदर तहसील संपूर्ण समाधान तहसील दिवस की अध्यक्षता ज्वाइंट मजिस्ट्रेट एसडीएम सदर मृणाली अविनाश जोशी ने किया। सदर तहसील में आए हुए फरियादियों की फरियाद को सुना। आए हुए समस्त फरियादियों के समस्याओं को त्वरित न्याय देने का संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि किसी भी फरियादी को बार-बार परेशान न किया जाए। शत-प्रतिशत पीड़ितों को उचित व संतोषजनक न्याय देने का कार्य करें।

तहसील दिवस में अधिकतर जमीनी विवाद और पारिवारिक विवाद या न्यायालयों में चल रहे मुकदमे जैसे मामलों के फरियादी आए हुए थे। इस दौरान ज्वाइंट मजिस्ट्रेट एसडीएम सदर मृणाली अविनाश जोशी, तहसीलदार सदर विकास कुमार सिंह, नायब तहसीलदार देवेंद्र यादव, नायब तहसीलदार प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, नायब तहसीलदार अरविंद नाथ पांडेय, नायब तहसीलदार हिमांशु सहित कानूनगो, लेखपाल व जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। इसके अलावा तहसील शोहरतगढ़ में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में अपर जिलाधिकारी उमाशंकर व अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ मौजूद रहे।



सदर तहसील में फरियादियों की समस्याएं सुनते अधिकारी। अमृत विचार

सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस में कुल 32 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए जिसमें राजस्व-20, पुलिस विभाग से सम्बन्धित 6, विकास 3, विद्युत 1 तथा अन्य 2 मामले प्रस्तुत हुए। अपर जिलाधिकारी उमाशंकर द्वारा सम्बंधित अधिकारी को शिकायती प्रार्थना पत्रों को तीन दिवस के अन्दर शत-प्रतिशत निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया गया। अपर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को कहा कि तहसील समाधान दिवस में प्राप्त हो रही शिकायतों एवं आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का समय से एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। किसी भी विभाग का तहसील दिवस का कोई भी प्रकरण लम्बित नहीं होना चाहिए।

**सार-संक्षेप**



निर्माण के कुछ दिन बाद ही सड़क पर पड़ी दरार। अमृत विचार

### निर्माण के कुछ दिन बाद ही सड़क पर पड़ी दरार

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** सरकार जहां एक तरफ सड़क बनाने पर करोड़ों रुपए खर्च कर रही है लेकिन मानक के अनुरूप सड़क न होने के कारण समय से पहले ही सड़क जर्जर होकर पूरी तरह से गड्ढा युक्त हो जा रही हैं। 20 किलोमीटर लंबा सोहास लोटन मार्ग लगभग ढाई माह पहले प्रधानमंत्री सड़क योजना के अंतर्गत करोड़ों के लागत से बनवाया गया है लेकिन लगभग 3 महीने भी नहीं बीते और सड़क सोहास के मुख्य चौराहे बजरंगी गिरी के घर के सामने पूरी तरह से टूट गई है। कई जगह सड़क पर दरार पड़ गई है। सड़क मानक विहीन होने के कारण जग-जगह गड्ढे होने लगे हैं। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा कराए गए कार्य तथा ठेकेदार के खिलाफ जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

### पूर्वोत्तर रेलवे के खिलाड़ी ने जीता रजत पदक



**गोरखपुर, अमृत विचार।** अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पूर्वोत्तर रेलवे के खिलाड़ियों ने वर्ष पर्यन्त देश का परचम लहराया। इसी क्रम में 24 एवं 25 फरवरी को ईरान में आयोजित विश्व कप कुश्ती प्रतियोगिता में पूर्वोत्तर रेलवे के आशीष ने फ्री-स्टाइल में 97 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक प्राप्त किया। आशीष सोनीपत जनपद के रहने वाले है। जिनकी नियुक्ति पूर्वोत्तर रेलवे पर खेल संवर्ग के अन्तर्गत वर्ष 2023 में हुई है। इसके पूर्व, आशीष ने जूनियर एशियाई चैम्पियनशिप में भी रजत पदक जीता था। वर्तमान समय में आशीष गोरखपुर जं. स्टेशन पर टिकट संग्राहक के पद पर कार्यरत है। आशीष के इस उपलब्धि पर महाप्रबन्धक पूर्वोत्तर रेलवे एवं संरक्षक नरसा सौम्या माथुर, अध्यक्ष नरसा श्रीश चन्द्र श्रीवास्तव, महासचिव नरसा पंकज कुमार सिंह, सहायक क्रीड़ा अधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

### भाजपा के टिकट को लेकर जिले में होती रही चर्चा

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** 2024 लोकसभा का चुनाव अब दूर नहीं है। सभी पार्टियां अपने-अपने प्रत्याशियों की घोषणा करने में जुट गई है। भाजपा ने भी अपने लगभग 100 प्रत्याशियों का नाम घोषित कर दिया है। लेकिन टिकट पाने वालों की लिस्ट में अधिकांश वर्तमान मंत्री और सांसदों के नाम कट गए हैं, जिसके कारण संगठन में हलचल भी बढ़ गई है। लोकसभा डुमरियागंज के भाजपा से दो बार सांसद रहे जगदंबिका पाल का टिकट कटने के चर्चा है। इस खबर को लेकर शनिवार को जिले में हर ओर चर्चा होती रही। जिले वरिष्ठ नेताओं को भी यह जानने की उत्सुकता है कि आखिर जगदंबिका पाल का टिकट कटता है तो भाजपा किसे अपना प्रत्याशी बनाएगी। फिलहाल टिकट के दावेदार अपने-अपने नाम को लेकर पार्टी कार्यालय की गणेश परिक्रमा भी कर रहे हैं।

### मेडिकल कॉलेज में सक्रिय हैं दलाल



**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज में दलालों का वर्चस्व कायम है जो यहां आने वाले मरीजों और तीमारदारों की जेब पर डाका डाल रहे हैं। साथ ही लोगों का कहना है कि शाम होते ही मेडिकल कॉलेज के वार्डों में पियक्कड़ भी पहुंचने लगते हैं जिससे स्टाफ नर्सों को परेशानी होती है। इस संबंध में मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉक्टर एके झा ने कहा कि इसके लिए कार्रवाई की जा रही हैं। बताते चले कि मेडिकल कॉलेज जब जिला अस्पताल था तभी से यहां दलालों का वर्चस्व है। डॉक्टर के केबिन के पास दो-तीन दलाल खड़े रहते हैं और जो ही मरीज पर्चा लेकर निकलता है, दलाल उसके पीछे लग जाते हैं। सूत्रों का कहना है कि दलालों से डॉक्टरों की साठ गांठ है। मजे की बात यह है कि मेडिकल कॉलेज में एक ही व्यक्ति तीन-तीन पदों को सुशोभित है। डॉक्टर झा नाक कान स्पेशलिस्ट हैं और ओपीडी सहित ओटी में भी अपना समय देते हैं वह मेडिकल कॉलेज के सीएमएस भी हैं और प्रधानाचार्य भी हैं। मालूम हो कि मेडिकल कॉलेज की व्यवस्था पूरी तरह से बदहाल हो चुकी है। रात होते ही पियक्कड़ों का जमावड़ा लगना शुरू हो जाता है और वह रात में तैनात कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार करते नजर आते हैं। मेडिकल कॉलेज में सफाई की व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त है। इसी के चलते कई बार मेडिकल कॉलेज में मारपीट की भी नौबत आ चुकी है।

# भारत बन रहा विकसित राष्ट्र: कन्हैया पासवान

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व भारत एक विकसित राष्ट्र बन रहा है। आर्थिक विकास, सामाजिक प्रगति और सुशासन सहित विकास के विभिन्न पहलुओं को सम्मिलित किया गया है। प्रधानमंत्री के पूरे हो रहे 10 वर्षों के कार्यकाल में उनके जनकल्याणकारी यजनाओं से भारत 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बन जाएगा।

यह बातें भाजपा जिला अध्यक्ष कन्हैया पासवान ने एक प्रेस वार्ता में कहीं। उन्होंने कहा कि भारत विश्व का पांचवा सबसे बड़ा अर्थव्यवस्था बन चुका है। मोदी के गरीब कल्याण योजना से 80 करोड़ भारतीयों को मुक्त अनाज मिल रहा है। आवास योजना से 4 करोड़ गरीबों को पक्का मकान मिला है, जल जीवन मिशन से 14 करोड़ घरों में नल से जल पहुंच रहा है। आयुष्मान भारत से 55 करोड़ लाभार्थियों को निशुल्क उपचार मिल रहा है पीएम किसान सम्मान निधि से 11 दशमलव 8 करोड़ किसानों को आर्थिक मदद दी जा रही है, 33 प्रतिशत लोकसभा और विधानसभा सीटे आरक्षित कर महिलाओं को सशक्त किया जा रहा है। कहा कि भाजपा की सरकार में अनुच्छेद 370 को निरस्त कर इतिहास रचा है तथा अयोध्या धाम में भव्य राम मंदिर का निर्माण कर भारतवासियों के 500 वर्षों का सपना पूरा किया गया है। मोदी सरकार के 10 वर्षों के कार्यकाल के तमाम विकास कार्यां की जानकारी दी। प्रेसवार्ता के दौरान भाजपा मीडिया प्रभारी निशांत पांडे भी मौजूद रहे।




प्रेस वार्ता में जानकारी देते भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान।

# सांसद निधि से कराए गए चार कार्यों का किया लोकार्पण

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** शनिवार को पूर्व डीजीपी उत्तर प्रदेश व वर्तमान राज्यसभा सदस्य बृजलाल ने शनिवार को सांसद निधि से कराये गये चार कार्यों का लोकार्पण किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से उन्होंने अपनी जन्मभूमि गुजरौलिया खालसा में सांसद निधि से ग्राम गुजरौलिया ग्रांट में गुजरौलियां खालसा के पूरब अस्पताल एवं प्राथमिक विद्यालय के पास स्थित तालाब के तीनों तरफ कटान को रोकने हेतु आरसीसी रिटनिंग दीवाल निर्माण कार्य के साथ बड़की पोखरा के नाम से मशहूर पोखरे का सौंदर्यीकरण कार्य कराया। इसके साथ ही चिल्हिया-बर्डपुर रोड से गुजरिया खालसा इंटरलॉकिंग सड़क कार्य, चिल्हिया-बर्डपुर रोड से हरनहिया सड़क व प्राइमरी पाठशाला मध्यनगर लिंक रोड कार्य का लोकार्पण किया। इस दौरान उनकी पत्नी सरोज, पीडी ज्ञानेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, डीसी मनरेगा रवि शंकर पाण्डेय भी मौजूद रहे।

**कार्यक्रम** विकास खण्ड वर्डपुर की ग्राम पंचायत भगवानपुर में देखा गया मुख्यमंत्री द्वारा योजनाओं के लोकार्पण का देखा गया सजीव प्रसारण

# जिले में बन रहे 80 अन्नपूर्णा भवन, सभी पात्रों को मिल रहा खाद्यान्न

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को प्रदेश भर में 1100 नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन और 79 हजार उचित दर दुकानों पर ई-वेइंग स्केल लिंक्ड ई-पॉस मशीनों का लोकार्पण और उद्घाटन किया। जिसका लाइव प्रसारण सिद्धार्थनगर के ग्राम पंचायत भगवानपुर विकास खण्ड वर्डपुर तहसील नौगढ़ में देखा गया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही, मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार व लाभार्थी मौजूद रहे। विधायक श्यामधनी राही ने अन्नपूर्णा भवन (मॉडल उचित दर दुकान) का फीता काटकर उद्घाटन किया। कहा कि अन्नपूर्णा योजना के अन्तर्गत सभी पात्र लाभार्थियों को खाद्यान्न का लाभ प्राप्त हो रहा है। समाज के अन्तिम पायदान पर जो गरीब व्यक्ति हैं उनको विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लाभान्वित किया जा रहा है। जिनके पास घर नहीं है उनको आवास, शौचालय, निःशुल्क गैस कनेक्शन आदि उपलब्ध कराकर समृद्ध बनाया जा रहा है।



ग्राम पंचायत भगवानपुर में आयोजित कार्यक्रम में बोलते सीडीओ जयेन्द्र कुमार साथ में विधायक श्यामधनी राही व अन्य।

खाद्यान्न वितरण में जो शिकायतें प्राप्त होती थी अब ई-वेइंग स्केल लिंक्ड ई-पास मशीनों के माध्यम से खाद्यान्न वितरण होने से पूरा खाद्यान्न लाभार्थियों को प्राप्त होगा। मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार ने कहा कि पूरे जनपद में 80 अन्नपूर्णा भवन (मॉडल उचित दर दुकान) बन रहे हैं लगभग 25 और दुकानें बनकर तैयार होने वाली हैं।

राशन की दुकानों पर कार्डधारक द्वारा अंगूठा लगाने पर जितना राशन मिलता था उतना ही ई-वेइंग स्केल लिंक्ड ई-पास मशीनों के माध्यम से खाद्यान्न मिलेगा, इसमें किसी प्रकार की घटतौली नहीं होगी। मनरेगा योजना के अन्तर्गत अन्नपूर्णा भवन (मॉडल उचित दर दुकानों) का निर्माण हो रहा है। यह कार्य बहुत ही सराहनीय है। कार्यक्रम का संचालन एडीओ कोआपरेटिव अम्बरीश यादव द्वारा किया गया। इस अवसर पर डीसी मनरेगा रविशंकर पाण्डेय, जिला पूर्ति अधिकारी देवेन्द्र प्रताप सिंह, खण्ड विकास अधिकारी बर्डपुर सुरेश कुमार मौर्या, पूर्ति निरीक्षक बर्डपुर विंध्यवासिनी श्रीवास्तव, सन्तोष यादव, सचिव राजदीप मिश्रा, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि बैतुल्लाह खान, कोटेदार व लाभार्थी उपस्थित थे।

# टीएमसी का अर्थ तू, मैं और करप्शन है: मोदी

## प्रधानमंत्री ने तृणमूल पर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप, टीएमसी ने किया पलटवार

कृष्णानगर/कोलकाता, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पश्चिम बंगाल सरकार के खिलाफ हमला तेज करते हुए उसे ''उत्पीड़न, वंशवाद की राजनीति और विश्वासघात'' का पर्याय करार दिया तथा आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने योजनाओं को घोटालों में बदलने में ''महारत'' हासिल कर ली है। मोदी ने नदिया जिले के कृष्णानगर में एक रैली को संबोधित करते हुए पश्चिम बंगाल के विकास और देश की प्रगति के बीच आपसी संबंध पर जोर दिया तथा राज्य की सभी 42 लोकसभा सीट जीतने के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को रेखांकित किया।

प्रधानमंत्री ने तृणमूल कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि टीएमसी का अर्थ अब हो गया है-''तू, मैं और करप्शन (भ्रष्टाचार)।'' उन्होंने ''केंद्रीय योजनाओं को अपना बताने'' और ''भ्रष्टाचार एवं पक्षपात'' की संस्कृति को बढ़ावा देने को लेकर तृणमूल कांग्रेस की आलोचना की। मोदी ने कहा, ''टीएमसी ने पश्चिम बंगाल की छवि खराब कर दी है।

### बंगाल में 15,000 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को पश्चिम बंगाल में 15,000 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया। मोदी ने नदिया जिले के कृष्णानगर में आयोजित एक आधिकारिक कार्यक्रम में इन परियोजनाओं का उद्घाटन किया। मोदी ने कहा- आज हम विकसित पश्चिम बंगाल की ओर एक और कदम बढ़ा रहे हैं। कल, मैंने 7,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया था। इनमें रेलवे, बंदरगाह और पेट्रोलियम समेत अन्य विकास परियोजनाएं शामिल थीं। मोदी ने कहा मैं आज फिर 15,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण कर रहा हूं।

### बिहार : मोदी ने 21,400 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का किया अनावरण

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को बिहार के औरंगाबाद जिले में 21,400 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का अनावरण किया। प्रधानमंत्री मोदी ने रतनवा गांव में एक आधिकारिक समारोह में परियोजनाओं का अनावरण किया। कार्यक्रम में राज्यपाल राजेंद्र वी अर्लेकर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा और कई केंद्रीय मंत्री उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा- ज्ञान की भूमि बिहार आना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। मैं औरंगाबाद में विभिन्न विकास परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहा हूं। औरंगाबाद ने कई स्वतंत्रता सेनानियों और बिहार विभूति श्री अनुग्रह नारायण जैसी महान हस्तियों को जन्म दिया है।

## बारामती में नमो रोजगार मेले में शामिल हुए शरद पवार

**बारामती।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार के प्रमुख शरद पवार शनिवार को बारामती में 'नमो रोजगार मेला 2024' के उद्घाटन के लिए महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार के साथ मौजूद थे। बारामती पवार का गढ़ माना जाता है। शरद पवार का नाम इस रोजगार मेले के लिए आमंत्रित व्यक्तियों की सूची में शुरू में शामिल नहीं था लेकिन इसमें राकांपा संस्थापक की मौजूदगी ने सभी अटकलों पर विराम लगा दिया। शरद पवार ने इस कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री शिंदे और उपमुख्यमंत्री फडणवीस तथा अजित पवार को अपने आवास पर भोजन के लिए बुलाया। वहीं शिंदे और फडणवीस ने व्यस्त कार्यक्रम का हवाला देकर भोजन के निमंत्रण को अस्वीकार कर दिया है।

# यूपी से भाजपा के इन उम्मीदवारों के नामों का एलान

**लोकसभा चुनाव: 2024**

-वाराणसी से पीएम नरेंद्र मोदी
-कैराना से प्रदीप कुमार
-मुजफ्फरनगर से संजीव कुमार बालियान
-नगीना से ओम कुमार
-रामपुर से घनश्याम लोधी
-संभल से परमेश्वर लाल सैनी
-अमरोहा से कंवर सिंह तंवर
-गौतम बुद्धनगर से महेश शर्मा
-बुलंदशहर से भोला सिंह
-मथुरा से हेमा मालिनी
-आगरा से सत्यपाल सिंह बघेल
-फतेहपुर सीकरी से राजकुमार चाहर
-एटा से राजवीर सिंह (राजू भैया)
-आंवला से धर्मेन्द्र कश्यप
-शाहजहांपुर से अरुण कुमार सागर
-खीरी से अजय मिश्रा टेनी
-धौरहरा से रेखा वर्मा
-सीतापुर से राजेश वर्मा
-हरदोई से जय प्रकाश रावत
-मिश्रिख से अशोक कुमार रावत
-उन्नाव से साक्षी महाराज
-मोहनलालगंज से कौशल किशोर
-लखनऊ से राजनाथ सिंह
-अमेठी से स्मृति ईरानी
-प्रतापगढ़ से संगम लाल गुप्ता
-फर्रुखाबाद से मुकेश राजपूत
-इटावा से राम शंकर कठेरिया
-कन्नौज से सुब्रत पाठक
-अकबरपुर से देवेन्द्र सिंह "भोले"
-जालौन से भानु प्रताप सिंह वर्मा
-झांसी से अनुराग शर्मा
-हमीरपुर से कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल
-बांदा से आरके सिंह पटेल
-फतेहपुर से निरंजन ज्योति
-बाराबंकी से उपेंद्र रावत
-फैजाबाद से लल्लू सिंह
-अम्बेडकरनगर से रितेश पांडेय
-श्रावस्ती से साकेत मिश्रा
-गोंडा से कीर्तिवर्धन सिंह
-डुमरियागंज से जगदम्बिका पाल
-बस्ती से हरीश द्विवेदी
-संतकबीरनगर से प्रवीण कुमार निषाद
-महराजगंज से पंकज चौधरी
-गोरखपुर से रवि किशन
-कुशीनगर से विजय कुमार दुबे
-बांसगांव से कमलेश पासवान
-लालगंज से नीलम सोनकर
-आजमगढ़ से दिनेश लाल यादव निरहुआ
-सलेमपुर से रविन्द्र कुशवाहा
-जौनपुर से कृपा शंकर सिंह
-चंदौली से महेंद्र पांडेय।

## एक नजर

### केयी पानयोर बना अरुणाचल प्रदेश का 26वां जिला

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के लोअर सुबनसिरी से अलग करके केयी पानयोर को राज्य का 26वां जिला बनाया गया है। न्यीशी समुदाय के लोग नए जिले की लंबे समय से मांग कर रहे थे। इस जिले का मुख्यालय टेर गापिन-सैम सार्थ में होगा। मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने राज्य की जनता को नया जिला बनने की बधाई दी और कहा कि केयी पानयोन जिले के गठन से विकास और प्रगति के नए युग की शुरुआत होगी।

### महाराष्ट्र में खड़ी ट्रेन के कोच में आग लगी

**मुंबई।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में रेलवे यार्ड में खड़ी एक ट्रेन के खाली डिब्बे में आग लग गयी। मध्य रेलवे के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। मध्य रेलवे के एक प्रवक्ता ने बताया कि मुंबई से करीब 70 से 80 किलोमीटर दूर बदलापुर के रेलवे यार्ड में खड़ी ट्रेन के डिब्बे में शुक्रवार और शनिवार की दरमियानी रात करीब एक बजकर 20 मिनट पर आग लगी। उन्होंने बताया कि रेल करजात जाने वाली पटरी पर खड़ी हुई थी। प्रवक्ता ने बताया, ''रेल का डिब्बा आग में जलकर पूरी तरह से खाक हो गया। हालांकि, इस घटना में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का नुकसान नहीं पहुंचा है।

## त्रिपुरा की समस्याओं के समाधान के लिए हुआ त्रिपक्षीय समझौता

नई दिल्ली, एजेंसी

- गृह मंत्री शाह की उपस्थिति में समझौते पर किए गए हस्ताक्षर

त्रिपुरा के मूल निवासियों की समस्याओं के स्थायी समाधान के मद्देनजर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में शनिवार को टिपरा मोथा और त्रिपुरा तथा केंद्र सरकारों के बीच एक त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।

शाह ने कहा कि समझौते पर हस्ताक्षर करके सरकार ने इतिहास का सम्मान किया है, पिछली गलतियों को सुधारा है और उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ने के लिए वर्तमान वास्तविकता को स्वीकार किया है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार समझौते के तहत, त्रिपुरा के मूल लोगों के इतिहास, भूमि और राजनीतिक अधिकारों, आर्थिक विकास, पहचान, संस्कृति और भाषा से संबंधित सभी मुद्दों को सौहार्दपूर्ण ढंग से हल करने पर सहमति व्यक्त की गई। शाह ने कहा, ''मैं त्रिपुरा के सभी हितधारकों को आश्वस्त करता हूं कि अब आपको अपने अधिकारों के लिए संघर्ष नहीं करना पड़ेगा। भारत सरकार आपके अधिकारों की रक्षा के लिए तंत्र बनाने में दो कदम आगे रहेगी।'' गृह मंत्री ने कहा कि कोई भी इतिहास नहीं बदल सकता लेकिन हर कोई अपनी पिछली गलतियों से सीख सकता है और आगे बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि टिपरा मोथा और सभी आदिवासी दलों ने रचनात्मक भूमिका निभाई है और त्रिपुरा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने भी इस समझौते के प्रति ईमानदारी से काम किया है। त्रिपुरा स्वदेशी प्रगतिशील क्षेत्रीय गठबंधन को टिपरा मोथा के नाम से जाना जाता है। टिपरा मोथा, राज्य और केंद्र सरकारों के बीच त्रिपक्षीय समझौते पर यहां नॉर्थ ब्लॉक में हस्ताक्षर किए गए। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में पूर्वोत्तर में सद्भाव को आगे बढ़ाने वाले एक और समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। उन्होंने कहा, ''त्रिपुरा के आर्थिक विकास, भूमि अधिकार और स्वदेशी लोगों की पहचान से संबंधित मुद्दों को हल करने वाले त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर करने की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है।'' शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी सरकार के तहत पूर्वोत्तर राज्यों में शांति और सीमा से संबंधित 11 समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए हैं। उन्होंने कहा कि 2019 में, नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (एनएलएफटी) के साथ एक शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे और टिपरा मोथा के साथ लोकसभा चुनाव से पहले पूर्वोत्तर के लिए यह आखिरी समझौता है।

## अनुच्छेद 21 संविधान की आत्मा, नागरिक की स्वतंत्रता सर्वोपरि

नई दिल्ली, एजेंसी

**उच्चतम न्यायालय ने की टिप्पणी**

उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि अनुच्छेद 21 संविधान की आत्मा है और एक नागरिक की स्वतंत्रता सर्वोपरि है। अदालत ने कहा कि उच्च न्यायालय के इससे संबंधित मामलों पर शीघ्रता से फैसला नहीं करने से व्यक्ति इस बहुमूल्य अधिकार से वंचित हो जाएगा।

न्यायमूर्ति बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने यह टिप्पणी यह देखने के बाद की कि बंबई उच्च न्यायालय ने 29 जनवरी को शीर्ष अदालत के आदेश के बाद महाराष्ट्र में एक पार्षद की हत्या के मुख्य आरोपी अमोल विट्ठल वाहिले को जमानत दे दी है। पीठ ने अपने हालिया आदेश में कहा कि इस प्रकार यह स्पष्ट है कि 29 जनवरी, 2024 को इस अदालत के आदेश पारित करने से पहले, उच्च न्यायालय ने जमानत याचिका पर गुण-दोष के आधार पर फैसला करने के बजाय इसे किसी न किसी आधार पर खारिज कर दिया था।

## तमिलनाडु में आग लगने की घटना में एक ही परिवार के तीन बच्चों की मौत

**चेन्नई।** चेन्नई के निकट चेंगलपट्टू के एक मकान में संभवतः रसोई गैस गैस लीक होने की वजह से आग लगने के कारण एक परिवार के तीन बच्चों की मौत हो गई है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। बच्चों की मां भी इस घटना में गंभीर रूप से झुलस गई है और उसका यहां किलपौक सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार जारी है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि आग संभवतः गैस लीक होने के कारण लगी। उन्होंने बताया कि बिहार से आए इस परिवार के पास एक गैस चूल्हा था जो जमीन पर रखा था और मकान में कोई खिड़की नहीं थी।

## ठाणे में सेक्स रैकेट का भंडाफोड़, दो महिलाओं समेत सात लोग गिरफ्तार

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे में अमीर बनने की चाहत रखने वाले लोगों के लिए अनुष्ठान करने की आड़ में कथित तौर पर सेक्स रैकेट चलाने के आरोपी स्वयंभू बाबा समेत सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। ठाणे अपराध शाखा के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि रैकेट की जांच राबोडी से 15 वर्षीय लड़की के लापता होने और अपहरण का मामला दर्ज किए जाने के बाद शुरू हुई। उन्होंने बताया कि जांच में 25 फरवरी को असलम खान और सलीम शेख नाम के दो लोगों की गिरफ्तारी हुई, जिन्होंने पुलिस को मुख्य आरोपी साहेबलाल वजीर शेख उर्फ यूसुफ बाबा के बारे में बताया, जिसे कुछ समय बाद पकड़ लिया गया।

# हमारे पास फुटेज हैं, जिनकी मदद से होगी गिरफ्तारी

मैसुरु/बेंगलुरु, एजेंसी

**बेंगलुरु के रेस्तरां में हुए विस्फोट का मामला**

- मुख्यमंत्री सिद्धारमैया बोले-सारी गतिविधियां कैमरों में दर्ज



कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने बेंगलुरु के एक लोकप्रिय रेस्तरां 'द रामेश्वरम कैफे' में हुए विस्फोट के मद्देनजर शनिवार को कहा कि इस घटना को अंजाम देने वाले अपराधी की गतिविधियां कैमरों में दर्ज हो गई हैं जिनकी मदद से उनकी गिरफ्तारी में आसानी से होगी। सिद्धारमैया ने कहा कि अभी यह पता नहीं चल पाया है कि पूर्वी बेंगलुरु में ब्रुकफील्ड इलाके में स्थित रेस्तरां में हुई घटना में क्या कोई संगठन शामिल है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच जारी है। बाद में मुख्यमंत्री ने रामेश्वरम कैफे जाकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और अस्पताल में घायलों से मुलाकात की।

सिद्धारमैया ने मैसुरु में संवाददाताओं से कहा-विस्फोट हुआ है। मास्क और टोपी पहने एक व्यक्ति बस से आया। उसने कैफे के काउंटर से 'रवा इडली' खरीदी और एक जगह बैठ गया। फिर उसने टाइमर सेट किया और चला गया। विस्फोट हुआ है और करीब नौ लोग (असल में 10) लोग घायल हुए हैं। सभी खतरे से बाहर हैं। यह पूछे जाने पर कि इस विस्फोट के पीछे क्या किसी संगठन का हाथ है या क्या यह किसी एक व्यक्ति का काम है, सिद्धरमैया ने कहा कि इस बारे में अभी कुछ पता नहीं चल पाया है। उन्होंने कहा-हम अपराधी को ढूंढ़ लेंगे। अपराधी का पता लगाना आसान होगा क्योंकि उसके बस से उतरने, रेस्तरां से भोजन खरीदने, एक जगह बैठने और बैग रखते हुए के वीडियो एवं तस्वीरें हैं। हम उसे जल्द से जल्द ढूंढ़ लेंगे। वर्ष 2022 में हुए मंगलुरु कुकर विस्फोट और शुक्रवार की घटना के बीच समानता का इशारा करने वाली कुछ रिपोर्ट के बारे में पूछे जाने पर सिद्धारमैया ने कहा कि इस मामले में गंभीरता से जांच जारी है।

वहीं विपक्ष ने आरोप लगाया है कि सरकार की तुष्टीकरण की राजनीति के कारण यह घटना हुई। विपक्ष की इस आलोचना को लेकर सवाल किए जाने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) इस मुद्दे पर राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा-उनके समय में बम विस्फोट हुए थे, मंगलुरु कुकर विस्फोट हुआ था, क्या वह भी तुष्टीकरण था?'' मुख्यमंत्री ने कहा कि इस घटना का राजनीतिकरण नहीं किया जाना चाहिए। यह पूछे जाने पर कि क्या यह कोई आतंकवादी कृत्य है, मुख्यमंत्री ने कहा-जांच जारी है। जांच में जो सामने आएगा हम उसके आधार पर कार्रवाई करेंगे। कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने शनिवार को कहा कि पुलिस रामेश्वरम कैफे में हुए बम विस्फोट की गहन जांच कर रही है और सभी पहलुओं पर गौर कर रही है।

## कारोबार/कृषि

### मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 995 फ्लैग 1105 डीएमओ 875 बोल्ड 1140, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1120 बोल्ड 1150 डीएमओ 905।

### लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800 रुपये। |

# गूगल ने स्टार्टअप को प्ले स्टोर से हटाया, तलब

## आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव बोले-भारतीय एप को हटाने की नहीं दी जा सकती अनुमति

नई दिल्ली, एजेंसी



गूगल के अपने प्ले स्टोर से कुछ एप हटाने पर कड़ा रुख अपनाते हुए सरकार ने शनिवार को कहा कि भारतीय एप को हटाने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। सरकार ने इस संबंध में गूगल और संबंधित स्टार्टअप को बैठक के लिए अगले सप्ताह बुलाया है।

आईटी और दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक साक्षात्कार में कहा कि स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र भारतीय अर्थव्यवस्था की कुंजी है और उनके भाग्य का फैसला किसी बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनी पर नहीं छोड़ा जा सकता है। मंत्री की यह टिप्पणी महत्वपूर्ण है, क्योंकि गूगल ने शुक्रवार को सेवा शुल्क भुगतान पर विवाद को लेकर भारत में अपने प्ले स्टोर से एक लोकप्रिय 'मैट्रिमोनी' एप सहित कुछ ऐप को हटाना शुरू कर दिया था। इन ऐप और जानेमाने स्टार्टअप संस्थापकों ने इस पर आपत्ति जताई थी। वैष्णव ने इस मुद्दे पर गंभीर रुख अपनाते हुए कहा, ''भारत सरकार की नीति बहुत स्पष्ट है... हमारे स्टार्टअप को वह सुरक्षा मिलेगी, जिसकी उन्हें जरूरत है।'' मंत्री ने कहा कि सरकार विवाद सुलझाने के लिए अगले सप्ताह गूगल और प्ले स्टोर से हटाए गए एप के डेवलपर से मुलाकात करेगी। वैष्णव ने कहा कि मैंने पहले ही गूगल से बात की है... मैंने उन एप डेवलपर से भी बात की है, जिन्हें हटाया गया है। हम उनसे अगले हफ्ते मिलेंगे... इस तरह (ऐप को) हटाने की अनुमति नहीं दी जा सकती। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत ने 10 वर्षों में एक लाख से अधिक स्टार्टअप और 100 से अधिक यूनिकॉर्न का एक मजबूत स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र बनाया है।

### मैंने गूगल के प्रभुत्व पर चिंता जताई है: चंद्रशेखर



इस संबंध में आईटी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि वह प्रतिस्पर्धा और स्टार्टअप को दबाने वाले गूगल के प्रभुत्व के बारे में चिंताओं को जाहिर करते रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार को यह पता लगाना होगा कि क्या मौजूदा मुद्दा प्रभुत्व की स्थिति के दुरुपयोग से जुड़ा है। उन्होंने कहा-मैंने अतीत में गूगल के प्रभुत्व पर चिंता जताई है। यह भारत में 90 प्रतिशत से अधिक एप पारिस्थितिकी तंत्र को नियंत्रित करता है। हमें चिंता है कि उनका प्रभुत्व प्रतिस्पर्धा और स्टार्टअप को रोकता है। स्टार्टअप के खिलाफ इसका दुरुपयोग किया जा सकता है और सरकार की कुछ वैध चिंताएं हैं। वहीं गूगल ने कहा कि इन डेवलपर को तैयारी के लिए तीन साल से अधिक का समय दिया गया। इसमें उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद दिया गया तीन सप्ताह का समय भी शामिल है। गूगल ने कहा कि इसके बाद अब वह यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठा रही है, कि उसकी नीतियां सभी पर समान रूप से लागू हों।

## अमित शाह ने एनयूसीएफडीसी की शुरुआत की

**नई दिल्ली।** सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को राष्ट्रीय शहरी सहकारी वित्त एवं विकास निगम (एनयूसीएफडीसी) की शुरुआत की। उन्होंने साथ ही इस निकाय से प्रत्येक शहर में एक शहरी सहकारी बैंक स्थापित करने को कहा। उन्होंने यह भी कहा कि शहरी सहकारी बैंकों को एटीएम सुविधा देने, क्रेडिट/डेबिट कार्ड जारी करने, समाशोधन प्रणाली और एसएलआर (वैधानिक तरलता अनुपात) सीमा बनाए रखने के लिए खुद को उन्नत बनाना चाहिए। आरबीआई ने एनयूसीएफडीसी को गैर-बैंकिंग वित्त कंपनी और शहरी सहकारी बैंकिंग क्षेत्र के लिए एक स्व-नियामक संगठन के रूप में काम करने की मंजूरी दी है। इस मौके पर शाह ने कहा कि 20 साल बाद एनयूसीएफडीसी की स्थापना हुई है। यह वक्त की मांग है।

## रोबोटिक सर्जरी में अधिक सर्जनों को प्रशिक्षित करने की जरूरत

नई दिल्ली, एजेंसी

- सीआरएसए के अध्यक्ष बोले-यह रोगियों के लिए फायदेमंद



रोबोटिक-असिस्टेड सर्जरी (आरएएस) भारत में एक गेम-चेंजर के रूप में उभरी है, जिसने नरम टिश्यू सर्जरी करने के तरीके में क्रांति ला दी है। रोबोटिक प्रणालियों की सटीकता और निपुणता के साथ, सर्जन बेहतर परिणाम, कम जटिलताएं और रोगियों के लिए कम रिकवरी समय प्राप्त कर सकते हैं।

हालांकि हाल के दिनों में सर्जनों द्वारा ऐसी तकनीकों को अपनाने में वृद्धि हुई है, लेकिन बढ़ती ज़रूरत को पूरा करने के लिए ऐसी तकनीकी प्रगति के लिए और अधिक डॉक्टरों की जरूरत है। क्लिनिकल रोबोटिक सर्जरी एसोसिएशन (सीआरएसए) के प्रमुख रोबोटिक सर्जनों ने ऐसी उन्नत सर्जिकल तकनीकों में अधिक सर्जनों को प्रशिक्षित करने की आवश्यकता पर जोर दिया है ताकि इसे देश भर के सभी योग्य रोगियों के लिए उपलब्ध कराया जा सके।

सीआरएसए के अध्यक्ष डॉ. विवेक बिंदल, ने कहा, "आरएएस एक उन्नत तकनीक है, जो रोगियों के लिए फायदेमंद है। यह बेहतर परिणाम, न्यूनतम पहुंच लाभ और चिकित्सक सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हैं। आरएएस में अपने वर्षों के अनुभव से, मैं स्पष्ट रूप से कह सकता हूं कि आरएएस के रोगियों के लिए कई फायदे हैं।

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 73,150 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 65,150 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 48,500-48,700 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 64,750 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 64,600 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42,500 |
| चांदी (999) | 73,000 |
| चांदी तैयार | 73,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 64,600 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 63,600 |
| चांदी पक्की | 720 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 64,700 |
| चांदी आभूषण | 72,900। |

## विशेष लाइव कारोबार में सेंसेक्स निफ्टी नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद

मुंबई, एजेंसी

स्थानीय शेयर बाजारों में शनिवार को विशेष कारोबार के दूसरे और अंतिम सत्र में तेजी का सिलसिला जारी रहा और सेंसेक्स तथा निफ्टी नये रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुए। जीडीपी का आंकड़ा बेहतर रहने और विदेशी संस्थागत निवेशकों के पूंजी प्रवाह से बाजार में तेजी बनी रही।

देश के प्रमुख शेयर बाजार बीएसई और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने किसी बड़े व्यवधान से निपटने की अपनी तैयारी को परखने के लिए शनिवार को इक्विटी एवं इक्विटी वायदा एवं विकल्प खंड में विशेष कारोबारी सत्र का आयोजन किया। विशेष कारोबार के दूसरे सत्र में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 60.80 अंक या 0.08 प्रतिशत चढ़कर 73,806.15 के अपने सर्वकालिक उच्च स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 249.35 अंक या 0.33 फीसदी की बढ़त के साथ 73,994.70 के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था। इसी तरह निफ्टी 39.65 अंक या 0.18 प्रतिशत बढ़कर 22,378.40 के नए उच्च स्तर पर बंद हुआ। दिन में यह 80.8 अंक या 0.36 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,419.55 के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था।

## असम में कृषि अनुसंधान संस्थान का उद्घाटन करेंगे अर्जुन मुंडा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा सोमवार को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई), असम के उद्घाटन समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करेंगे। यह संस्थान पूर्वोत्तर क्षेत्र में कृषि अनुसंधान और शिक्षण की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण कदम होगा। यह संस्थान दिरपई चापोरी, गोगामुख और धेमाजी में सुबनसिरी नदी के किनारे बनाया गया है और 587 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला हुआ है। यहां विस्तार और शिक्षण गतिविधियों के संचालन के लिए पर्याप्त स्थान है।

# भारत ने अत्यधिक गरीबी को कर दिया खत्म

नई दिल्ली, एजेंसी

- अर्थशास्त्री ने अपने शोध के अनुसार किया खुलासा



एक प्रमुख अमेरिकी थिंक टैंक 'द ब्रुकिंग्स इंस्टीट्यूशन' के अर्थशास्त्री सुरजीत भल्ला और करण भसीन ने एक लेख में कहा कि भारत ने अत्यधिक गरीबी को खत्म कर दिया है। उन्होंने इसके लिए हाल में जारी 2022-23 के उपभोग व्यय के आंकड़ों का हवाला दिया।

दोनों प्रसिद्ध अर्थशास्त्रियों ने लेख में आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि 2011-12 के बाद से वास्तविक प्रति व्यक्ति खपत 2.9 प्रतिशत प्रति वर्ष बढ़ी है। इस दौरान ग्रामीण वृद्धि 3.1 प्रतिशत और शहरी वृद्धि 2.6 प्रतिशत रही। लेख में कहा गया कि इस दौरान शहरी और ग्रामीण असमानता में भी अभूतपूर्व गिरावट आई है। शहरी गिनी 36.7 से घटकर 31.9 हो गई, जबकि ग्रामीण गिनी 28.7 से घटकर 27.0 रह गई। गिनी सूचकांक आय वितरण की असमानता को दर्शाता है। अगर यह शून्य है तो इसका अर्थ है कि समाज में पूरी तरह समानता है। लेख में कहा गया है कि असमानता विश्लेषण के इतिहास में यह गिरावट अभूतपूर्व है। लेख में कहा गया है कि उच्च वृद्धि दर और असमानता में बड़ी गिरावट ने मिलकर भारत में गरीबी को खत्म कर दिया है। गरीबी रेखा से नीचे रहने वाली आबादी का अनुपात हेडकाउंट गरीबी अनुपात (एचसीआर) 2011-12 में 12.2 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में दो प्रतिशत रह गया। ग्रामीण गरीबी 2.5 प्रतिशत थी, जबकि शहरी गरीबी घटकर एक प्रतिशत रह गई।

# जगमग हुआ जामनगर... सितारे जमीं पर


अनंत-राधिका


मुकेश अंबानी-नीता अंबानी बेटे आकाश और बहू के साथ

**जामनगर।** उद्योगपति मुकेश अंबानी के बेटे अनंत और राधिका मर्चेंट की प्री-वेडिंग सेरेमनी के लिए जामनगर में शनिवार को मेहमानों का तांता लगा रहा। शहर मेहमानों में देश-दुनिया की राजनीति, कारोबारी, अभिनय, क्रिकेट से लेकर समाजसेवा में सक्रिय हस्तियों से जगमग रहा। समारोह में हॉलीवुड सिंगर रिहाना ने प्रस्तुति दी। नीता ने बताया कि परिवार का जामनगर से गहरा नाता रहा है। इसी कारण रीति-रिवाजों के साथ यहां प्री-वेडिंग का प्लान बनाया।


पत्नी के साथ मार्क जुकरबर्ग


क्रिकेटर डॉयने ब्रावो


पत्नी के साथ महेंद्र सिंह धोनी

# डब्ल्यूटीओ: किसान-मछुआरों के हित की रक्षा में सफल रहा भारत

अबू धाबी, एजेंसी

- बैठक संपन्न होने के बाद पीयूष गोयल बोले-भारत पूरी तरह संतुष्ट

विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की बैठक समाप्ति के बाद वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत इस बैठक से पूरी तरह संतुष्ट है। इससे हमारे किसान व मछुआरों का हित कहीं से प्रभावित नहीं होगा और हम पहले की तरह उन्हें हर प्रकार का लाभ देते रहेंगे और नीतिगत रूप से भी हमें इसमें कोई बाधा नहीं आएगी।

उन्होंने कहा कि खाद्य सुरक्षा के लिए सरकार पहले की तरह किसानों से अनाज खरीदती रहेगी और उन्हें सब्सिडी भी देती रहेगी। मछुआरों को भी पहले की तरह सरकार की तरफ से मिलने वाली तमाम सुविधाएं व सब्सिडी जारी रहेंगी। पीयूष गोयल ने



कहा कि भारत गैर व्यापारिक मुद्दों को डब्ल्यूटीओ के मंच पर चर्चा के लिए आने से रोकने में सफल रहा।

चीन विकास के लिए निवेश सहमति पत्र पर तो यूरोप औद्योगिक नीति पर एमसी13 में चर्चा करना चाहता था। 26 फरवरी से लेकर एक मार्च तक अबूधाबी में एमसी13 का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि कमोबेश हम जिस उद्देश्य के साथ अबूधाबी आए थे, उसे हमने प्राप्त कर लिया है और हम पूरी संतुष्टि के साथ वापस जा रहे है। हमारा सबसे बड़ा उद्देश्य अपने किसान व मछुआरों की रक्षा करना था।

हालांकि, डब्ल्यूटीओ के एमसी13 में पब्लिक स्टॉक होल्डिंग (पीएसएच) को लेकर स्थायी समाधान या विकसित देशों द्वारा मछुआरों को दी जाने वाली सब्सिडी में कटौती जैसे किसी भी बड़े मुद्दों पर कोई सहमति नहीं बनी सकी, लेकिन 2013 में डब्ल्यूटीओ के एमसी में सभी देशों ने पीस क्लाज पर हस्ताक्षर किए थे जिससे किसानों को दी जाने वाली सब्सिडी को कोई चुनौती नहीं दी सकती है।

### आयात पर सीमा शुल्क की छूट की अवधि में इजाफा

एमसी13 में ई-कामर्स के जरिए डिजिटल रूप में आने वाली वस्तुओं के आयात पर सीमा शुल्क की छूट की अवधि को फिर से दो साल के लिए बढ़ा दिया गया, जबकि भारत इस छूट को समाप्त करने के पक्ष में था। हालांकि, इस फैसले से डिजिटल रूप में विदेश से आने वाली किताब या फिल्म जैसे आइटम के महंगे होने की आशंका समाप्त हो गई।

### दो देश नए सदस्य बने

भारत सीमा शुल्क छूट को हटाने के पक्ष में यह दलील दे रहा था कि एक संप्रभु देश के पास यह अधिकार होना चाहिए कि वह अपने उद्योग के हित में जरूरत पड़ने पर सीमा शुल्क लगा सके। ई-कामर्स के जरिए डिजिटल उत्पादों के निर्यात में अधिकतर हिस्सेदारी विकसित देशों की है। एमसी13 में दो नए देश कोमोरोस और तिमोर-लेस्टे को डब्ल्यूटीओ की सदस्यता दी गई। इसके साथ ही डब्ल्यूटीओ के सदस्य देशों की संख्या 166 हो गई। 22 और देशों ने डब्ल्यूटीओ की सदस्यता के लिए आवेदन किया है।

### खाद्य आयात की विश्वसनीयता पर जापान-सिंगापुर का जोर

ऑस्ट्रेलिया और ब्राजील जैसे देशों के केर्न्स समूह ने दावा किया है कि सार्वजनिक भंडार व्यवस्था बाजार को नुकसान पहुंचा रही है और कोई निर्यात प्रतिबंध नहीं होना चाहिए। जापान और सिंगापुर जैसे खाद्य आयातक देश कृषि नीतियों में विश्वसनीयत पर जोर दे रहे हैं। भारत और दक्षिण अफ्रीका ने निवेश सुविधा पर चीन के नेतृत्व वाले एक प्रस्ताव को भी खारिज किया। दोनों देशों ने कहा कि यह एजेंडा डब्ल्यूटीओ को मिली जिम्मेदारी से बाहर है।

## एक नजर

### भारतवंशी हेली ने प्रचार अभियान में 1.2 करोड़ डॉलर चंदा जुटाया

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति पद के चुनाव में रिपब्लिकन उम्मीदवार बनने की दावेदार भारतवंशी निक्की हेली के प्रचार अभियान दल ने फरवरी में 1.2 करोड़ डॉलर का चंदा जुटाए जाने की घोषणा की है। रिपब्लिकन उम्मीदवार बनने की दौड़ में हेली को पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से कड़ी टक्कर मिल रही है और वह अभी तक एक भी प्राइमरी चुनाव नहीं जीत पाई हैं लेकिन हेली का कहना है कि वह तीसरी पार्टी के उम्मीदवार या निर्दलीय के तौर पर चुनाव में उतरने के बारे में नहीं सोच रहीं और वह पूरी तरह से रिपब्लिकन नेता हैं।

### बलूचिस्तान को मिला नया सीएम सरफराज का हुआ निर्विरोध चयन

**कराची।** पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के उम्मीदवार सरफराज बुगती को शनिवार को अशांत बलूचिस्तान प्रांत का निर्विरोध नया मुख्यमंत्री चुना गया है। दरअसल, बुगती ने 8 फरवरी के आम चुनावों में पीपीपी टिकट पर प्रांतीय विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए अंतरिम सरकार में कार्यवाहक संघीय आंतरिक मंत्री से इस्तीफा दे दिया था। वरिष्ठ राजनेता को पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज का भी समर्थन मिला था, जब वह शुक्रवार को विधानसभा सचिव ताहिर शाह के साथ अपना नामांकन पत्र जमा करने पहुंचे थे।

### गाजा में अब तक 30 हजार से अधिक लोगों की गई जान

**गाजा।** हमास ने शनिवार को कहा कि गाजा में मृतकों की संख्या बढ़कर 30 हजार के पार हो गई है। मंत्रालय के बयान के अनुसार, पिछले 24 घंटों के दौरान, इजरायली सेना ने 92 फिलिस्तीनियों को मौत के घाट उतार दिया, जबकि 156 अन्य घायल हुए हैं। मंत्रालय ने बताया कि इनमें से 15 की मौत दीर अल-बलाह शहर के अल-अक्सा अस्पताल में हुई हैं। इजराइल ने हवाई हमले से दो घरों को निशाना बनाया। सूत्रों ने बताया कि गाजा शहर में अल-जायतून, ताल अल-हवा, अल-सबरा और अल-दराज के पड़ोस पर हवाई हमलों में दस लोग मारे गए।

### ईरान के संसदीय चुनाव में कट्टरपंथियों ने बनाई बढ़त

**दुबई।** ईरान में संसदीय चुनाव संपन्न होने के एक दिन बाद राजधानी तेहरान में जारी शुरुआती मतगणना में कट्टरपंथियों ने बढ़त बना ली है। सरकारी मीडिया ने शनिवार को कहा कि तेहरान में 5,000 मतपत्रों में से 1,960 की अब तक गिनती हुई है। इसने प्रति घंटे अद्यतन की जा रही गृह मंत्रालय की रिपोर्ट के आधार पर यह जानकारी दी। अधिकारियों ने अब तक कुल मतदान प्रतिशत जारी नहीं किया है। हालांकि, इरना ने अनाधिकारिक रिपोर्ट के आधार पर इसे 41 प्रतिशत बताया है। कट्टरपंथियों का पिछले दो दशकों से संसद में वर्चस्व रहा है।

# चुनाव धांधली: दूसरा देश पाकिस्तान को जांच के लिए हुक्म नहीं दे सकता

## विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता जहरा ने अमेरिका के निर्देश को मानने से किया इनकार

इस्लामाबाद, एजेंसी



पाकिस्तान ने चुनाव में धांधली की जांच करने के अमेरिका के निर्देश को खारिज कर दिया है। कहा कि, पाकिस्ताान बाहरी आदेशों के आगे नहीं झुकेगा। दरअसल अमेरिका ने अपने एक बयान में कहा था कि पाकिस्तान के आम चुनाव में हुई कथित धांधली की पूरी निष्पक्षता और पार्दर्शिता के साथ जांच होनी चाहिए।

अब पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर अमेरिका के निर्देश को मानने से साफ इनकार कर दिया है और कहा है कि 'कोई भी देश, पाकिस्तान को हुक्म नहीं दे सकता है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलोच ने शुक्रवार को मीडिया से बात करते हुए कहा कि पाकिस्तान एक स्वतंत्र और संप्रभु राष्ट्र है।' मुमताज जहरा बलोच ने कहा कि 'पाकिस्तान के आंतरिक मामलों में फैसले करने का अधिकार हमारा है।' दरअसल पाकिस्तान में बीती 8 फरवरी को हुए आम चुनाव में धांधली के आरोप लग रहे हैं। इमरान खान की पार्टी चुनाव में कथित धांधली के गंभीर आरोप लगा रही है। बता दें, अमेरिका के प्रभावशाली सांसदों के एक समूह ने बुधवार को राष्ट्रपति जो बाइडन और विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन को पत्र लिखा। पत्र में सांसदों ने उनसे आग्रह किया कि वह पाकिस्तान की नई सरकार को तब तक मान्यता न दें, जब तक चुनाव में धांधली की विश्वसनीय और पारदर्शी तरीके से जांच न हो। अमेरिका के इस बयान पर पाकिस्तान के विदेश विभाग ने कड़ी नाराजगी जताते हुए प्रतिक्रिया दी। इमरान खान की पार्टी पीटीआई चुनाव में धांधली के आरोप लगा रही है। हालांकि पाकिस्तान के चुनाव आयोग और कार्यवाहक सरकार ने पीटीआई के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है और कहा है कि जिस भी पार्टी को चुनाव नतीजों पर शंका है, उनके लिए कानूनी कार्यवाही का विकल्प खुला है।

### इमरान को कोर्ट ने हिंसा से जुड़े 4 मामलों में दी अंतरिम जमानत



पाकिस्तान की एक अदालत ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को नौ मई की हिंसा से जुड़े चार मामलों में अंतरिम जमानत दी है। स्थानीय मीडिया ने शनिवार को यह जानकारी दी। इमरान खान अभी कई मामलों में पंजाब प्रांत के रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद हैं। पिछले साल नौ मई को इमरान की गिरफ्तारी के बाद पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के समर्थकों ने एक दर्जन से ज्यादा सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया था। इनमें रावलपिंडी में सेना मुख्यालय, फैसलाबाद में इंटर सर्विसेज इंटेलीजेंस (आईएसआई) की इमारत, मियांवाली एयरबेस, जिन्ना हाउस (लाहौर कोर कमांडर हाउस) शामिल हैं। पीटीआई संस्थापक की जमानत याचिकाओं पर शुक्रवार को आतंकवाद रोधी अदालत (एटीसी) के न्यायाधीश अरशद जावेद ने सुनवाई की। द इंटरनेशनल के मुताबिक उन्होंने नौ मई की हिंसा से जुड़े चार मामलों में इमरान को अंतरिम जमानत दे दी।

## अमेरिका में भारतीय डांसर की गोली मारकर हत्या, जांच की मांग



**न्यूयॉर्क/सूरी।** कोलकाता के भरतनाट्यम और कुचुपुड़ी नर्तक अमरनाथ घोष की अमेरिका में गोली मारकर हत्या कर दी गई है। 'साथ निभाना साथिया' में गोपी बहू का किरदार निभाने वाली मशहूर अभिनेत्री देवोलीना भट्टाचार्जी ने इसकी जानकारी एक्स पर दी और विदेश मंत्री जयशंकर और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इस मामले की जांच की मांग की है।

भारत के महावाणिज्य दूतावास ने अमरनाथ घोष की हत्या पर शोक जताते हुए एक्स पर लिखा 'मिसौरी के सेंट लुइस में मृतक अमरनाथ घोष के परिवार और दोस्तों के प्रति गहरी संवेदना। हम फोरेंसिक, पुलिस के साथ जांच कर रहे हैं और सहायता प्रदान करने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। भट्टाचार्जी के कहा, 27 फरवर की शाम को घोष टहलने निकले थे, तभी एक अज्ञात हमलावरों ने उनकी गोलीमार कर हत्या कर दी। बता दें कि घोष वाशिंगटन विवि से नृत्य में मास्टर ऑफ फाइन आर्ट्स (एमएफए) की पढ़ाई कर रहे थे।


शनिवार को गुवाहाटी में फेरी टर्मिनल का शिलान्यास करते सीएम हिमंत बिस्वा सरमा।

# सीएए का विरोध करने वाले शीर्ष कोर्ट जाएं: सीएम हिमंत

गुवाहाटी, एजेंसी

- बोले- असम में शांति भंग करना ठीक नहीं

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने कहा कि इस कानून का विरोध करने वालों को शीर्ष अदालत में जाना चाहिए। मुख्यमंत्री सरमा ने कहा, एक वर्ग सीएए का समर्थन कर रहा है। उनमें एक मैं भी हूं। लेकिन उसी समय असम में कई लोग इसका विरोध भी कर रहे हैं।

हमें दोनों के नजरिए को देखना होगा। हमें सीएए का समर्थन या विरोध करने पर किसी की आलोचना नहीं करनी चाहिए। जो सीएए का विरोध कर रहे हैं, उन्हें असम में शांति भंग करने के बजाए सर्वोच्च न्यायालय में जाना चाहिए। नागरिकता संशोधन विधेयक 11 दिसंबर, 2019 को संसद द्वारा पारित किया गया था। एक दिन बाद ही इस विधेयक को राष्ट्रपति की मंजूरी मिल गई थी। सीएए के जरिए पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आए हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई समुदायों के अल्पसंख्यकों को भारतीय नागरिकता पाने में आसानी होगी। बशर्ते ऐसे अल्पसंख्यक 31 दिसंबर, 2014 को या उससे पहले भारत में प्रवेश कर चुके हों। इससे पहले भारतीय नागरिकता हासिल करने के लिए किसी भी व्यक्ति का कम से कम 11 साल तक भारत में रहना जरूरी था। नागरिकता संशोधन अधिनियम 2019 के तहत इस नियम को आसान बनाया गया है।

# मणिपुर: हिंसा में विस्थापित लोग भी कर सकेंगे मतदान

इंफाल, एजेंसी

- राहत शिविरों में बनेगा विशेष केंद्र, चुनाव आयोग ने जारी किए दिशा-निर्देश

मणिपुर में जातीय हिंसा में विस्थापित हुए लोगों को आगामी लोकसभा चुनाव में वोट डालने में सक्षम बनाने के लिए राहत शिविरों में मतदान केंद्र बनाया जाएगा। चुनाव आयोग ने इसे लेकर दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी है।

चुनाव आयुक्त द्वारा जारी बयान में बताया गया, पिछले साल तीन मई से जारी जातीय हिंसा के दौरान राज्य के कई हिस्से से बड़ी संख्या में मतदाता अपने मूल स्थान से विस्थापित हो गए। वर्तमान में वे राहत शिविरों में रह रहे हैं। विस्थापित मतदाता अभी भी उन स्थानों पर नामांकित है, जहां वे हिंसा से पहले रह रहे थे। चुनाव आयोग ने केंद्र और राज्य सरकारों के साथ चर्चा करने के बाद निर्णय लिया गया कि हिंसा के दौरान विस्थापित हुए लोगों को राज्य में संबंधित विधानसभा और लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची में शामिल किया जाना जारी रहेगा। बयान में बताया गया कि इन विशेष मतदान केंद्रों पर मतदान प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र के लिए अलग-अलग ईवीएम का उपयोग करके आयोजित किया जाएगा। विशेष केंद्रों में वोट की गिनती सहायक रिटर्निंग अधिकारी द्वारा की जाएगी। मणिपुर में पिछले साल तीन मई से जारी हिंसा के कारण करीबन 50 हजार लोग अपने घरों से विस्थापित हो गए थे।

### लाहौल स्पीति फिर बंद...



**शिमला :** हिमाचल प्रदेश में शनिवार को चेतावनी के बीच ऊंचे क्षेत्रों में भारी बारिश व बर्फबारी बर्फबारी हुई। अटल टनल, रोहतांग, केलांग, जिस्पा, दारचा, कोकसर और लाहौल घाटी में दो इंच तक ताजा हिमपात हो चुका है। इससे अटल टनल के लिए वाहनों की आवाजाही रोक दी गई है। लाहौल स्पीति में सबसे ज्यादा सड़कें बंद है। मौसम विभाग ने शनिवार को चंबा, लाहौल स्पीति, कुल्लू शिमला और किन्नौर में भारी बर्फबारी का रेड अलर्ट जारी किया गया है। • एजेंसी

# अमेरिका से जंगी ड्रोन मिलने का रास्ता साफ, अंतिम मुहर आज

वाशिंगटन, एजेंसी

- दो मार्च को डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन पार्टी से कोई आपत्ति नहीं कराई गई दर्ज

अमेरिका से भारत को जंगी ड्रोन मिलने का रास्ता साफ हो गया है। अमेरिकी कांग्रेस में 31 एमक्यू-9 बी सी-गार्डियन ड्रोन भारत को देने पर डेमोक्रेटिक व रिपब्लिकन पार्टी से कोई आपत्ति दर्ज नहीं कराई गई है।

मीडिया के अनुसार, दो मार्च तक सांसदों को आपत्ति देनी थी, लेकिन सांसदों से संबंध मामले में कोई आपत्ति दर्ज नहीं कराई गई। अब कांग्रेस से तीन मार्च को अंतिम मुहर लगने के बाद कोई संवैधानिक बाधा नहीं आएगी। गौरतलब है कि, ये सशस्त्र ड्रोन खुफिया जानकारी जुटाने, वायु-समुद्री युद्ध में काम आएंगे। ड्रोन पैकेज की लागत 33,069 लाख करोड़ रुपये है।



### एयर ट्रेनिंग मिसाइल से लैस होगा ड्रोन

ये ड्रोन 161 एम्बेडेड ग्लोबल पोजिशनिंग और इनर्शियल नेविगेशन सिस्टम के साथ आएंगे। इसके अलावा 35 एलउ रियो ग्रांडे कम्युनिकेशंस इंटेलिजेंस सेंसर सूट, 170 एजीएम-114आर हेलफायर मिसाइलें, 16 एम36ई9 हेलफायर कैप्टिव एयर ट्रेनिंग मिसाइल से लैस होगी।

## अमेरिका ने एक बार फिर हूती विद्रोहियों की मिसाइल की तबाह

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने एक बार फिर हूती विद्रोहियों के हमले को नाकाम किया है और सतह से हवा में मार करने वाली एक मिसाइल को तबाह कर दिया। अमेरिकी सेना के यूएस सेंट्रल कमांड ने बयान जारी कर बताया कि 1 मार्च को खुद के बचाव में की गई कार्रवाई में ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों की मिसाइल को निशाना बनाया गया।

अमेरिकी सेना ने कहा कि हूती विद्रोहियों ने यमन में अपने प्रभाव वाले इलाके लाल सागर में अमेरिकी एयरक्राफ्ट को निशाना बनाने के लिए सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल तैनात की हुई थी। इस खतरे को भांपते हुए अमेरिकी सेना की यूएस सेंट्रल कमांड ने इस मिसाइल को निशाना बनाकर तबाह किया।

# इस्लामी अतिवादी फैला रहे चरमपंथी जहर: ऋषि सुनक

लंदन, एजेंसी

- लोकतंत्र की रक्षा के लिए सुनक की भावुक अपील, बोले-विभाजनकारी ताकतों से मिलकर सामना करेंगे

ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक लोकतंत्र की रक्षा के लिए एक भावुक अपील की है। उन्होंने बताया कि चरमपंथी ताकतें देश को तोड़ने और बहु-धार्मिक पहचान को कमजोर करने के लिए तैयार है। अपनी हिंदू मान्यताओं का हवाला देते हुए पीएम सुनक ने कहा कि ब्रिटेन का स्थाई मूल्य सभी धर्मों और जातियों के प्रवासियों का स्वागत करता है।

सुनक ने कहा, जो आप्रवासी यहां आए हैं उन्होंने संपूर्ण रूप से अपना योगदान दिया है। उन्होंने हमारे देश की कहानी में एक नया अध्याय लिखने में मदद की है। उन्होंने ऐसा अपनी पहचान छोड़े बिना किया है। ब्रिटिश पीएम ने आगे कहा, आप मेरी तरह एक हिंदू और ब्रिटिश नागरिक हो सकते हैं, या एक धर्मनिष्ठ मुसलमान और एक देशभक्त नागरिक हो सकते हैं। ऐसे बहुत से लोग हैं। या एक



समर्पित यहूदी और अपने स्थानीय समुदाय की जान हो सकते हैं तथा ये सभी हमारे स्थापित ईसाई गिरजाघर की सहिष्णुता पर आधारित है। ब्रिटिश पीएम ने कहा, मुझे डर है कि दुनिया में सबसे सफल बहु-जातीय, बहु-आस्था वाले लोकतंत्र के निर्माण में हमारे प्रयास को कमजोर किया जा रहा है। कुछ ऐसी ताकतें हैं जो हमें तोड़ने की कोशिश कर रही हैं। ब्रिटेन के सांसदों के लिए बढ़ती सुरक्षा चिंताओं को लेकर ब्रिटेन में निकाले गए मार्च के दौरान हिंसा के बाद प्रधानमंत्री ने यह टिप्पणी की है।

**विज्ञान** कार्नेगी साइंस में स्कॉट शेपर्ड ने की खोज, तीनों हमारे बाहरी सौर मंडल के दो ग्रहों की करे रहे हैं परिक्रमा

# यूरेनस और नेपच्यून के तीन नए चंद्रमाओं की खोज

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** खगोलविदों ने यूरेनस और नेपच्यून के तीन नए चंद्रमाओं की खोज की है। इस खोज के बाद यूरेनस के 28 और नेपच्यून के चंद्रमा की संख्या 16 हो गई है। यह खोज जमीन आधारित दूरबीनों से हुई है। पिट्सबर्ग, पेंसिल्वेनिया स्थित कार्नेगी साइंस ने खोजे गए नए चंद्रमाओं की जानकारी दी है।

इन चंद्रमाओं में यूरेनस का एक और नेप्च्यून के दो उपग्रह शामिल हैं। ये तीनों चंद्रमा हमारे बाहरी सौर मंडल के दो विशाल ग्रहों की परिक्रमा कर रहे हैं। खोजकर्ता कार्नेगी साइंस में स्कॉट शेपर्ड के अनुसार खगोलविदों ने यूरेनस और नेप्च्यून के आसपास के क्षेत्र के 5 मिनट के दर्जनों


यूरेनस व नेप्च्यून के नए चंद्रमाओं की तस्वीर।

एक्सपोजर लिए। जिसमें उन्हें कुछ अंधेरी रातों में करीब चार घंटे का समय लगा। यूरेनस के नए चंद्रमा का अस्थायी नाम एस/2023 यू1 रखा गया है।

इसका वास्तविक आकार लगभग 8 किमी है, जो खोज की इस उपलब्धि की महत्ता का संकेत देता है। क्योंकि यूरेनस पृथ्वी से लगभग 2 अरब मील की दूरी पर स्थित है। इस चंद्रमा को यूरेनस की एक परिक्रमा करने में लगभग 680 दिन लगते हैं।

चिली में कार्नेगी साइंस के लास कैम्पानास वेधशाला में मैगलन टेलीस्कोप का उपयोग करके इस नए यूरेनस के चंद्रमा का पता लगाया। खोजकर्ता वैज्ञानिक शेपर्ड ने नेप्च्यून के चंद्रमाओं का पता लगाने के लिए मैगलन टेलीस्कोप का उपयोग किया। जिसमें एक का नाम एस/2002 एन 5 रखा है।

यह लगभग 14 मील चौड़ा है और नौ वर्ष में नेपच्यून की परिक्रमा करता है। नेप्च्यून के दूसरे नए चंद्रमा का नाम एस /2021 एन1 रखा गया है। यह नौ मील चौड़ा है और हर 27 साल में नेपच्यून की परिक्रमा करता है।

### चंद्रमाओं को गुरुत्वाकर्षण शक्ति खींच लाई

वैज्ञानिकों का कहना है कि उनकी कक्षाएँ इस बात का संकेत हैं कि ये छोटे चंद्रमा यूरेनस और नेपच्यून के साथ पैदा नहीं हुए थे। बल्कि युरेनस व नेप्च्यून की गुरुत्वाकर्षण शक्ति इन्हें अपनी ओर खींच लाई। तीनों चंद्रमाओं की झुकी हुई कक्षा इसका ठोस सबूत है।

# अमेरिका: दो साल में हिन्दी भाषा पढ़ाने वाले स्कूल दस गुना बढ़े

वाशिंगटन, एजेंसी

- हिन्दी को बढ़ावा देने वाली संस्था आईएपीएच ने कहा- 12 विवि में हिन्दी के अलग विभाग बने

अमेरिका में हिन्दी का दबदबा बढ़ रहा है। पिछले दो साल के दौरान अमेरिका में अंतर्राष्ट्रीय भाषा के तौर पर हिन्दी विषय पढ़ाने वाले स्कूलों की संख्या दस गुना बढ़ गई है। अब 90 स्कूलों में हिन्दी के कोर्स चल रहे हैं। वहीं हिन्दी के छात्रों की संख्या भी बढ़कर 14 हजार हो गई है।

बता दें, मशहूर सिलिकॉन वैली के सरकारी स्कूलों में अगस्त से हिन्दी वैश्विक भाषा कोर्स शुरू होगा। पहली बार हिन्दी को वैश्विक भाषा का दर्जा दिया गया है। अमेरिका में हिन्दी को बढ़ावा देने वाली संस्था आईएपीएच के अनुसार डलास और ह्यूस्टन समेत डेढ़ दर्जन शहरों के स्कूलों में अगले सत्र से हिन्दी के विषय शुरू होंगे। हार्वर्ड, येल, प्रिंस्टन जैसे 12 प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में हिन्दी का अलग विभाग संचालित किया जा रहा है। दो साल पहले तक अमेरिका के 6 विश्वविद्यालयों में ही हिन्दी का विभाग संचालित होता था। कोलंबिया विश्वविद्यालय के प्रोफेसर ने बताया है कि अमेरिका में भारतीयों की दूसरी और तीसरी पीढ़ी में हिन्दी के प्रति लगाव का बड़ा कारण हिन्दी को भाषा के रूप में पढ़ने के बाद मिलने वाले भविष्य में बहुत सारे विकल्प खुलेंगे।

कुछ भारतीय कंपनियां हिन्दी अधिकारियों की नियुक्ति करती हैं। विद्यालयों और विश्वविद्यालयों में हिन्दी के शिक्षकों की मांग बढ़ रही है। अमेरिका की पहली हिन्दी पाठ्य पुस्तक 'नमस्ते जी' के लेखक अरुण प्रकाश का कहना है कि स्कूलों में हिन्दी शिक्षकों को प्रति सप्ताह 40 हजार रुपए मिलते हैं। ऐसे में शिक्षकों का रुझान बढ़ रहा है।